ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी 08:35 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
सोमवार, 2 जून 2025
वर्ष 6, अंक 192, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री बनेंगे शुभांशु 14
ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं ममता 12

## जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- **मई माह में पिछले साल से 16.4 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी**
- **अप्रैल में पहुंचा था 2.37 लाख करोड़ के सर्वकालिक स्तर पर**

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 16.4 प्रतिशत बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इससे पहले, अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के अपने अबतक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

मई में घरेलू लेनदेन से कुल जीएसटी राजस्व 13.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.2 प्रतिशत बढ़कर 51,266 करोड़ रुपये रहा। मई में कुल केंद्रीय जीएसटी राजस्व 35,434 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,902 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी संग्रह लगभग 1.09 लाख करोड़ रुपये रहा। उपकर से राजस्व 12,879 करोड़ रुपये रहा। मई, 2024 में जीएसटी संग्रह 1,72,739 करोड़ रुपये रहा था। इस बीच, महीने के दौरान कुल रिफंड चार प्रतिशत घटकर 27,210 करोड़ रुपये रह गया। माह के दौरान शुद्ध जीएसटी संग्रह 20.4 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ लगभग 1.74 लाख करोड़ रुपये रहा। डेलॉयट इंडिया के साझेदार एमएस मणि ने कहा कि राज्यों में जीएसटी संग्रह में वृद्धि में व्यापक आधार पर अंतर देखा जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक राज्य में ऐसे क्षेत्रों का गहन विश्लेषण करने की जरूरत है, जो उसके लिए महत्वपूर्ण हैं। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों ने संग्रह में 17 प्रतिशत से 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जबकि गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों ने छह प्रतिशत तक की वृद्धि दिखाई है।

## सेना में वर्दी से बड़ा नहीं धर्म...बर्खास्त अफसर को राहत नहीं

### धार्मिक आधार पर परेड में भाग लेने से इन्कार करने वाले ईसाई सैन्य अधिकारी ने दायर की थी याचिका

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- **कोर्ट ने खारिज की याचिका कहा- सेना में धर्म से पहले राष्ट्र**
- **सभी धर्मों का सम्मान सेना के समन्वित काम के लिए जरूरी**

दिल्ली हाईकोर्ट ने साप्ताहिक रेजिमेंटल धार्मिक परेड में भाग लेने से लगातार इन्कार करने पर एक ईसाई सैन्य अधिकारी की सेवा समाप्त किए जाने के आदेश को बरकरार रखा।

हाईकोर्ट ने यह कहते हुए सैन्य अधिकारी की याचिका खारिज कर दी कि सशस्त्र बल धार्मिक रूप से विभाजित होने के बजाय अपनी वर्दी के आधार पर एकजुट होते हैं लेकिन याचिकाकर्ता ने अपने धर्म को अपने वरिष्ठ अधिकारी के आदेश से ऊपर रखा जबकि अवज्ञा करना सेना अधिनियम के तहत अपराध है।

न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की पीठ ने यह फैसला सुनाया। भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट ने अपनी याचिका में तीन मार्च, 2021 के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसके तहत उन्हें पेंशन और ग्रेच्युटी के बिना भारतीय सेना से बर्खास्त कर दिया गया था। याचिका दायर करने वाले लेफ्टिनेंट ने एक स्क्वाड्रन के 'ट्रूप लीडर' के रूप में काम किया था। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि इस मामले में सवाल धार्मिक स्वतंत्रता का नहीं है, बल्कि अपने वरिष्ठ के वैध आदेश का पालन करने का है। याचिकाकर्ता ने अपने वरिष्ठ के आदेश से ऊपर अपने धर्म को रखा है। यह स्पष्ट रूप से अनुशासनहीनता का कृत्य है।

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में प्रतिकूल परिस्थितियों में दिन-रात सीमाओं की रक्षा करने वालों के समर्पण को सलाम करते हुए कहा कि दिखने में एकरूपता तथा सभी धर्मों के प्रति सम्मान, सशस्त्र बल के सुसंगठित, अनुशासित तथा समन्वित कामकाज के लिए आवश्यक है। सशस्त्र बल धर्म से पहले राष्ट्र को रखते हैं।

### पादरी के समझाने पर भी नहीं माना

याचिकाकर्ता लेफ्टिनेंट ने दलील दी कि उनकी रेजिमेंट अपनी धार्मिक जरूरतों और परेड के लिए सिर्फ एक मंदिर और एक गुरुद्वारा रखे हुए है। उसने खुद को ईसाई धर्म का अनुयायी बताते हुए साप्ताहिक धार्मिक परेड और अन्य कार्यक्रमों के दौरान मंदिर के सबसे भीतरी भाग में जाने से छूट मांगी थी। सेना के अफसरों ने अदालत को बताया कि ईसाई अधिकारियों ने लेफ्टिनेंट को समझाने के प्रयास किए, उसे एक स्थानीय चर्च के पादरी के पास भी ले जाया गया, जिन्होंने उसे समझाया कि अपने कर्तव्य के तौर पर सर्व धर्म स्थल में प्रवेश करना उसके ईसाई धर्म पर कोई असर नहीं डालेगा लेकिन इसके बावजूद वह अपने रुख पर अडिग रहा।

## एक नजर

### वाणिज्यिक सिलेंडर 24 रुपये सस्ता हुआ




**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तीन प्रतिशत की कटौती की गई है, जबकि होटल और रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम 24 रुपये घटाए गए हैं। रविवार को एटीएफ और वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में कटौती की घोषणा की गई है। यह लगातार तीसरा महीना है जबकि विमान ईंधन के दाम घटे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेंचमार्क कच्चे तेल और गैस कीमतों में कमी के बाद घरेलू बाजार में कीमतें घटाई गई हैं। दिल्ली में एटीएफ की कीमत 83,072.55 रुपये प्रति किलोलीटर रह गई है।

### सरिस्का टाइगर रिजर्व में जन्मे चार बाघ शावक

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के सरिस्का बाघ अभयारण्य में एक बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया है। वन विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इससे सरिस्का प्रशासन, वन्य जीव प्रेमियों और वन विभाग के अधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इनके साथ ही बाघों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है। वहीं सरिस्का में शावकों की संख्या भी बढ़ गई है। एसटी 19, सरिस्का की तीसरी ऐसी बाघिन बन गई है जिसने चार शावकों को जन्म दिया है।

# भारत पर जो हाथ डालेगा उसे कर देंगे पूरी तरह नष्ट : धनखड़

### उपराष्ट्रपति बोले-ऑपरेशन सिंदूर से सेना ने दुनिया को दिया यह संदेश

- **आगरा में अहिल्याबाई स्मृति अभियान की संगोष्ठी में मुख्यमंत्री योगी के साथ हुए शामिल**

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ/आगरा**



लोगों का अभिवादन करते उपराष्ट्रपति धनखड़ और सीएम योगी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत आतंकवाद को समाप्त करेगा, जो हम पर हाथ डालेगा, उसे पूरी तरह नष्ट करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर से यह संदेश भारतीय सेना ने दुनिया को दे दिया है। उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को याद करते हुए आह्वान किया कि उनकी तरह हमलोग भी कर्तव्य को धर्म मानेंगे और अधिकारों को सेवा के माध्यम से आगे बढ़ाएंगे।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को आगरा के जीआईसी ग्राउंड, पचकुइयां में आयोजित महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में उन्होंने कहा कि लोकमाता कठिन समय में भारत की महान परंपरा की प्रतिनिधि थीं, जहां धर्म-संस्कृति व शासन एक ही धारा में प्रवाहित होते हैं। सोमनाथ गुजरात, काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वरम, गोकर्ण समेत न जाने कितने मंदिर उनके हाथ से संजीवित हुए। कार्यक्रम में संयोजक केंद्रीय मंत्री व आगरा के सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, उप राष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति प्रो. रामशंकरराव शिंदे आदि मौजूद रहे।

### अहिल्याबाई की तरह योगी भी कर रहे कार्य

धनखड़ ने कहा कि जो कार्य लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने किया, वही योगी आदित्यनाथ ने किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की काया पलट दी। काशी विश्वनाथ, अयोध्या के बाद मथुरा में भी कार्य होगा। आने वाली पीढ़ियां योगी आदित्यनाथ के कार्य को उसी तरह स्मरण करेंगी, जैसे आज हम लोकमाता को याद रखते हैं। विधि की रचना की तरह अहिल्याबाई की सोच योगी आदित्यनाथ में भी आ गई है। आज यूपी का मतलब सुशासन व कानून का राज है।

### अहिल्याबाई ने कराया मंदिरों का पुनरुद्धार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुगल कालखंड में जब विदेशी आक्रांताओं ने भारत की अस्मिता और आस्था के प्रतीकों, खासकर मंदिरों को नष्ट और भ्रष्ट किया, तब अहिल्याबाई ने इनके पुनरुद्धार का कार्य किया। कहा कि जब समाज अपने राष्ट्रनायकों और नायिकाओं से प्रेरणा लेता है, तो कोई भी ताकत उसके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। लोकमाता अहिल्याबाई का विराट व्यक्तित्व इसका जीवंत उदाहरण है। अहिल्याबाई होल्कर के कार्यों से प्रेरित होकर डबल इंजन की सरकार तमाम योजनाएं सांचालित कर रही है। मुख्यमंत्री ने बदलावों का भी जिक्र करते हुए कहा कि पहले कुछ लोग माफिया को पालते थे, जो कानून व्यवस्था के लिए संकट पैदा करते थे।

## डीसीएम और पिकअप की टक्कर में 5 लोगों की मौत

- **सात अन्य लोग हुए घायल पिकअप के उड़ गए परखचे**

**रामनगर (चित्रकूट)।** झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर रविवार दोपहर भीषण सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां तीन की हालत गंभीर बताई गई है। मरने वालों में ज्यादातर बैंड बाजा कंपनी के कर्मचारी थे, जो पिकअप से एक बारात में जा रहे थे।

कर्वी से प्रयागराज की ओर जा रही डीसीएम रविवार दोपहर लगभग 12 बजे रामनगर ब्लाक की ग्राम पंचायत बांधी के आगे भखरवार मोड़ के पास सामने से आ रही पिकअप से भिड़ गई। इससे दोनों वाहन आपस में फंस गए। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि पिकअप के परखचे उड़ गए। इसमें बैठे लोग खून से लथपथ होकर फंस गए। डीसीएम भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई। मौके पर पहुंची रैपुरा पुलिस ने दोनों वाहनों में फंसे 13 लोगों को निकालकर अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया वहीं एक अन्य की इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य घायलों में से तीन को जिला अस्पताल से प्रयागराज रिफर कर दिया गया। रास्ते में एक और घायल ने दम तोड़ दिया। इस तरह कुल पांच लोगों की मौत हो गई।

# अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**



- **नफरती भाषण मामले में कोर्ट ने दी है दो साल की सजा**
- **विधानसभा से मऊ सदर सीट रिक्त होने की अधिसूचना जारी**

**अमृत विचार :** नफरती भाषण मामले में सजा की घोषणा के बाद मऊ विधानसभा क्षेत्र (356) से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता खत्म हो गई है। अब्बास की विधानसभा सदस्यता लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 8 के तहत स्वतः समाप्त हो गई है। कोर्ट के आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने पर उप्र. विधानसभा सचिवालय ने मऊ सदर सीट के रिक्त होने की अधिसूचना जारी कर दी है। इसी आधार पर अब उस सीट पर उपचुनाव होगा।

इस संबंध में राज्य विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने रविवार को ही अधिसूचना जारी कर दी। चुनाव आयोग को भी अधिसूचना की प्रति भेज दी गई है। मऊ विधायक अब्बास अंसारी की सदस्यता खत्म होने के बाद उनकी रिक्त घोषित सीट के लिए चुनाव आयोग उपचुनाव के लिए कार्यक्रम जारी करेगा। ऐसे में इस विधानसभा सीट के उपचुनाव पर सभी दलों की नजरें होंगी। अब्बास अंसारी सुभासपा के टिकट पर वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव जीते थे। तब सुभासपा व सपा का चुनावी गठजोड़ था। सीट वितरण समझौते में सपा के अब्बास अंसारी को सुभासपा ने अपने टिकट पर चुनाव लड़ा दिया था। बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी सुभासपा के टिकट पर चुनाव जीत गए और उसके बाद नफरती भाषण दिया था, जिसके तहत मऊ की एमपी व एमएलए कोर्ट ने शनिवार को उन्हें दो साल की सजा सुनाई। दरअसल, अब्बास अंसारी की सदस्यता जाने से पहले भी वर्तमान 18वीं विधानसभा में पांच सदस्यों की विधायकी जा चुकी है। इनमें इरफान सोलंकी, आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां, राम दुलार, विक्रम सैनी शामिल हैं। यह सभी अलग-अलग दलों से वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव जीते थे। इन सभी को अलग-अलग मामलों में अदालत ने दो साल या उससे ज्यादा की सजा सुनाई और इसी कारण इन्हें अपनी सदस्यता गंवानी पड़ी।

## रिश्वत लेने में आईआरएस अधिकारी गिरफ्तार

- **आयकर नोटिस का निपटारा करने के लिए मांगे थे 45 लाख रुपये**
- **सीबीआई ने दिल्ली से दबोचा, 13 तक न्यायिक हिरासत में भेजे गए**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सीबीआई ने 25 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यहां करदाता सेवा निदेशालय में तैनात अतिरिक्त महानिदेशक अमित कुमार सिंघल ने 'ला पिनोज पिज्जा' के मालिक सनम कपूर को जारी आयकर नोटिस का निपटारा करने के लिए 45 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

उन्होंने बताया कि 25 लाख रुपये की पहली किस्त शनिवार को पंजाब के मोहाली में सिंघल के आवास पर पहुंचाई गई, जहां हर्ष कोटक नामक एक व्यवसायी ने अधिकारी की ओर से पैसे प्राप्त किए। कपूर की शिकायत पर सीबीआई की एक टीम ने परिसर में छापा मारा और कोटक को गिरफ्तार कर लिया। केंद्रीय एजेंसी की एक अन्य टीम ने 2007 बैच के आईआरएस अधिकारी सिंघल को उसी दिन दिल्ली में स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। कपूर के वकील गगनदीप जम्मू के अनुसार, दोनों को चंडीगढ़ में विशेष मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जिन्होंने उन्हें 13 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वकील ने दावा किया कि कपूर ने 2017 में कोटक के साथ एक फ्रैंचाइज़ी समझौता किया था। जम्मू के अनुसार, व्यवसाय में विवाद के बाद, कपूर को कथित तौर पर छह गुना अधिक मूल्य पर हिस्सेदारी वापस खरीदने के लिए मजबूर किया गया था। कपूर को कर और खाद्य सुरक्षा विभागों से नोटिस मिले। जम्मू ने बताया कि सिंघल ने मामले का निपटारा करने के लिए कपूर से 45 लाख रुपये की मांग की।

### दिल्ली के साथ पंजाब और मुंबई में भी छापे

अधिकारियों ने बताया कि शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने जाल बिछाया और कोटक को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह सिंघल की ओर से मोहाली में स्थित अधिकारी के आवास पर कथित तौर पर रिश्वत ले रहा था। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि रिश्वत की मांग के साथ-साथ कपूर को कानूनी कार्रवाई किए जाने, भारी जुर्माना लगाने और अनुपालन न करने की स्थिति में उत्पीड़न की धमकी भी दी गई थी। सीबीआई ने दिल्ली, पंजाब और मुंबई में कई स्थानों पर छापे मारे।

## उपचुनाव के लिए पहली बार मतदाता सूची में संशोधन

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने लगभग दो दशक में पहली बार पांच विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव कराने के लिए मतदाता सूची में संशोधन किया है ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके। पिछली बार उपचुनाव के लिए मतदाता सूची में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तमिलनाडु में 2006 में किया गया था।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिए जाने पर प्रत्येक चुनाव और उपचुनाव से पहले मतदाता सूची में संशोधन किया जाना चाहिए। उन्होंने कानून का हवाला देते हुए कहा कि यदि मतदाता सूची में संशोधन नहीं किया जाता है, तो उक्त मतदाता सूची की वैधता प्रभावित नहीं होगी।

आयोग ने पिछले महीने घोषणा की थी कि चार राज्यों की पांच विधानसभा सीट पर उपचुनाव 19 जून को होंगे। गुजरात में दो विधानसभा सीट पर जबकि केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब में एक-एक सीट पर उपचुनाव होगा। मतगणना 23 जून को होगी।

# रूस पर यूक्रेन का सबसे बड़ा ड्रोन अटैक, 40 लड़ाकू विमान नष्ट किए

**कीव, एजेंसी**

- **4000 किमी अंदर जाकर हवाई अड्डों व विमानों को निशाना बनाया**

यूक्रेन ने रूस के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा हमला करते हुए रूस की सीमा में 4000 किलोमीटर अंदर घुसकर उसके 40 से अधिक सैन्य विमान नष्ट कर दिए। रूस को इस हमले से करीब 17 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इससे एक दिन पहले ही रूस ने यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए थे।

यूक्रेन के एक अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि हमले को अंजाम देने में डेढ़ साल से अधिक का समय लगा और इसकी निगरानी व्यक्तिगत रूप से राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने की। हमले के लिए ट्रकों में लादकर ड्रोन रूसी सीमा के काफी भीतर तक ले जाया गया।

ड्रोन से रविवार दोपहर को कई हवाई अड्डों पर खड़े 41 विमानों को निशाना बनाया गया जिनमें ए-50, टीयू-95 और 22टीएम विमान शामिल हैं। रूस ने इससे पहले पहले यूक्रेन पर 7 मिसाइलें दागीं। करीब 472 ड्रोन से भी हमले किए जिसमें 12 से अधिक सैनिकों के मारे जाने की बात सामने आ रही है। रूस ने मिसाइल दागने के लिए तुपोलेव टीयू-95 और टीयू-22 बमवर्षक विमानों का इस्तेमाल किया।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की कि उसके पांच हवाई क्षेत्रों को निशाना बनाया गया है। कहा गया है कि एफपीवी ड्रोन ने इरकुत्स्क क्षेत्र के साथ उत्तरी मरमंस्क में हवाई अड्डों पर विमानों को नुकसान पहुंचाया। हमले ऐसे समय तेज हुए हैं जब दोनों पक्ष तुर्किए के इस्तांबुल शहर में सीधी बातचीत के नए दौर में शामिल होने जा रहे हैं।

## पीलीभीत की नहर में डूबने से पूर्व प्रधान समेत दो लोगों की मौत

**संवाददाता, बरेली/माधोटांडा**



मंजूर अहमद और अनीस अहमद (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव मिलक रोंधी निवासी पूर्व प्रधान समेत दो लोगों की पीलीभीत जिले के डगा गांव के पास हरदोई ब्रांच की नहर में डूबने से मौत हो गई। पूर्व प्रधान को बेहोशी की हालत में निकाल कर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव मिलक रोंधी निवासी तौफीक ने बताया कि उनके गांव से रविवार को पूर्व प्रधान मंजूर अहमद, अनीस अहमद, बबलू, मुकेश, करेली निवासी गुलाम शाबिर, मेंहदी हसन, गुड्डू, बीडीओ कॉलोनी निवासी प्रताप सिंह, सेल्हा बाबा की दरगाह गए थे। वापसी में डगा गांव के पास हरदोई ब्रांच की नहर में नहाने के लिए मंजूर अहमद (45) और अनीस अहमद (47) उतर गए। तेज बहाव में दोनों बह गए। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से मंजूर अहमद को बेसुध हालत में निकाला और मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दो घंटे के बाद अनीस का शव भी मिल गया। इंस्पेक्टर माधोटांडा अशोक पाल ने बताया कि परिवार वाले पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं।

## गुजरात के कृषि मंत्री का बेटा गिरफ्तार

**दाहोद।** गुजरात के पंचायत और कृषि राज्य मंत्री बच्चुभाई खाबड़ के बेटे बलवंत खाबड़ को मनरेगा से संबंधित मामले में रविवार को गिरफ्तार किया गया। उसे मनरेगा कार्यों से जुड़े एक अन्य मामले में कुछ दिन पहले ही जमानत मिली थी।

बलवंत और उसके भाई किरण खाबड़ को अप्रैल में उनके खिलाफ दर्ज पहली प्राथमिकी के मामले में 29 मई को जमानत दी गई थी। पुलिस उपाधीक्षक जगदीशसिंह भंडारी ने बताया कि बलवंत को रविवार को गिरफ्तार किया गया जब दाहोद 'बी' संभाग पुलिस ने शनिवार को उसके खिलाफ एक नई प्राथमिकी दर्ज की।

# डांटने का मतलब आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### उच्चतम न्यायालय ने आरोपी स्कूल छात्रावास के प्रभारी को किया बरी



- **मामले में मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले को किया खारिज**

उच्चतम न्यायालय ने एक छात्र को डांटकर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी शख्स को बरी कर दिया है। आरोपी, एक स्कूल और एक छात्रावास का प्रभारी था, जिसने एक अन्य छात्र की शिकायत पर दूसरे छात्र को डांटा था जिसने बाद में एक कमरे में फांसी लगा ली। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता था कि डांटने के कारण ऐसी दुखद घटना घट सकती है।

शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध से शिक्षक को बरी करने से इनकार कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि पूरे मामले पर विचार करने के बाद, हम इसे हस्तक्षेप के लिए उपयुक्त मामला पाते हैं।

जैसा कि अपीलकर्ता ने सही ढंग से प्रस्तुत किया है, कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि डांटने के कारण, वह भी एक छात्र की शिकायत के आधार पर, इतनी बड़ी त्रासदी हो सकती है कि डांटने के कारण छात्र ने खुदकुशी कर ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इस तरह की डांट-फटकार कम से कम यह सुनिश्चित करने के लिए थी कि दूसरे छात्र द्वारा की गई शिकायत पर ध्यान दिया जाए और सुधारात्मक उपाय किए जाएं।

### केवल गलती में सुधार के लिए थी फटकार

आरोपी व्यक्ति ने अपने वकील के माध्यम से प्रस्तुत किया था कि उसकी प्रतिक्रिया उचित थी और यह केवल एक अभिभावक के रूप में डांट-फटकार थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र गलती को दोबारा न दोहराए और छात्रावास में शांति और सौहार्द बनाए रखे। उसने प्रस्तुत किया था कि उसके और मृतक छात्र के बीच कोई व्यक्तिगत संबंध नहीं था।

### आज का मौसम

तेज हवा चलने के साथ बारिश के आसार।



33.0⁰ अधिकतम तापमान | 25.0⁰ न्यूनतम तापमान

### शहर में आज

- श्री रघुनाथ मंदिर बिहारीपुर खत्रीयान के स्थापना दिवस पर प्रभात फेरी सुबह 7 बजे और भंडारा शाम 5 बजे से।
- रुहेलखंड विश्वविद्यालय में विरासत से विकास योग की भूमिका पर परिचर्चा शिक्षा एवं विज्ञान संकाय सभागार में सुबह 11 बजे।
- मॉडल टाउन श्रीहरि मंदिर में श्री राम कथा शाम 8 बजे से।
- ज्योति ललित कला अकादमी की ओर से युगवीणा लाइब्रेरी स्थित यामिनी आर्ट गैलरी में तीन दिवसीय सामूहिक चित्रकला प्रदर्शनी के दूसरे दिन का आयोजन सुबह 10 बजे से।

# नगर निगम कार्यकारिणी में जगह पाने को बढ़ी सरगर्मी

## उपसभापति सहित छह कार्यकारिणी सदस्यों का 20 दिन बाद हो जाएगा कार्यकाल पूरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली




- पांच भाजपा और एक सपा सदस्य का 22 जून को हो रहा कार्यकाल पूरा

**अमृत विचार :** नगर निगम बोर्ड की कार्यकारिणी के 12 सदस्यों में से 6 का कार्यकाल पूरा होने में महज 20 दिन शेष बचे हैं। कार्यकाल पूरा करने वालों में नगर निगम के उप सभापति सहित छह सदस्य कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं। कार्यकारिणी में जगह पाने के लिए पार्षदों की सरगर्मी तेज हो गई है। पार्षदों ने संगठन से लेकर पार्टी नेताओं तक पैरवी शुरू कर दी है।

उप सभापति सर्वेश रस्तोगी, कार्यकारिणी की सदस्य पार्षद गरिमा कमांडो, नीरज, सागर मौर्य, सलीम पटवारी, सौरभ कुमार का 22 जून को दो साल का निर्धारित कार्यकाल पूरा हो रहा है। कार्यकारिणी के अन्य छह सदस्य नरेंद्र सिंह, संतोष कश्यप, रितिका किशोर, हरिशंकर लोधी, अंजुल गंगवार ओमान खान कार्यकारिणी के सदस्य बने रहेंगे। नगर निगम कार्यकारिणी में अभी इनका एक साल का कार्यकाल बचा हुआ है और यह 2026 जून में समाप्त होगा।

नगर निगम बोर्ड की कार्यकारिणी के आधे सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने की चर्चाओं के बीच उसमें जगह पाने की पार्षदों में कवायद तेज हो गई है। भाजपा के पार्षद जगह पाने के लिए पैरवी में जुटे है क्योंकि 12 सदस्यीय कार्यकारिणी में भाजपा की संख्या 10 और सपा की महज दो है। इसमें सपा पार्षद सलीम पटवारी का कार्यकाल इस बार समाप्त हो। इनकी जगह पर सपा को एक ही जगह मिलनी है। कार्यकारिणी में भाजपा का बहुमत से अधिक पार्षद होने के कारण उपसभापति भाजपा का ही होना तय है। अब देखना है कि भाजपा नेता किसे पसंद करते है।

### निर्विरोध निर्वाचन होने की प्रबल संभावना

**बरेली :** नगर निगम के कार्यकारिणी के सदस्यों का चुनाव करीब सात बार से निर्विरोध हो रहा है। नियमों की बातों पर गौर किया जाए तो पहले साल कार्यकारिणी के 12 सदस्यों का चुनाव होने के एक साल बाद लाटरी सिस्टम से छह सदस्य रिटायर हो जाते हैं। इनकी जगह पर नए सदस्य कार्यकारिणी में शामिल किए जाते हैं। अगर चुनाव की स्थित आती है तो एक कार्यकारिणी के सदस्य के चयन के लिए 14 वोट चाहिए होंगे। चूंकि नगर निगम में संख्या बल भाजपा पार्षदों का अधिक होने के कारण भाजपा 10 पार्षदों की संख्या कायम रहने की संभावना है। क्योंकि इनमें 52 भाजपा, पांच सपा और दो कांग्रेस के हैं। निर्दलीय चुने गए 20 पार्षदों में भी कुछ भाजपा में जा चुके हैं। इससे भाजपा खुद को मजबूत मान रही है।

### सर्वेश रस्तोगी पर फिर दांव लगा सकती है भाजपा

**बरेली :** उप सभापति सर्वेश रस्तोगी का कार्यकाल 22 जून को समाप्त हो जाएगा। नियमों पर गौर किया जाए तो उपसभापति दुबारा कार्यकारिणी का चुनाव लड़ सकते हैं और उपसभापति बन सकते हैं। इसके लिए पहले उपसभापति पद के दावेदार को नगर निगम की कार्यकारिणी में शामिल होना होगा। चर्चा है कि भाजपा एक बार फिर से सर्वेश रस्तोगी को अवसर दे सकती है, जबकि दूसरी तरफ कुछ नए पार्षद कार्यकारिणी में आएंगे, वह भी उप सभापति की लाइन में है। अब देखना है कि भाजपा के नेता किसके नाम पर अंतिम मुहर लगाते हैं।

# चालक को आई झपकी तो बज उठेगा अलार्म

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- लखनऊ में ट्रायल पूरा होने के बाद जल्द बरेली रीजन की बसों में भी होगा ट्रायल
- लंबे रूट पर चलने वाली रात्रिकालीन बसों में लगाए जाएंगे एंटी स्लीप डिवाइस

**अमृत विचारः** परिवहन निगम रोडवेज की बसों में सवारियों की यात्रा सुगम और सुरक्षित बनाने को हर संभव कोशिश कर रहा है। इसी क्रम में रात के समय चालक को झपकी लग जाने से होने वाले हादसों पर अंकुश लगाने के लिए शासन ने समाधान तलाशा है। रोडवेज की बसों में एंटी स्लीप डिवाइस लगाए जाने की बात कही जा रही है। जो झपकी आने पर चालक को सचेत करेगी। इस डिवाइस को एक्सीलेटर से जोड़ा जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि मुख्यालय स्तर पर लखनऊ रीजन की बसों में ट्रायल पूरा होने के बाद इसका ट्रायल जल्द बरेली रीजन की बसों में भी होगा।

आरएम दीपक चौधरी बताते हैं कि बरेली रीजन के बरेली, रुहेलखंड, बदायूं और पीलीभीत डिपो से 800 से अधिक बसें विभिन्न मार्गों पर संचालित हैं। इनमें पचास फीसदी से अधिक बसें लंबे रूट दिल्ली, लखनऊ सहित अन्य शहरों के लिए संचालित होती हैं। रात में संचालित होने वाली बसों में चालकों को झपकी आने की समस्या रहती है। ऐसी दशा में रोडवेज बसों में सेंसर युक्त एंटी स्लीप डिवाइस लगाने की पहल हुई है। बताया कि यह डिवाइस बस के एक्सीलेटर से जुड़ी होगी। यदि चालक एक्सीलेटर को दबाना छोड़ देगा या आवश्यकता से अधिक दबाएगा, तो अलार्म बजने लगेगा। इतना ही नहीं ड्राइवर की सीट के सामने सेंसर युक्त कैमरे भी लगाए जाएंगे, जो चालक की आंखों की हरकत पर नजर रखेंगे, अगर स्टेयरिंग पर कुछ देर मूवमेंट नहीं होती है तो डिवाइस से बीप-बीप की आवाज आएगी। स्टेयरिंग का मूवमेंट न होने पर अलार्म भी बजने लगेगा। इस तरह की डिवाइस बरेली रीजन की दिल्ली, प्रयागराज, लखनऊ, आगरा, राजस्थान समेत अय लंबी दूरी के रूट पर चलने वाली रात्रिकालीन बसों में लगाने की तैयारी है।

### चालक और परिचालक दोनों को सतर्क करेगा अलार्म

सेंसर युक्त अलार्म डिवाइस चालक और परिचालक दोनों को सतर्क करेगा। अधिकारियों के मुताबिक बस की स्पीड अधिक होने पर भी यह अलार्म काम करेगा। वहीं, सवारियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने में यह डिवाइस सहायक साबित होगी और चालक-परिचालक को हर समय अलर्ट रखेगी।

# लीड जली तो कहीं ट्रांसफार्मर फुंका, छाया बिजली संकट

## सतीपुर और सिटी स्टेशन फीडर से जुड़े इलाकों में रही समस्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली




सब स्टेशन का निरीक्षण करते मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश। • अमृत विचार

- विभाग के सर्दी में मेंटीनेंस कराने के दावे की निकली हवा

**अमृत विचार :** सर्दी में मेंटीनेंस कराने के बिजली विभाग के दावे की पोल खुल गई। शहर में ट्रांसफार्मर की लीड जली तो कहीं ट्रांसफार्मर फुंक गया। सतीपुर और सिटी स्टेशन फीडर से जुड़े इलाकों में शनिवार रात और रविवार दिन भर बिजली संकट रहा। लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।

जगतपुर सबस्टेशन के सतीपुर में शनिवार रात ट्रांसफार्मर की लीड जल गई। इस वजह से आनंद विहार कॉलोनी, नवादा सेखान, गुलजार नगर, पशुपति विहार कॉलोनी और सतीपुर में पूरी रात आपूर्ति बाधित रही। क्षेत्र के लोगों ने विभाग के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई फाल्ट को ठीक करने के लिए नहीं पहुंचा। पार्षद पूनम राठौर के पति चंद्रपाल राठौर ने कहा कि अफसर शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेते हैं। इसकी वजह से फाल्ट ठीक होने में वक्त लगता है। पूरी रात बिजली नहीं होने से सुबह के समय पानी की आपूर्ति में दिक्कत आई। दोपहर में आपूर्ति बहाल हो सकी।

सिविल लाइंस टू सबस्टेशन के सिटी स्टेशन फीडर पर रविवार को एक ट्रांसफार्मर फुंक गया। जिससे जसोली, सिटी स्टेशन रोड आदि इलाकों में बिजली गुल हो गई। मोबाइल ट्राली ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति बहाल की गई। कुंवर तलैया और लक्ष्मी नारायण गली में भी शनिवार को पूरी रात आपूर्ति बाधित रही। किला सबस्टेशन के मिर्ची टोला मोहल्ला निवासी प्रणव गुप्ता ने बताया कि फीडर नंबर तीन पर शनिवार रात 8ः30 बजे से ट्रिपिंग चालू हो गई। रात में फेस नहीं आने की समस्या रही। विभाग के हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन रात में कोई फाल्ट ठीक करने के लिए नहीं आया। पूरी रात लोग परेशान होते रहे।



ट्रॉली ट्रांसफार्मर का लिया सहारा।

### बिजली का संकट गहराया तो सब स्टेशनों का निरीक्षण करने निकले मुख्य अभियंता

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में बिजली संकट गहराने के बाद मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश रविवार को शहर के सबस्टेशन का निरीक्षण करने के लिए निकले। सबसे पहले वह हरुनगला सबस्टेशन पहुंचे। सबस्टेशन पर रखे ट्रांसफार्मर को वर्कशाप में भेजकर सही कराने के निर्देश दिए। अति भारित ट्रांसफार्मर नंबर 1 का लोड काट कर ट्रांसफार्मर नंबर 2 पर डालने के निर्देश दिए। साथ ही सबस्टेशन पर रखे 100 और 25 केवीए के ट्रांसफार्मर पर फ्यूज सेट लगाने के लिए कहा। उन्होंने बदायूं रोड पर नवनिर्मित 220 केवी ट्रांसमिशन का निरीक्षण किया। मुख्य अभियंता ने ट्रांसमिशन से निकलने वाली सुभाषनगर की 33 केवी लाइन को जल्द बनाकर उसे चालू करने को कहा। अवध धाम कॉलोनी का निरीक्षण कर वोल्टेज की समस्या को दूर करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली आपूर्ति को लेकर जिले में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।



फाल्ट ठीक करता कर्मचारी।

### शहर के इन इलाकों में भी रही बिजली की समस्या

**बरेली :** मिशन सबस्टेशन के पुरानी पुलिस लाइन में सुबह 11 से लेकर शाम 7 बजे तक फाल्ट होने से बिजली का संकट बना रहा। कुतुबखाना सबस्टेशन के आजमनगर, बड़ी बमनपुरी, बहादुर बाबा का मजार और अन्य इलाकों में भी रविवार को बिजली का संकट रहा। जगतपुर के चकमहमूद और मौर्य गली में लो वोल्टेज की समस्या बनी रही। डीडीपुरम सबस्टेशन के रेजीडेंसी गार्डन में भी लो वोल्टेज की समस्या रही।

### एसएसओ पर पिस्टल तानने वाले सिपाही की जांच शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली कटौती से नाराज डीडीपुरम सबस्टेशन पर जाकर एसएसओ पर पिस्टल तानने वाले क्राइम ब्रांच के सिपाही के खिलाफ जांच शुरू हो गई है। क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर ने सबस्टेशन पर पहुंचकर बिजली कर्मचारियों के बयान दर्ज किए हैं। जांच में दोषी पाए जाने के बाद सिपाही के खिलाफ कार्रवाई तय मानी जा रही है। शहर में बिजली का संकट बना हुआ है। डीडीपुरम क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात बिजली का संकट हो गया था। आरोप है कि डीडीपुरम सबस्टेशन पर डयूटी पर तैनात सब स्टेशन आपरेटर (एसएसओ) खालिद पर खुद को क्राइम ब्रांच का सिपाही बताने वाले ने पिस्टल तान दी थी। इसके बाद एसएसओ की तरफ से इस मामले में उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई थी। एसडीओ पारस रस्तोगी ने बताया कि उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस के अधिकारियों को दी। इसके बाद क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर ने सबस्टेशन पर आकर मामले की जांच पड़ताल की। उन्होंने एसएसओ के बयान दर्ज किए हैं। बताया जा रहा है पिस्टल तानने वाले सिपाही पर जल्द ही विभागीय कार्रवाई हो सकती है।

# दिन भर छाए रहे बादल, आज हो सकती है बूंदाबांदी

**बरेली, अमृत विचारः** मौसम वैज्ञानिकों ने सोमवार को बूंदाबांदी के आसार जताए हैं। आईएमडी की आधिकारिक बेवसाइट के अनुसार जिले में अधिकतम 37.2 और न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह 53 और शाम को 51 प्रतिशत हवा में नमी दर्ज की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को अरब सागर में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बारिश की संभावना बन रही है। इस दौरान औसतन अधिकतम 37 और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज हो सकता है।

# नगर निगम के मानकों पर खरी नहीं उतर रहीं एजेंसियां, लापरवाही हावी

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम में निर्माण सहित विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी लेने वाली एजेंसियां मानकों पर खरी नहीं उतर रही हैं। उनकी लापरवाही से नगर निगम की छवि धूमिल हो रही है। लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। नगर निगम की बिल्डिंग का काम लापरवाही से करने व अन्य मामलों में एजेंसियों पर कार्रवाई हो चुकी है। इसके बाद भी सुधार नहीं हो रहा है।

नगर निगम की नई बिल्डिंग में कमियां उजागर होने के बाद अधिकारी अब आगे की कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि एजेंसियों पर कार्रवाई होने के बाद सुधार नहीं पा हो रहा है। क्योंकि पिछले साल नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने निरीक्षण के दौरान कई खामियां उजागर की थीं। ऑडिटोरियम के स्टेज का निर्माण घटिया मिला था। जिस पर एक लाख का जुर्माना लगाया गया था। स्मार्ट सिटी लिमिटेड कंपनी से ब्लैक लिस्टेड हो चुकी परमार्थ फर्म को सवा पांच करोड़ रुपये का ठेका नगर निगम में दिया गया। बाद मामला उजागर होने पर नगर आयुक्त ने जांच बैठा दी। साथ ही काम पर रोक लाग दी।

# उत्तरायणी जनकल्याण समिति में हुए भ्रष्टाचार पर आठ साल बाद कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भाजपा महानगर में उपाध्यक्ष पद पर जमे देवेंद्र जोशी को एक लाख 615 रुपये 15 जून तक समिति के खाते में जमा करने के आदेश
- वर्ष 2014 से 2017 तक समिति के अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष द्वारा अनियमितताएं करने की पुष्टि, 2031 तक तीनों समिति में नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

**अमृत विचार :** हर साल उत्तरायणी मेला के जरिये नाथनगरी में देवभूमि के दर्शन कराने वाली उत्तरायणी जनकल्याण समिति में आठ साल बाद एक लाख 616 रुपये के भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। 2014 से 2017 तक अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष रहे पदाधिकारियों पर लगाए आरोप सही निकले।

इसमें महासचिव रहे भाजपा महानगर उपाध्यक्ष देवेंद्र जोशी को मुख्य दोषी माना गया। देवेंद्र जोशी सहित तीनों पूर्व पदाधिकारियों के अगले छह वर्ष तक समिति में चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया। देवेंद्र जोशी को 15 जून तक धनराशि जमा करने के लिए चिट्ठी भेजी गई है।

समिति के सदस्य विनोद जोशी की शिकायत पर फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स के सहायक रजिस्ट्रार ने सीए विनेश अरोड़ा से समिति का ऑडिट कराया। इसमें कई अनियमितताएं सामने आईं। सीए की ऑडिट रिपोर्ट पर समिति की ओर से आंतरिक जांच कमेटी से कराई जांच में भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ। उत्तरायणी जन कल्याण समिति के अध्यक्ष अमित कुमार पंत, कोषाध्यक्ष कमलेश सिंह बिष्ट, महासचिव मनोज पांडेय के संयुक्त हस्ताक्षर से 23 मई को महासचिव रहे देवेंद्र जोशी को चिट्ठी भेजी। इसमें बताया कि पीएनबी में संचालित खाते को बंद कर निकाली धनराशि 180616 रुपये में से 160000 रुपये बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते में जमा किए गए। शेष धनराशि 20616 रुपये का व्यय में कहीं भी उल्लेख नहीं है। पीएनबी के चेक से 28 फरवरी 2015 में 50 हजार रुपये निकाले गए। इसका व्यय विवरण कहीं भी दर्ज नहीं मिला। इलाहबाद बैंक के चेक से एक अगस्त 2014 को 20000 रुपये निकाले, जिसका व्यय विवरण में दर्ज नहीं मिला। सीए विनेश अरोड़ा की ऑडिट रिपोर्ट के पृष्ठ संख्या 52 के अनुसार भवन खरीद और अन्य में व्यय में 2526830 रुपये दिखाए गए, लेकिन वित्तीय अभिलेखों में यह व्यय 2542450 रुपये दिखाया गया, समिति के अभिलेखों में 15620 रुपये का व्यय अंकित नहीं है। इससे यह प्रतीत हो रहा है कि धनराशि बिना बिल वाउचरों के खर्च की गई।

### इस तरह बैठकें कर दोषियों पर कार्रवाई का निर्णय लिया

इसी वर्ष 28 मार्च को प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें जांच समिति ने वर्ष 2014-2017 तक के अध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष रहे पदाधिकारियों के निलंबन की संस्तुति की थी। 27 अप्रैल को प्रस्ताव आम सभा में लाया गया। आम सभा में प्रबंध कार्यकारिणी ने अनियमितताओं पर निर्णय लेते हुए निर्देशित किया कि अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, महासचिव को संयुक्त रूप से अनियमितताओं में उजागर हुई धनराशि समिति के खाते में जमा करनी होगी। दोषियों को समिति के किसी भी पद के लिए चुनाव की पात्रता के लिए 6 वर्षों यानि 2031 तक प्रतिबंधित किया गया। देवेंद्र जोशी को निर्देशित किया कि अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष से संपर्क कर एक लाख छह सौ सोलह रुपये 15 जून तक जमा कराएं।

# सड़क मरम्मत में मानकों की अनदेखी, भड़के ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मथुरापुर से बड़ा बाईपास जाने वाले मार्ग का मामला, ग्रामीण बोले, एक बारिश में ही उखड़ जाएगी
- इस सड़क से होकर गुजरते हैं 10 से अधिक गांव के लोग, छह महीने पहले भी कराई गई थी मरम्मत



मथुरापुर गांव से बड़ा बाईपास मार्ग पर मिट्टी के ऊपर से ही डाली जा रही सड़क।

**अमृत विचार :** सड़कों की खराब गुणवत्ता पर मुख्यमंत्री कई बार नाराजगी जताने के साथ ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई के निर्देश दे चुके हैं, लेकिन इसका नीचे से ऊपर तक कोई असर नहीं है। मामला मथुरापुर से बड़ा बाईपास तक 10 गांवों को जोड़ने वाली चार किमी सड़क का है।

छह महीने पहले पीडब्ल्यूडी ने सड़क की मरम्मत पर कई करोड़ खर्च किए थे। अब सड़क को फिर से बनाया जा रहा है। मगर, अब सड़क निर्माण में अफसरों की अनदेखी से ग्रामीणों में भारी गुस्सा है। उनका कहना है डामरीकरण के मानक नहीं किए जा रहे हैं। मिट्टी साफ किए बिना ही गुणवत्ताविहीन तरीके से बन रही सड़क एक बारिश में ही उखड़ जाएगी।

दिल्ली-लखनऊ हाईवे से मथुरापुर गांव से बड़ा बाईपास को जाने वाली सड़क से मथुरापुर, बंडिया, खना गौटिया, तिलियापुर, बोहित, बिबियापुर, घुसा, परधौली समेत करीब 10 गांव के हजारों लोगों का आना-जाना है। सड़क भोजीपुरा और शहर विधानसभा क्षेत्र में आती है। सड़क पर अधिक गड्ढे होने पर पिछले साल ही गड्ढे भरवाने के लिए किए गए पैचवर्क पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे। कुछ दिन बाद ही पैचवर्क उखड़ने से सड़क पुरानी स्थिति में आ गई थी। इस साल फिर से नए सिरे से टेंडर निकाला गया। पिछले महीने ठेकेदार ने काम शुरू कराया और कुछ दिन बाद ही अधूरा छोड़कर भाग गया। अमृत विचार ने 12 मई को अधूरी सड़क को लेकर खबर प्रकाशित की तो आनन-फानन में ठेकेदार ने तीन दिन पहले फिर काम शुरू करा दिया। लेकिन, सड़क निर्माण में मानकों की धज्जियां उड़ाने के आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ दिन बाद मानसून आ जाएगा। सड़क बारिश को झेल नहीं पाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बाद भी विभागीय अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों में नाराजगी इस बात को लेकर भी है कि सड़क को उच्च गुणवत्ता के साथ बनवाने का दावा करने वाले जिम्मेदार बेखबर बने हुए हैं।

इस मार्ग से करीब 10 गांव जुड़े हैं। रोजाना हजारों लोगों का आवागमन होता है। पिछले साल भी सड़क के पैचवर्क पर लाखों रुपये का बजट खपाया था। दुबारा सड़क की मरम्मत कराई जा रही है। फिर घटिया सामग्री लगाई जा रही है। सीएम भले ही भ्रष्टाचार पर सख्ती का दावा करें, लेकिन अफसरों-ठेकेदारों पर कोई फर्क नहीं है।
**- राशिद हुसैन**

अधिकारी कुछ भी दावे करें, पीडब्ल्यूडी में भ्रष्टाचार हावी है। सड़क निर्माण के दौरान पीडब्ल्यूडी का इंजीनियर मौजूद रहना चाहिए, लेकिन ऐसा संभव होता नहीं दिखता। कागजों में सबकुछ चकाचक दिखाकर लाखों रुपये का बंदरबांट कर लिया जाता है और अफसर बेखबर बने रहते हैं।
**-बब्लू सक्सेना**


बरेली
ठेकेदार ने सड़क खोदकर अधूरा छोड़ा काम, राहगीर हो रहे परेशान

प्रकाशित खबर।

मथुरापुर से बड़ा बाईपास मार्ग काफी समय से जर्जर है। पीडब्ल्यूडी इस सड़क का निर्माण करा रहा है। अफसरों की निगरानी न होने पर ठेकेदार मानकों की खुलकर धज्जियां उड़ा रहा है। पत्थर के ऊपर मिट्टी डालकर उसके ऊपर ही कोलतार मिलाकर बजरी डाली जा रही है, जो कि हाथ लगाने पर ही उधड़ जा रही है।
**- कफील रजा नूरी।**

### एक्सईएन बोले, गुणवत्ता की कराएंगे जांच

मानकों की अनदेखी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी। ग्रामीणों की शिकायत मुझे नहीं मिली है, लेकिन अगर इस तरह की गड़बड़ी हो रही है तो ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी। सहायक अभियंता और अवर अभियंता को सोमवार को मौके पर भेजकर गुणवत्ता की जांच कराएंगे।
**- भगत सिंह,** एक्सईन प्रांतीय खंड लोनिवि

पिछले कई दिन से काम बंद था। मानसून नजदीक आ चुका है। ठेकेदार ने पिछले सप्ताह काम कराना शुरू किया है। बेहद ही घटिया तरीके से सड़क डाली जा रही है। मिट्टी साफ कराए बिना ही डामरीकण किया जा रहा है। हालत यह है कि सड़क बनने के दूसरे दिन ही हाथ से उखड़ रही है।
**-अंश राजपूत**

# मुश्किल : स्वाले नगर और बाकरगंज की बदहाल सड़कों से लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम वार्ड 24 और 25 के स्वाले नगर और बाकरगंज की सड़कें बदहाल हैं। जगह-जगह गड्ढों में कीचड़ होने से राहगीरों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर कई बार लोगों ने शिकायत की, लेकिन अभी तक समस्या का निदान नहीं हो सका है।

नगर निगम के भारी भरकम बजट के बाद भी कई वार्डों की बदहाल सड़कों का हाल सुधर नहीं रहा है। इसके कारण लोगों को टूटी सड़कों से होकर आना जाना पड़ रहा है। स्वाले नगर और बाकरगंज की सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। इस वजह से दूल्हा मियां मजार के सामने रेलवे क्रासिंग से स्वाले नगर ईदगाह जाने वाले रास्ते पर आने जाने में लोगों को परेशानी हो रही है। सिटी श्मशान भूमि को जाने वाली रेलवे क्रासिंग से बाकरगंज की सड़क भी कई जगह से खराब हो चुकी हुई है। जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खां वारसी ने मेयर डॉ उमेश गौतम को ज्ञापन देकर बदहाल सड़क निर्माण की मांग की है। उन्होंने बताया है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नवाब हाफिज रहमत खां का मकबरा भी इसी रास्ते पर है। उनके सम्मान को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर सड़क का निर्माण कराया जाए।



स्वालेनगर की जर्जर सड़क से आवाजाही में लोगों होती है दिक्कत। • अमृत विचार

### नगर आयुक्त से मिलकर कॉलोनी की समस्या का कराएंगे समाधान, बैठक में लिया फैसला



**बरेली, अमृत विचार :** पर्वतीय सामाजिक सांस्कृतिक उत्थान समिति रजिस्टर्ड की बैठक रविवार को बदायूं रोड की विकास नगर कॉलोनी में हुई। इसमें समिति के अध्यक्ष जवाहर सिंह रौतेला ने कहा कि कॉलोनी की समस्या को लेकर जल्द ही नगर आयुक्त से मिलकर उसका समाधान कराने की मांग रखी जाएगी। इस मौके पर कोषाध्यक्ष कुशल सिंह राणा, मोहन नेगी, बलवंत नेगी, गंगा सिंह योगेश सिंह, विक्रम सिंह, अनिल उपाध्याय, सुनील जोशी, मोहिनी देवी, राजीव गुप्ता, विक्रम सिंह, संरक्षक महेश पंत, मोहिनी देवी, पूरन चंद्र जोशी मौजूद रहे।




# जरी कारीगर का हत्यारोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

## हत्यारोपी ने कहा, पत्नी से थे अवैध संबंध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बड़े हो गए बच्चे भी मारते थे ताना, इसी से परेशान होकर अरशद को मार डाला

**अमृत विचार :** जरी कारीगर की चाकू से गोदकर हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने शनिवार की देर रात पीलीभीत बाईपास पर हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मुठभेड़ में आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी है। आरोपी से तमंचा और हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया है।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने रविवार को जरी कारीगर हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि शनिवार दोपहर करीब 2.30 बजे कांकरटोला भटियारों वाली मस्जिद के पास रहने वाले जरी कारीगर अरशद उर्फ गुड्डू की हत्या आमिर ने चाकू से गोदकर कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस को देर रात सूचना मिली कि आमिर पीलीभीत रोड पर 99 बीघा के पास आला कत्ल छिपाने गया है।


मुठभेड़ में घायल आमिर को अस्पताल ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में हत्यारोपी आमिर पुलिस गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसके पास से अरशद की हत्या में प्रयुक्त चाकू और तमंचा बरामद किया है। प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने आरोपी आमिर को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया।

### पत्नी से बात करता था अरशद

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि आरोपी आमिर ने पूछताछ में बताया कि वह रामपुर जिले के शाहबाद का रहने वाला है। अरशद ने उसके बेटे फरमान को जरी का काम सिखाया था। इसी बहाने अरशद उसके घर आने-जाने लगा और उसकी पत्नी से फोन पर बातें करने लगा। शक होने पर उसने व उसके बच्चों ने अरशद को मना किया, लेकिन नहीं माना। आमिर ने बताया कि उसे शक है कि उसकी पत्नी के अरशद से संबंध थे। इसे लेकर उसके बेटे भी ताने मारते थे। जब वह घर पर नहीं होता था, तब अरशद उसके घर पर आता जाता था। समझाने के बाद भी अरशद नहीं माना। इस पर परेशान होकर उसकी हत्या कर दी।

# मां की फटकार से नाराज बच्ची घर से गई, बाद में मिली

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र के कांकरटोला की रहने वाली एक 10 वर्षीय बच्ची को उसकी मां ने किसी बात पर डांट दिया। इससे नाराज होकर वह रविवार को घर से लापता हो गई।

थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि कांकरटोला निवासी 10 साल की बच्ची की मां ने किसी बात पर उसे डांट दिया, जिससे नाराज होकर वह रविवार की सुबह बिना बताए कहीं चली गई। परिवार वालों की सूचना पर उसकी तलाश शुरू कराई गई थी। फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था। पुलिस ने देर शाम बताया कि बच्ची सकुशल मिल गई है।

# झोपड़ी में मिले शव के मामले में तीन लोगों पर रिपोर्ट

**भुता, अमृत विचार :** गांव सहजनपुर में सप्ताह भर पहले हुई हत्या के मामले में पुलिस ने जांच के बाद तहरीर के आधार पर गांव के ही तीन लोगों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। बता दें एक सप्ताह पहले

गांव में तालाब के किनारे पड़ी खाली झोपड़ी में गांव के कृष्ण कुमार का शव मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर मृतक के बेटे ने गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट कराई। पुलिस मामले की जांच और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। मृतक कृष्ण कुमार के बेटे ने बताया मेरे पिता का लगभग 2 महीने पहले गांव के ही पड़ोसी गिरजेस, राजू और भूरे से 25000 रुपये चोरी को लेकर झगड़ा हुआ था। उन तीनों ने मेरे घर की बैठक में बैठे मेरे पिता के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। मौका मिलते ही इन्हीं लोगों ने मौका पिता को मार डाला। पुलिस आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर तलाश में जुट गई।

# विरोध-प्रदर्शन करना पड़ा भारी, तीन एसडीओ के तबादले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बदायूं के एसडीओ के निलंबन के विरोध में मुख्य अभियंता कार्यालय पर किया था प्रदर्शन
- तबादला की कार्रवाई से अफसरों में हड़कंप, संगठन के पदाधिकारियों में रोष

**अमृत विचार :** बदायूं के बिल्सी एसडीओ के निलंबन के विरोध में विरोध प्रदर्शन करने वाले तीन एसडीओ का मुख्यालय की तरफ से पूर्वांचल ट्रांसफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि उनके वेतन में भी कटौती की गई है। ऐसे में संगठन के तीन अधिकारियों के तबादले के बाद संगठन के अन्य पदाधिकारियों में रोष है।

बदायूं के बिल्सी में तैनात एसडीओ शोएब अंसारी को अधिकारियों ने 10 अप्रैल को ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने के मामले में लापरवाही बरतने पर निलंबित किया था। जिसके बाद राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन ने अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाकर सर्किट हाउस के सामने मुख्य अभियंता कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया था। यह मामला पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डा. आशीष गोयल और मध्यांचल एमडी रिया केजरीवाल तक पहुंचा था।

संगठन ने बरेली जोन टू के मुख्य अभियंता और बदायूं के अधीक्षण अभियंता के खिलाफ नारेबाजी कर एसडीओ का गलत तरीके से निलंबन करने का आरोप लगाया था। शनिवार को मध्यांचल मुख्यालय ने धरना प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले आंवला के मीटर एसडीओ संजीव कुमार प्रभाकर, एसडीओ नकटिया अमित सक्सेना और इज्जतनगर ग्रामीण के एसडीओ धर्मेन्द्र यादव का वेतन काटने के साथ उनका पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम वाराणसी में तबादला कर दिया। जिससे विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। फिलहाल तबादले की कार्रवाई से संगठन से जुड़े पदाधिकारियों में भारी नाराजगी है।

# पेट्रोल डालकर पत्नी को जिंदा जलाने की कोशिश

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र की महिला ने सिपाही पति और जेठ पर मारपीट करने और पेट्रोल डालकर उसे जिंदा जलाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के चनहेटी निवासी गीता ने बताया कि उनका विवाह जून 2024 में बरेली पुलिस लाइन में तैनात सिपाही विमल कौशल से हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद पति कम दहेज मिलने के कारण उसके साथ मारपीट करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि जेठ राहुल कौशल भी उसके साथ आए दिन मारपीट करते थे। उसकी मां ने जब विमल और राहुल से बात की तो दोनों ने कहा कि शादी में उन्हें 25 लाख रुपये मिलने थे, लेकिन कम दहेज मिलने के कारण अब वे उनकी लड़की को नहीं रखेंगे। आरोप है कि पति ने पांच लाख रुपये लाने का दबाव बनाया। विरोध किया तो पेट्रोल डालकर उसे जिंदा जलाने की कोशिश की गई।

# आंवला में मंदिर से तड़के अष्टधातु की आठ मूर्तियां चोरी

संवाददाता, आंवला

- चोरी से पहले सीसीटीवी में माफी मांगता दिखाई दिया चोर, पुलिस कर रही तलाश

**अमृत विचार :** कस्बे के प्राचीन मंदिर से रविवार तड़के अष्टधातु की आठ मूर्तियां चोरी हो गईं। मंदिर में प्रवेश करने से पहले चोर माफी मांगता हुआ सीसीटीवी में कैद हो गया। मंदिर में चोरी से लोगों में आक्रोश है। मंदिर के पुजारी ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

कस्बे के मोहल्ला पक्का कटरा ठाकुरद्वारा गली स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी राजीव त्रिपाठी ने बताया कि रविवार की सुबह 5:35 बजे मंदिर में अज्ञात व्यक्ति घुस गया। वह अष्टधातु की आठ मूर्तियां चोरी करके ले गया। वह जब मंदिर में पहुंचे तो मूर्तियां गायब थीं। शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए। पास लगे सीसीटीवी में एक व्यक्ति मंदिर में प्रवेश करते हुए और थैले में कुछ लेकर बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी है।


माफी मांगता चोर। ● फोटो : वीडियो ग्रैब

### फुटेज देख चोर की तलाश में जुटी पुलिस

मंदिर में प्रवेश से पहले चोर गेट पर अपने इस कार्य के लिए ईश्वर से माफी मांगता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस अब इसी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। सभासद पति संजय अग्रवाल उर्फ बॉबी ने बताया कि चोर ने सभी की आस्था को ठेस पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने चोर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

मंदिर के पुजारी ने पुलिस को घटना की शिकायत दी है।

# तंत्र मंत्र के नाम पर महिला से चालीस हजार रुपये ठगे

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** भोजीपुरा के एक गांव का युवक इज्जतनगर के मोहल्ला मठ लक्ष्मीपुर निवासी आशा नामक महिला के घर दान मांगने जाता था। आशा के घर में कुछ परेशानी थी उसने परेशानी को तंत्र मंत्र से दूर भगाने का भरोसा दिलाया। तंत्र मंत्र के प्रयोग करने और समस्या से छुटकारा दिलाने के नाम पर उसने महिला से पचास हजार रुपये मांगे। फिर चालीस हजार रुपये में बात तय हुई। महिला ने दो बार में बीस-बीस हजार करके चालीस हजार रुपये तांत्रिक को दे दिए। तांत्रिक ने तंत्र क्रिया की। इसके बाद काफी समय बीत गया। लेकिन महिला को समस्या से छुटकारा नहीं मिला। पीड़िता को बाद में ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद पीड़िता ने फोन पर बात की तो उसने रुपये वापस करने के लिए आज कल कहकर टरकाता रहा। आखिर में रुपये देने से इंकार कर दिया। पीड़िता ने आज भोजीपुरा थाने में तहरीर देकर तांत्रिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है

# लंदन की महिला ने प्यार का दिखावा कर युवक से ठगे 1.12 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ठगी में शामिल महिला के साथी ने खुद को सीआईएसएफ का जवान बताया

**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के युवक से लंदन की रहने वाली महिला ने प्यार का दिखावा कर 1.12 लाख रुपये का चूना लगा दिया। ठगी करने वाली महिला ने खुद को एख कंपनी का सीईओ बताया था। आरोप है कि महिला के इस काम में उसके एक साथी ने खुद को सीआईएसएफ का जवान बताते हुए सहयोग किया। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर पुलिस ने दोनों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के सोनिया पोल्ट्री फार्म गली निवासी कौशलेन्द्र कुमार ने बताया कि एक महीने पहले फेसबुक पर लंदन निवासी ओलिविया जेम्स नाम की महिला से जान-पहचान हुई। ओलिविया ने खुद को लंदन की एक कंपनी की सीईओ बताया और दोनों के बीच व्हाट्सएप पर चैटिंग शुरू हो गई। आरोप है कि ओलिविया ने बताया कि वह दिल्ली आ रही है और उससे मिलना चाहती है। जब कौशलेन्द्र ने दिल्ली आने से इनकार किया तो ओलिविया ने जोर दिया। इसके थोड़ी देर बाद कौशलेन्द्र के पास एक और कॉल आया और कॉल करने वाले ने खुद को नई दिल्ली एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ का जवान बताया। उसने कहा कि ओलिविया आपकी दोस्त है और उसे भारत में रुपये की जरूरत है। उसके पास विदेशी मुद्रा है, जो वह बरेली आकर लौटा देगी।

झांसे में आए कौशलेन्द्र ने गूगल पे पर 69,500 और फोन पे पर 42,500 ट्रांसफर कर दिए। कुल 1.12 लाख भेजने के बाद जवान ने फिर 99,900 की मांग की, तब जाकर कौशलेन्द्र को ठगी का अहसास हुआ और उसने आगे रुपये देने से इनकार कर दिया। जब कौशलेन्द्र ने ओलिविया को व्हाट्सएप किया तो कोई जवाब नहीं मिला। फोन किया तो भी कोई रिस्पॉन्स नहीं आया। इसके बाद युवक ने सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# करोड़ों की ठगी पर बदायूं से बरेली तक हंगामा, मुकदमा फिर भी नहीं लिखा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अमर ज्योति यूनिवर्स निधि लिमिटेड के बदायूं स्थित दफ्तर में लटका ताला
- निवेशक बदायूं दफ्तर से लेकर बरेली में डायरेक्टर के घर तक काट रहे चक्कर

**अमृत विचार :** तीन दशकों से आम लोगों की मेहनत की करोड़ों रुपये की कमाई को एफडी और आरडी स्कीमों के नाम पर जमा करती आ रही अमर ज्योति यूनिवर्स निधि लिमिटेड के बदायूं स्थित दफ्तर में ताला पड़ने से कम्पनी के निवेशक परेशान हैं। निवेशक बदायूं दफ्तर से लेकर बरेली में डायरेक्टर के घरों तक चक्कर काट रहे हैं। दो दिन तक हंगामा भी हुआ मगर अभी तक दोनों जिलों में ठगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नहीं हुआ।

पिछले दो दिन तमाम निवेशकों ने निदेशक शशिकांत मौर्य और उनके भाई भाजपा नेता सूर्यकांत मौर्य के सिंधुनगर स्थित घर पहुंचकर हंगामा काटा था। निवेशकों ने कम्पनी के डायरेक्टर के खिलाफ नारेबाजी भी की। पुलिस ने जैसे-तैसे कम्पनी के निदेशकों को घर से निकाला था। अब कम्पनी के डायरेक्टर शशिकांत सुनियोजित तरीके से गायब हो गए हैं। वहीं शशिकांत के भाई और भाजपा नेता सूर्यकांत मौर्य ने कम्पनी से पल्ला झाड़ लिया है। इससे पहले फरवरी में बदायूं सदर कोतवाली क्षेत्र के मीरा सराय शेखुपुर रोड स्थित कम्पनी के कार्यालय पर निवेशकों ने कम्पनी दिवालिया होने की बात कहकर हंगामा किया था। तब भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पीएसी भी लगानी पड़ी थी। निदेशक ने मई तक भुगतान का वादा किया था। अब टालमटोल कर निवेशकों को झांसे में ले रहे हैं, इसलिए निवेशक आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं।

### सफाई दी : मेरी कंपनी में सब कुछ ठीक

भाजपा नेता और अमर ज्योति यूनिवर्स निधि लिमिटेड के डायरेक्टर शशिकांत के भाई सूर्यकांत मौर्य ने रविवार को फेसबुक पर वीडियो जारी कर सफाई दी है। सूर्यकांत ने एक अन्य कम्पनी का नाम बताया, जिसका नाम शशिकांत की कम्पनी से मिलता जुलता है। सूर्यकांत के मुताबिक वह अमर ज्योति रुहेलखंड निधि लिमिटेड के डायरेक्टर हैं। वह कम्पनी को आगे ले जाने वाले हैं। सूर्यकांत के मुताबिक उनकी कम्पनी के साथ एक छुटभैया नेता ने साजिश की है। कम्पनी और परिवार को नुकसान पहुंचाने के लिए साजिश रची गयी थी। उन्होंने निवेशकों से कम्पनी पर विश्वास रखने की अपील की है। वहीं समयानुसार निवेशकों का भुगतान करने का वादा किया है, लेकिन सूर्यकांत ने अपने भाई शशिकांत की कम्पनी को लेकर कोई बात वीडियो में नहीं कही है। अमर ज्योति यूनिवर्स निधि प्राइवेट लिमिटेड कब निवेशकों के रुपये लौटाएगी इसको लेकर उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वीडियो में वह सिर्फ अपनी कम्पनी के बारे में टिप्पणी करते नजर आ रहे हैं।

# ऑटो चालक ने फंदा लगा कर की आत्महत्या

**बरेली, अमृत विचार :** किला थाना क्षेत्र के कटघर मोहल्ले में शनिवार की देर रात युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जबकि, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी फंदा लगाने से मौत होने की पुष्टि हुई है। परिजनों की तरफ से पुलिस को अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस अपने स्तर पर जांच कर रही है।


मृतक इश्तियाक।

थाना क्षेत्र के कटघर निवासी इश्तियाक (40) कबाड़ का कारोबार करने के साथ ही ऑटो चला कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के मुताबिक शनिवार दोपहर इश्तियाक का पत्नी और एक अन्य युवक से विवाद हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर मामला शांत कराया था। मगर शनिवार रात इश्तियाक का फंदे पर लटका हुआ शव मिला। परिजनों ने रविवार सुबह जब देखा तो पुलिस को सूचना दी।

मृतक के भांजे गुलफाम ने बताया कि इश्तियाक और उसकी पत्नी रुखसार के बीच लंबे समय से रिश्तों में खटास चल रही थी। इसके कारण दोनों में आए दिन विवाद होता रहता था। भांजे समेत परिजनों ने आरोप लगाया कि षड्यंत्र के तहत इश्तियाक की हत्या की गई है। थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फंदा लगाने से मौत होने की पुष्टि हुई है। परिजनों की तरफ से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नहर का बहाव बंद कराने पर मिला अनीस का शव

संवाददाता, बरेली/माधोटांडा

**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव मिलक रोंधी निवासी पूर्व प्रधान समेत 8 लोग सेल्हा बाबा की दरगाह पर घूमने के लिए गए थे। वापस आते समय डगा गांव के पास से गुजर रही हरदोई ब्रांच की नगर में नहाने के लिए उतरे पूर्व प्रधान मंजूर अहमद और अनीस अहमद तेज बहाव के चलते डूब गए। पूर्व प्रधान को तो कुछ ही समय बाद बेहोशी की हालत में बाहर निकाल लिया गया था, लेकिन उसके साथी को तलाश करने में गोताखोरों को दो घंटे लग गए।

हादसे के दौरान साथ में मौजूद पूर्व प्रधान मंजूर अहमद के अन्य साथियों ने बताया कि नहर का बहाव बहुत तेज था। मौके पर मौजूद मेहंदी हसन ने बताया कि वे लोग नहर में नहाने के लिए नहीं उतरे थे, जबकि अनीस और मंजूर अहमद नहर में नहाने के लिए कूद गए। इसी बीच शोर होने पर पहुंचे तो देखा कि दोनों डूब रहे थे। मंजूर तो पानी की सतह पर दिख रहे थे, उन्हें पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तत्काल बाहर निकाल लिया गया और आनन-फानन में अस्पताल लेकर भागे, लेकिन बचाया नहीं जा सका। वहीं अनीस अहमद कहीं दिखाई नहीं दे रहे थे। तब उन लोगों ने माधोटांडा पुलिस को सूचना दी गई थी।

इस दौरान मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। गांव में रहने वाले कई गोताखोरों के साथ ही स्थानीय पुलिस भी सूचना पाकर मौके पर पहुंच चुकी थी। नहर के तेज बहाव के कारण अनीस की तलाश में दिक्कत आ रही थी। तब माधोटांडा पुलिस ने डैम पर बैठे कर्मचारियों से संपर्क किया और नहर में पानी के बहाव को बंद कराया। कुछ देर बाद जब बहाव कम हुआ तो गोताखोर दोबारा नहर में उतरे और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद अनीस अहमद का शव बरामद कर लिया।


पूर्व प्रधान मंजूर अहमद के रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

गांव के लोगों ने बताया कि मंजूर अहमद के चार बेटी और एक बेटा फैज है। वे खेती किसानी से जीवन यापन करते थे। मंजूर अहमद गांव के पूर्व प्रधान रह चुके हैं। मंजूर अहमद की मौत के बाद उनकी पत्नी और बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं अनीस अहमद खेती किसानी करके परिवार का भरण पोषण करते थे। अनीस अहमद के चार बेटे और एक बेटी है। अनीस की मौत के बाद परिजन बेसुध हैं।

### तैराक होने के बावजूद नहीं बची दोनों की जान

साथी मेहंदी हसन ने बताया कि मंजूर अहमद और अनीस अहमद को तैरना आता था और शुरुआत में वे नहर में आराम से नहा रहे थे, लेकिन जैसे ही वे नहर की झाल (तेज बहाव वाले क्षेत्र) के पास पहुंचे, वैसे ही उसमें फंस गए और डूबने लगे। साथियों ने शोर मचाया और बचाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। मंजूर को कड़ी मशक्कत के बाद नहर से बाहर निकाला गया। उन लोगों को उम्मीद थी कि मंजूर अहमद बच सकते हैं। इसी उम्मीद में तत्काल अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया।

# विवाद के बाद युवक का गुप्तांग दांतों से काटा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** गांव गुलड़िया धीमर निवासी राजेंद्र प्रसाद ने थाने में दी तहरीर में बताया उसका पुत्र आयुष शुक्रवार को घर के बाहर खड़ा था, वहीं गांव के रोहित और पंकज रंजिशन आयुष को गली देने लगे, विरोध करने पर आयुष के साथ मारपीट करने लगे उनमें में से एक युवक ने आयुष के गुप्तांग को दांतों से काट लिया, जिससे वह लहुलूहान हो गया।

चीख-पुकार सुनकर लोगों ने उसे बचाया। वहीं आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। परिजनों ने उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पातल में भर्ती कराया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाल राहुल सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# इन्वर्टर लगाने गए मिस्त्री ने लगाया करंट, युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरोपी मोबाइल फोन छोड़कर हुआ फरार
- पुलिस आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी


**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में एक घर में इन्वर्टर लगाने के लिए पहुंचे मिस्त्री ने विवाद के बाद युवक को करंट लगा दिया। इससे उसकी मौत हो गई। आरोपी मिस्त्री मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ निवासी प्रशांत कुमार ने बताया कि 13 मई की सुबह उन्होंने इन्वर्टर सही करने के लिए दिया था। आरोप है कि उसी दिन देर शाम करीब सात बजे दुकान मालिक सुरेन्द्र कम्बोज ने इलेक्ट्रीशियन शोभित सक्सेना निवासी मढ़ीनाथ के साथ एक अन्य युवक को इन्वर्टर सही करके घर में लगाने के लिए भेजा था। आरोप है कि शोभित सक्सेना नशे की हालत में था। इस पर भाई प्रवीण कुमार ने कहा कि इन्वर्टर अगले दिन आकर लगा देना। लेकिन, शोभित उसी समय इन्वर्टर लगाने की जिद करता रहा। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। इस पर शोभित ने गुस्से में आकर प्रवीन कुमार को करंट लगा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी अपना मोबाइल फोन छोड़ कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत मिलने पर जांच के बाद आरोपी के खिलाफ अब रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपी की तलाश की जा रही है।

# सड़क सुरक्षा अभियान का डिजिटल मॉडल 'परवाह' बना जन आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, बरेली


अंशिका वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, बरेली।


मुनिराज जी, डीआईजी रेंज, मुरादाबाद।


विद्यासागर मिश्र, पुलिस अधीक्षक, रामपुर।

- शासन की मंशा के अनुरूप एडीजी रमित शर्मा ने चलाया अभियान
- एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचा जोन पुलिस का सड़क सुरक्षा संदेश

**अमृत विचार :** शासन की मंशा के अनुरूप चलाया गया ''परवाह'' अभियान जन आंदोलन बनकर कीर्तिमान रच रहा है। देश भर में करीब एक करोड़ लोग इस अभियान से जुड़ चुके हैं। एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा के निर्देश पर जोन में 19 अप्रैल से 19 मई 2025 तक चले डिजिटल सड़क सुरक्षा अभियान ''परवाह'' ने रिकॉर्ड सफलता अर्जित की है। अभियान में सहयोग देने पर रामपुर पुलिस पहले, बरेली पुलिस दूसरे और बरेली ट्रैफिक पुलिस तीसरे स्थान पर रही। एडीजी जल्द ही विजेता टीमों को पुरस्कृत करेंगे।

बरेली पुलिस जोन की 11 सोशल मीडिया टीमों की सहभागिता से अभियान को चलाया गया। जोन पुलिस ने अभियान को डिजिटली सशक्त बनाया है। एक्स और फेसबुक समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अभियान को प्रभावी ढंग से चलाया गया। जोन के नौ जिला पुलिस बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, संभल और बिजनौर के साथ दो ट्रैफिक पुलिस टीमें (बरेली व मुरादाबाद) की सोशल मीडिया टीमों ने इस अभियान को बूस्ट किया। अभियान को प्रभावी बनाने और सोशल मीडिया टीमों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार देने की घोषणा की गई थी। सोशल मीडिया टीमों के अभियान के निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए एक तीन सदस्यीय समिति गठित की गई थी। इसकी अध्यक्षता पुलिस उप महानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र मुनिराज ने की। समिति में एसपी रामपुर विद्यासागर मिश्र और एएसपी दक्षिणी बरेली अंशिका वर्मा शामिल थीं।

मूल्यांकन में में रामपुर जिला पुलिस का प्रथम स्थान पर रहा, जबकि द्वितीय स्थान पर बरेली जिला पुलिस रही। तीसरे स्थान पर बरेली ट्रैफिक पुलिस रही। प्रोत्साहन पुरस्कार सामूहिक रूप से जनपद मुरादाबाद, मुरादाबाद ट्रैफिक पुलिस और बदायूं को देने की घोषणा की गई। एडीजी द्वारा दोनों परिक्षेत्र की सोशल मीडिया टीम को भी अपने-अपने परिक्षेत्र में सभी टीमों को प्रोत्साहित और सहयोग कर विशेष योगदान देने के लिये प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा। विजेता टीमों को शीघ्र ही एडीजी रमित शर्मा की ओर से जोन कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा।

### एआई पीआरओ जारविस की इन्फ्लुएंसर की भूमिका रही बेहद सराहनीय

अभियान की डिजिटल सफलता में एआई पीआरओ जारविस और जोन के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों का विशेष सहयोग रहा। इन तकनीकी सहयोगियों की मदद से "परवाह" सोशल मीडिया पर अत्यधिक चर्चित और लोकप्रिय रहा। जोन पुलिस के सामूहिक प्रयास ने "परवाह" को सिर्फ अभियान ही नहीं बल्कि जन-आंदोलन में परिवर्तित किया। भविष्य में भी जोन पुलिस इसी तरह के अन्य विषयों पर भी डिजिटल अभियानों के माध्यम से आमजन को जागरूक करने के लिए तत्पर रहेगी।

### इस तरह सोशल मीडिया पर छा गया "परवाह"

- 1,00,50,530 डिजिटल व्यूज।
- 10 .4 लाख से अधिक सोशल मीडिया इंटरेक्शन (लाइक, शेयर, रिप्लाई)।
- 5785 सोशल मीडिया पोस्ट।
- 1828 फोटो, 2618 टेम्पलेट, 210 पेपर कटिंग एवं 1144 वीडियो का प्रयोग किया गया।
- अभियान की पोस्ट्स को एक्स पर 1,90,778 बार रीपोस्ट, और फेसबुक पर 38,559 बार शेयर किया गया।

# व्यायामशाला की दीवारों में दरारें और अलमारियों पर धूल जमी देख मंत्री भड़के


## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि मंत्री ने राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सिर्फ नौकरी करने तक ही सीमित न रहें, डॉक्टर का जीवन मरीजों के लिए समर्पित होता है, इसलिए जरूरी है कि नये प्रयोग करते रहें, जो नए आविष्कार को जन्म देते हैं, साथ ही आयुर्वेदिक की नई विधाओं का प्रचार-प्रसार करें। ये बातें रविवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने आयुर्वेदिक राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान कहीं।

मंत्री ने सबसे पहले बीते साल बनीं व्यायाम शाला को देखा। व्यायाम संबंधी उपकरण देख सराहना की लेकिन पुराना भवन होने पर दीवारों पर दरारें और अलमारियों पर धूल जमी देख नाराजगी जताई और सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए। जिन अलमारियों में पुस्तकें रखी थीं, उनपर पर भी धूल थी, जिसे साफ करने के निर्देश दिए। उन्होंने द्रव्य गुण विभाग, रस शास्त्र विभाग, पंचकर्म हॉल, शल्यक्रिया ऑपरेशन थिएटर, दंत विभाग, पैथोलॉजी, गठिया सेंटर, स्क्रीनिंग कक्ष एवं पंजीकरण कक्ष का भी जायजा लिया।

इससे पहले प्रधानाचार्य डॉ. डीके मौर्य ने उनका स्वागत किया। मंत्री ने कॉलेज सभागार में भगवान धन्वन्तरि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। छात्रों से अच्छे चिकित्सक बनने के लिए कॉलेज के संसाधनों व शल्य विभाग में क्षार सूत्र चिकित्सा, पंचकर्म विभाग आदि में हो रहे कार्यों में भाग लेने और नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया। योगा स्थल पर टीन शेड डलवाने के आदेश दिए। उन्होंने नवीन सभागार का उद्घाटन भी किया। आयुर्वेद निदेशालय से शिक्षा प्रभारी डॉ. संतोष सिंह, चिकित्सालय प्रभारी डॉ. चंद्रभान सिंह, प्रो. प्रीति शर्मा, डॉ. योगेश कुमार, डॉ. अतुल कुमार, डॉ. शांतुल गुप्ता, डॉ. दीपक आहूजा, डॉ. अरुणेंद्र सिंह, डॉ. अजय यादव आदि मौजूद रहे।



राजकीय मेडिकल कॉलेज में लाइब्रेरी का निरीक्षण करते मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु।

### इसी महीने शुरू हो सकती है मंडलीय प्रयोगशाला

सीबीगंज क्षेत्र के नंदौसी में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की मंडलीय प्रयोगशाला का निर्माण पूरा हो गया है। जून के अंत तक यहां खाद्य पदार्थों की जांच शुरू होने की संभावना है। यह बात खाद्य सुरक्षा एवं औषधि राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निरीक्षण के बाद बैठक में कहीं। बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर में निमार्णाधीन प्रयोगशालाओं को जल्द संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

### हमारे मंत्री आए और हमें बुलाया तक नहीं

निरीक्षण के बाद प्रधानाचार्य कार्यालय में मंत्री ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान कैंट विधायक संजीव अग्रवाल भी पहुंच गए। मंत्री का आदर सत्कार करने के बाद उन्होंने प्रधानाचार्य डॉ. डीके मौर्य से कड़े शब्दों में नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि हमारे मंत्री आए और आपने एक बार सूचना तक देना उचित नहीं समझा। इस पर प्रधानाचार्य चुप्पी साध रहे।

### क्षार सूत्र विधि से होने वाले ऑपरेशन की जानकारी ली

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने पूछा कि क्षार सूत्र विधि से कितने ऑपरेशन हुए हैं। इसपर डॉ. मनोज कुरील ने बताया कि अब तक 15 हजार से अधिक ऑपरेशन कर चुके हैं। लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है, इस पर मंत्री ने उन्हें अन्य डॉक्टरों को भी प्रेरित करने के साथ उनकी सराहना भी की।

### मंत्री ने सेरेब्रल पॉल्सी से ग्रसित बच्चे का बढ़ाया मनोबल

मंत्री ने पुरुष वार्ड का निरीक्षण किया तो यहां बिहारीपुर निवासी सात वर्षीय अक्ष गुप्ता का इलाज डॉक्टर कर रहे थे। मंत्री ने पूछा कि बच्चे को क्या बीमारी है। इस पर डॉक्टर ने बताया कि बच्चा सेरेब्रल पॉल्सी से ग्रसित है। चलने फिरने में अक्षम है, लेकिन बेहतर इलाज से अब बच्चे को काफी फायदा है, मंत्री ने बच्चे से बात करते हुए उसका मनोबल बढ़ाया। वहीं उन्होंने मरीजों से चिकित्सा और भोजन संबंधी सुविधा के बारे में भी जानकारी ली।

### आम दिनों में भी हो खाद्य पदार्थों की जांच

मंत्री ने बताया कि एफएसडीए जीवन रक्षक विभाग है, इसकी जिम्मेदारी है कि आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ मुहैया करा जाएं। इसको लेकर बीते दिनों सीएम ने सालों से मिलावट का खेल करने वालों की सूची चौराहों पर चस्पा करने का आदेश दिया है। इसके अनुपालन में विभाग को ऐसे मिलावट खोरों के नाम मांगे गए हैं। कहा कि सिर्फ त्योहार ही नहीं आम दिनों में भी मोबाइल प्रयोगशाला वैन को जगह जगह भेजकर निरंतर खाद्य पदार्थों की जांच की जाए।

# रिक्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर नए सिरे से भर्ती को शासनादेश का इंतजार

- गलत आय और निवास प्रमाण पत्र जारी करने की वजह से 21 केंद्रों पर नहीं हो सकी नियुक्ति

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में आंगनबाड़ी भर्ती की प्रक्रिया में धांधली को लेकर 21 केंद्रों पर लटकी नियुक्ति को लेकर शासन के आदेश का इंतजार हो रहा है। गड़बड़ी के आरोपों को लेकर हुई जांच में गलत आय और निवास प्रमाण पत्र जारी करने की वजह से इन केंद्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति नहीं हो सकी है। एसडीएम के स्तर से कराई गई जांच में 21 मामलों में फर्जीवाड़े की पुष्टि हो चुकी है।

जिले में 311 पदों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भर्ती को लेकर 10 हजार 280 आवेदन आए थे। भर्ती की प्रक्रिया पूरी कर चयनितों की सूची प्रकाशित होने के बाद मामले में आरोप लगने शुरू हुए। लगातार आ रही शिकायतों को लेकर तत्कालीन सीडीओ जग प्रवेश ने विकास भवन के पांच बाबुओं की कमेटी गठित कर जांच कराई गई। साढ़े तीन सौ के करीब शिकायतों में 53 मामले संदिग्ध लगने पर एसडीएम के स्तर से कराई गई जांच में 21 में फर्जीवाड़े की पुष्टि हुई। जांच में पाया गया लेखपालों की मिलीभगत से आय और निवास प्रमाण पत्र गलत जारी कराकर भर्ती कराई गई। गलत जारी किए गए प्रमाण पत्रों को सीडीओ ने निरस्त करने के आदेश दिए थे। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि शासन के आदेश पर भर्ती की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

# जिले में बुखार रोगी खोजी अभियान शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** एंटी मलेरिया माह के तहत बुखार रोगी खोजी अभियान शुरू हो गया है। आशा और स्वास्थ्य कर्मियों की टीमें घर-घर पहुंच रही हैं। मलेरिया विभाग के अनुसार बुखार रोगियों को चिह्नित कर मलेरिया जांच कराई जाएगी। पूरे महीने यह अभियान चलेगा।

दरअसल, जिला मलेरिया के मामलों में संवेदनशील रहा है। इस वजह से शासन स्तर से अभियान की निगरानी की जा रही है। विभाग ने सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) को अभियान में सहयोग करने के निर्देश दिए हैं। जिले में हर माह 40 हजार मलेरिया जांचें की जा रही थीं, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 60 हजार तक करने की योजना बनी है। जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि जिले में अब तक 166 मलेरिया रोगी सामने आ चुके हैं। आबादी के अनुसार मच्छरों का घनत्व जितना कम होगा, लोग मलेरिया से उतने ही अधिक सुरक्षित होंगे। इसके चलते ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों के प्रजनन स्रोतों को नष्ट कराया जा रहा है। एंटी लार्वा का छिड़काव तथा फॉगिंग भी हो रही है। डीएम के आदेश पर इस कार्य में नगर निगम व पंचायती राज विभाग को भी सहयोग करने का आदेश दिया गया है। बुखार ग्रसित सभी रोगियों की जांच के लिए सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को निर्देशित किया गया है, जिससे समय पर मलेरिया की पहचान कर त्वरित इलाज आरंभ हो सके। ओपीडी में आने वाले बुखार रोगियों की भी अनिवार्य रूप से मलेरिया जांचें करने का निर्देश दिए गए हैं।

# महंगाई और बेरोजगारी का मुद्दा जोरशोर से उठाया



सम्मेलन को संबोधित करते राज्य सचिव अरविंद राजस्वरूप। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का जिला सम्मेलन आयोजित
- 9 जुलाई को होने वाली हड़ताल के विषय में दी जानकारी

**अमृत विचार:** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का जिला सम्मेलन रविवार को नेहरू युवा केंद्र में आयोजित किया गया। पार्टी के राज्य सचिव अरविंद राज स्वरूप ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने पार्टी की नीतियां जन-जन तक पहुंचाने और पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डाला। जन विरोधी नीतियों की आलोचना कर पूंजीपतियों की सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए संविदा कर्मचारियों के लिए पेंशन और मेडिकल सुविधाओं की मांग उठाई।

ट्रेड यूनियंस के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने 9 जुलाई की अखिल भारतीय हड़ताल के विषय में जानकारी दी और कहा कि केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ देश की नौ यूनियंस और स्वतंत्र फेडरेशनों ने हड़ताल को सफल बनाने की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने बिजली कर्मचारियों के आंदोलन का समर्थन करते हुए निकाले गए संविदा कर्मचारियों को पुनः बहाल किए जाने की भी मांग की। सात सदस्यीय समिति की घोषणा की गई। जिसमें सतीश सिंह को जिला सचिव बनाया गया। संचालन करते हुए राजेश तिवारी ने विगत वर्ष की रिपोर्ट प्रस्तुत की। डॉ. पीएस पांडे, सतीश सिंह, साजिद अब्बासी, राजकरण, उमेश, राकेश बाजपेई, वीरपाल सिंह, पंकज सक्सेना आदि ने भी विचार रखे।

# परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में नाइट पेट्रोलिंग की उठाई मांग

- आईआईए के चेयरमैन ने पत्र सौंपकर कहा, लगातार हो रहीं हैं चोरी की घटनाएं, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की जरूरत

**बरेली, अमृत विचार :** परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र भी सुरक्षित नहीं रहा है। चोरों ने यहां भी सेंध लगानी शुरू कर दी है। चोरी की हुईं घटनाओं को उद्यमियों ने जिला उद्योग बंधु की बैठक में मामला उठाने के साथ ही पत्र सौंपकर नाइट पेट्रोलिंग की व्यवस्था शुरू कराने की मांग की है। आईआईए के चेयरमैन मयूर धीरवानी ने कहा है कि औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं।

मेसर्स अनुष्का इंटरप्राइजेज का भी उन्होंने हवाला दिया है। कहा कि, चोरी की घटना को लेकर पुलिस अधिकारियों को वीडियो फुटेज भी दिया गया है, लेकिन मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उद्यमी अभिषेक अग्रवाल ने औद्योगिक क्षेत्र में नाइट पेट्रोलिंग कराने की मांग की है। उद्यमियों को अधिकारियों की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आश्वस्त किया गया है।

# जन आरोग्य मेला : बुखार व त्वचा रोगियों की भरमार



मढ़ीनाथ स्वास्थ्य केंद्र पर मरीज देखतीं डॉ. रुचि। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तीन हजार से अधिक मरीजों का हुआ पंजीकरण
- जिले में त्वचा रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं

**अमृत विचार :** जिले के 71 स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन हुआ, जिसमें तीन हजार से अधिक मरीजों का पंजीकरण हुआ। सबसे ज्यादा 654 त्वचा और 254 बुखार रोगियों की संख्या रही। खास बात है कि त्वचा रोगियों को परामर्श अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दिया। जिले में एक भी त्वचा रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं है।

सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान भारत योजना के तहत शिविर भी लगाया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके। रविवार को इन शिविरों में 54 पात्रों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। जबकि टीबी के लक्षण वाले मरीजों की स्क्रीनिंग की गई।

### शासन से ही स्वीकृत नहीं किया गया पद

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि सीएमओ के अधीन शासन स्तर से ही त्वचा रोग विशेषज्ञ का पद स्वीकृत नहीं है। हालांकि मरीजों को इलाज दिया जा रहा है। गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया जा रहा है। मेले में आने वाले मरीजों के लिए इलाज संबंधी सभी संसाधन पूर्ण हैं।

# कई जिलों में जाएगी सपा की पीडीए साइकिल यात्रा



रैली में शामिल सपाई। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी कार्यालय से रविवार को पीडीए की साइकिल यात्रा का शुभारंभ किया गया। गौरव यादव की पीडीए साइकिल यात्रा को जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि, यह यात्रा पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) वर्ग के अधिकारों और सामाजिक न्याय का संदेश को लेकर निकाली गई है, जो बरेली से बदायूं, कासगंज, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, एटा, मैनपुरी, सैफई, वाराणसी, शिकोहाबाद, जौनपुर, सुल्तानपुर और कानपुर से होकर गुजरेगी। हरदोई के प्रियांशु यादव, बदायूं के अजीत कुमार, बरेली के मोहनिया निवासी गौरव सिंह साथ में चल रहे हैं। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष रविंद्र यादव, कोषाध्यक्ष अशोक यादव, महिला सभा की अध्यक्ष स्मिता यादव, अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष श्यामवीर यादव, संजीव कश्यप समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# डायरिया : बीमार बच्चों के लिए तीमारदारों की बेंचें बन गए बेड

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जिला अस्पताल में बेंच पर लेटा डायरिया से ग्रसित बच्चा। • अमृत विचार

- एक माह से जिला अस्पताल का बच्चा वार्ड मरीजों से फुल
- बेड बढ़ने की बाद भी कम पड़ गए, लगातार बढ़ रहे मरीज

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में बड़ों की तुलना में बच्चे ज्यादा डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। एक माह से जिला अस्पताल में बच्चा वार्ड मरीजों से फुल चल रहा है। स्थित यह है कि डायरिया से ग्रसित बच्चों को वार्ड में बेंच पर लिटाकर इलाज करना पड़ रहा है। आंकड़ों के अनुसार दो माह में 2065 बच्चों में डायरिया की पुष्टि हुई है।

एक माह पहले मरीजों की संख्या बढ़ने पर बच्चा वार्ड में आरक्षित 27 बेड कम पड़ गए थे, इसके बाद पांच अतिरिक्त बेड बढ़ाए गए लेकिन वो भी कम पड़ गए। अब नौबत ये आ गई है कि वार्ड में तीमारदारों के लिए डाली गईं बेंचों पर बच्चों को भर्ती करना पड़ रहा है। रविवार को भी वार्ड में 32 बेड के अलावा दो बच्चे बेंच पर भर्ती नजर आए। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा के अनुसार गर्मी में डायरिया ग्रसित बच्चों की संख्या बढ़ी है, लेकिन वार्ड में आने वाले हर मरीज को त्वरित इलाज मिले, इस संबंध में स्टाफ को निर्देशित किया गया है। सभी जरूरी दवाएं उपलब्ध हैं।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली



सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

Lifelines MEDICAL OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai





मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाइट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# बीएड प्रवेश परीक्षा : आसान रहे प्रश्न, खिल उठे अभ्यर्थियों के चेहरे

## पंजीकृत 3767 में से 3334 अभ्यर्थियों ने दो पॉलियों में हुई परीक्षा में भाग लिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को आठ केंद्रों पर हुई। पंजीकृत 3767 में से 3334 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 433 अनुपस्थित रहे। परीक्षा देकर केंद्र से बाहर आए अभ्यर्थियों के चेहरे खिले नजर आए। उनके अनुसार प्रश्न आसान रहे, जिससे उन्हें हल करने में ज्यादा समय नहीं लगा।

परीक्षा दो पॉलियों में हुई। प्रथम पाली सुबह 9 से 12 बजे और द्वितीय पाली दोपहर 2 से 5 बजे तक चली। बरेली कॉलेज और एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुल आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। किसी भी केंद्र से गड़बड़ी या अनुचित साधनों के प्रयोग की सूचना नहीं मिली।

प्रथम पाली में सामान्य ज्ञान, भाषा और सामान्य बुद्धिमत्ता जैसे विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जबकि द्वितीय पाली में शिक्षण अभिवृत्ति और विषय विशेष पर आधारित प्रश्न शामिल थे। अधिकतर अभ्यर्थियों ने कहा कि प्रश्नपत्र संतुलित रहा। खासतौर पर भाषा और शिक्षण अभिवृत्ति के प्रश्न अपेक्षाकृत सरल रहे। परीक्षा केंद्रों के बाहर ही मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर आदि प्रतिबंधित सामग्री को जमा कराया गया। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित कुमार सिंह ने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा सुचारु रूप से संपन्न हुई।



बरेली कॉलेज में बीएड प्रवेश परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

- बरेली कॉलेज और रुविवि में बनाए गए थे आठ परीक्षा केंद्र

सामान्य ज्ञान और भाषा खंड काफी आसान रहा। शिक्षण अभिवृत्ति के प्रश्न भी सीधे और व्यावहारिक रहे, जिससे हल करने में ज्यादा समय नहीं लगा।
– नुजहत, अभ्यर्थी

समय प्रबंधन इस बार आसान रहा, क्योंकि प्रश्नों की प्रकृति जटिल नहीं थी। इसलिए हल करने में कोई परेशानी नहीं हुई।
–नदीम हुसैन, अभ्यर्थी

गणित और तार्किक क्षमता के कुछ प्रश्न चुनौतीपूर्ण थे, लेकिन तैयारी अच्छी होने से दिक्कत नहीं हुई।
–भविष्य सिंह, अभ्यर्थी

परीक्षा देने के समय तक घबराहट हो रही थी। तैयारी अच्छी होने से परीक्षा में उत्तीर्ण होने के अधिक संभावना है।
– मंजरी, अभ्यर्थी

## अब 25 जुलाई को होगी संस्कृत प्रतिभा खोज परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई कर दी गई है। पहले यह तिथि 20 मई थी। कम संख्या में आवेदन आने पर मियाद बढ़ाने का निर्णय लिया गया। प्रतियोगिता में कक्षा छह से 12 तक के छात्र-छात्राएं हिस्सा ले सकते हैं।

राधा माधव स्कूल की शिक्षिका सुशीला कुमार को नोडल प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया प्रतियोगिता में शासकीय एवं सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय, माध्यमिक संस्कृत विद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं शामिल हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त शासकीय, अशासकीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, वित्तविहीन, सीबीएसई, संस्कृत बोर्ड, नवोदय और केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राएं भी इसमें भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता के लिए द्रोपदी इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इच्छुक छात्र उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की वेबसाइट http://upsanskritpratibhakhoj.com पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विजेताओं को नकद पुरस्कार मिलेगा।

## 11 दिन में 13 हजार से अधिक समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण

**बरेली, अमृत विचार :** नई शिक्षा नीति के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए इस वर्ष भी समर्थ पोर्टल के माध्यम से केंद्रीकृत पंजीकरण प्रक्रिया चलाई जा रही है। इस पोर्टल पर 20 मई से पंजीकरण शुरू हुए थे। मात्र 11 दिनों में 13,000 से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया है।

पोर्टल के माध्यम से छात्र राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एक ही स्थान से आवेदन कर सकते हैं। इससे संस्थानों में अलग-अलग फार्म भरने और दस्तावेज जमा करने की प्रक्रिया समाप्त हो जाती है। इच्छुक छात्र 30 जून 2025 तक पोर्टल पर जाकर अपना पंजीकरण कर सकते हैं। इसके बाद विद्यार्थियों को मेरिट और विकल्पों के अनुसार विभिन्न संस्थानों में प्रवेश के लिए आमंत्रित किया जाएगा। पोर्टल पर छात्रों को कॉलेजों, पाठ्यक्रमों, शुल्क ढांचे और सीटों की उपलब्धता जैसी सभी जानकारी एक ही जगह पर उपलब्ध कराई गई है।

# चित्रकला प्रदर्शनी में दिखी कलाकारों की प्रतिभा



सामूहिक चित्रकला प्रदर्शनी में पेंटिंग देखते कलाप्रेमी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ज्योति कला एकेडमी ने यामिनी आर्ट गैलरी में किया आयोजन
- अतिथियों ने वरिष्ठ कलाकारों को सम्मानित किया

**अमृत विचार :** कैंट की युगवीणा लाइब्रेरी स्थित यामिनी आर्ट गैलरी में ज्योति कला एकेडमी की ओर से सामूहिक चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन शनिवार से शुरू हो गया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और विशिष्ट अतिथि सपा के प्रदेश प्रवक्ता मयंक शुक्ला मोंटी ने किया। प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश कला प्रतिभा सम्मान से डॉ. अनु महाजन, डॉ. मुक्तामणि मिश्रा, डॉ. आंचल रोशनी अग्रवाल, सुषमा पाल, शिवली खान, प्रेम सिंह गौतम और विनोद कुमार को सम्मानित किया गया। इसके अलावा 10 वरिष्ठ कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें रोशनी गौड़, सुशील कुमार, बाल कलाकारों में विराट भारदाज, अमन श्रीवास्तव, कनक गोयल, देविका शर्मा शामिल हैं। आयोजन समिति के उमेश चंद्र, परमानन्द, श्रीकृष्ण, विभा कुमारी, वैघ अनमोल, मीना कुमारी, लाइवा नूरी, मंतशा खान शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### संडे ऑन साइकिल रैली निकाली



**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र की ओर से रविवार को फिट इंडिया मूवमेंट के तहत संडे ऑन साइकिल रैली निकाली गई। रैली भारतीय खेल प्राधिकरण से शुरू हुई, जो शास्त्री चौक, बीआई बाज़ार, गांधी उद्यान, क्लेमेंट अस्पताल से होते हुए दोबारा खेल प्राधिकरण केंद्र पर आकर समाप्त हुई। मुख्य अतिथि डॉ. डीपी गंगवार (उपाध्यक्ष, आईएसएम बरेली) और केंद्र प्रभारी गायत्री देवी कनौजिया ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतिभागियों को प्रतिदिन 30 मिनट साइक्लिंग और नियमित व्यायाम करने की शपथ दिलाई गई। कुल 120 प्रतिभागियों ने रैली में भाग लिया। कुलदीप चौधरी, शेरराज शुक्ला, रत्न गुप्ता, संतोष चौधरी आदि मौजूद रहे।

### डॉपलर के उपयोग और भूमिका पर हुई चर्चा



**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस मेडिकल कालेज में रविवार को स्त्री एवं प्रसूति रोग में डॉपलर की भूमिका पर वर्कशाप हुई। 50 से अधिक प्रतिनिधियों ने यूएसजी डॉपलर पर प्रशिक्षण लिया। विशेषज्ञ फैकल्टी एवं मास्टर ट्रेनर डॉ. भारती गहटोरी ने डॉपलर तकनीक के सभी पहलुओं, गर्भावस्था के उपचार और प्रबंधन में इसकी भूमिका और इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. शशि बाला ने कहा कि फैकल्टी और रेजिडेंट खुद को नई जानकारियों से अपडेट रखें। डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति का इस ओर फोकस है। बरेली आब्स्टेस्टिक्स एंड गायनेकोलाजी सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. लतिका अग्रवाल, डॉ. प्रगति अग्रवाल, डॉ. मृदु अग्रवाल और डॉ. रुचिका गोयल ने भी विचार रखे। वर्कशाप का आयोजन प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की ओर से हुआ।

### एक साथ चुनाव कराने की जरूरत



**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से रविवार को एक लॉन में बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें पदाधिकारियों ने कहा कि देश में छोटी– बड़ी मंडियों में से अधिकांश का अधिकरण चुनाव के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया के लिए किया जाता है। इससे मंडियों में व्यापार करने वाले व्यापारियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है। इसलिए बार–बार होने वाले चुनाव की जगह एक साथ चुनाव करने की आवश्यकता है, ताकि संसाधनों की बर्बादी रुके और विकास की गति सुचारू रूप से चलती रहे। इस दौरान राजनीतिक पार्टियों और नागरिकों से एक देश एक चुनाव के विचार का समर्थन करने की अपील की गई। महानगर अध्यक्ष कुमार गौरव शर्मा, जिला महामंत्री जसपाल सिंह बग्गा, धीरेन्द्र गंगवार, रजत मिश्रा, मनजीत सिंह, प्रतीक मिश्रा, एकांश गुप्ता, संजीव मित्तल, परविंदर पाल सिंह ,लक्ष्य अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, असीम जौहरी, अंकित सक्सेना राजीव गुप्ता, जसमीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# सफलता का श्रेय भगवान को दें : बृजेश पाठक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर के मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में रविवार को नौ दिवसीय श्री राम कथा का आरंभ हुआ।

प्रथम दिन कथाव्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा कि मानव के जीवन में जब सफलता या सम्मान आता है तो वह उसे अपनी योग्यता और विशेषता का परिणाम मान लेता है और इस कारण उसे अभिमान हो जाता है, जो पतन का कारण बनता है। इसलिए मानव का कर्तव्य है कि जब उसके जीवन में सफलता या सम्मान आए तो वह यह समझे कि भगवान की कृपा का परिणाम है। भगवान को ही इसका श्रेय दें। इससे पहले मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुशील अरोरा और सचिव रवि छाबड़ा ने कथा व्यास का स्वागत किया। रवि छाबड़ा ने बताया कि कथा 9 जून तक होगी। प्रत्येक दिन शाम को 8 से 9.15 बजे तक होगी। इस दौरान भंडारा कर प्रसाद का वितरण किया गया। अश्वनी ओबेरॉय, संजय आनन्द, गोविंद तनेजा, रंजन कुमार, हरीश लुनियाल आदि मौजूद रहे।



- हरि मंदिर में नौ दिवसीय श्री राम कथा का आरंभ

# जज बनने के लिए शुरुआत से करें लक्ष्य निर्धारित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** क्लासिक कॉलेज ऑफ लॉ में रविवार को अधिवक्ता पाल्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें 10वीं और 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार ने प्रेरणादायक संबोधन में छात्रों को न्यायिक सेवा की तैयारी के लिए स्पष्ट दिशा दी। उन्होंने कहा कि जज बनने के इच्छुक छात्रों को शुरू से ही गंभीर तैयारी करनी चाहिए। ग्रुप स्टडी, नए कानूनों का अध्ययन, कोर्ट कार्यवाही का अवलोकन और योग्य मार्गदर्शक की तलाश, इन सबका संयोजन आवश्यक है।

उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन की नींव बताया और कहा कि जब अधिवक्ता समाज अपने बच्चों को मंच पर सम्मानित करता है, तो वह एक बड़े बदलाव की शुरुआत होती है। कक्षा 12 वीं में आख्या शर्मा और उन्नति शर्मा ने 95, सात्विक गुप्ता ने 90 और 10 वीं में सूर्यवंशी जैन ने 98.80, मोहम्मद हसनैन खान ने 95 और सांवि चंद्रा ने 93 फीसद अंक प्राप्त किए थे। इन सभी मेधावियों को सम्मानित किया गया।

बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के सदस्य शिरीष मेहरोत्रा ने इस आयोजन को अधिवक्ता समाज की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। संचालन डॉ. वंकेश कुमार शर्मा और शुमाईला अंजुम ने किया। कार्यक्रम ने बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों को गर्व और प्रेरणा से भर दिया। साथ ही समाज में शिक्षा और न्याय के प्रति नई चेतना का संचार किया।



प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित हुए मेधावियों के साथ जिला जज सुधीर कुमार और शिरीष महरोत्रा। ● अमृत विचार

- क्लासिक कॉलेज ऑफ लॉ में जिला जज ने दिए जज बनने के मंत्र
- अधिवक्ता पाल्य प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी हुए सम्मानित

## टयूलिप ग्रांड में मेधावियों को सम्मानित किया

**बरेली, अमृत विचार :** टयूलिप ग्रांड सोसायटी ने रविवार को सीबीएसई 10 वीं और 12 वीं के सात मेधावी और एक इंजीनियर बेटी को सम्मानित किया। पुरस्कृत होने वालों में अंशिका प्रवाल, अक्षत, सृष्टिमनी, देविना, आरना, रूपांशी, गर्वदास, अर्नब शामिल हैं। प्रवक्ता महेश प्रवाल ने बताया कि कमलसेन, पारस, राजीव, नन्दकिशोर, अभिषेक , दीपाली, नमिता, तनुसेन, निशि, लीना का विशेष सहयोग रहा। डॉ. नीरज, डा संदीप, विवेक, मीनाक्षी मौजूद रहीं। संचालन शैलजा प्रवाल और आशी गुप्ता ने किया।

# बच्चों में छिपी प्रतिभा निखारेंगे शिक्षक और अभिभावक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीबीएसई का पैरेंटिंग कैलेंडर जारी, प्रधानाचार्यों की भी होगी वर्कशॉप

**अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने पैरेंटिंग कैलेंडर जारी कर दिया है। इसका उद्देश्य शिक्षक-अभिभावक के मजबूत रिश्ते की डोर से छात्रों की मेधा को निखारना है। इसके अलावा प्रधानाचार्यों की भी चार ऑनलाइन वर्कशॉप भी होगी। वर्कशॉप में प्रधानाचार्यों को अभिभावक स्कूल संचार को मजबूत करने के तरीके बताए जाएंगे। यह वर्कशॉप सुबह 11:30 से दोपहर 12:30 बजे तक तीन से पांच जून तक होगी।

सीबीएसई की जिला समन्वयक वीके मिश्रा ने बताया कि कैलेंडर जारी करने से पहले सीबीएसई की तरफ से सर्वे किया गया था। इसमें स्कूल से अभिभावकों का जुड़ाव होना अहम माना गया। बताया कि वर्कशॉप में कई अहम बिंदुओं पर चर्चा होगी। इसमें स्कूल और अभिभावक के बीच संबंध मजबूत होने के नए तरीके खोजे जाएंगे, ताकि विद्यार्थियों के सीखने में सुधार हो सके। वर्कशाप में स्कूल और अभिभावकों के बीच लगातार संवाद बना रहे, इसके लिए क्या करने की जरूरत है, इस पर मंथन होगा।

यही नहीं विद्यार्थी की प्रतिभा निखारने के लिए अभिभावकों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। तीन जून को एकीकृत कक्षा रणनीति, चार जून को माता-पिता की भागीदारी बढ़ाना और पांच जून को अभिभावक-बच्चे के बीच संबंध बनाने की गतिविधियां विषय पर वर्कशाप होगी।

## कन्या पूजन के बाद बालाजी मंदिर पर भंडारा

**भदपुरा, अमृत विचार:** ज्येष्ठ माह के उपलक्ष्य में रविवार को गांव नौगमा भगवंत पुर के बालाजी मंदिर पर महंत दिनेश शर्मा ने भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में सैकड़ों भक्त शामिल हुए। पहले कन्या पूजन कर हवन कराया। उन्होंने बताया कि वह इस कार्यक्रम का आयोजन आठ साल से करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को आध्यात्म की ओर अग्रसर करना है। बंटू शर्मा, दीक्षा देवी,रिंकू, प्रद्युम्न, अतुल कुमार आदि मौजूद रहे।

ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :-
7906732664
9897885429
8445507002

MAHARAJA AGRASEN MAHAVIDYALAYA, BAREILLY
Affiliated to MJP Rohilkhand University, Bareilly
MJPRU Registration Free
ADMISSION OPEN
For Session 2025-26
M.Sc. (Physics, Chemistry Mathematics, Botany, Zoology)
B.Ed. | P.G.D.C.A. | B.Ed. | M.Com. | M.A.
B.Sc. (Biotechnology) | B.Sc. (PCM/ZBC) | BCA | BBA | B.A.
B.Sc. (Home Science) | B.Com. | B.Com. (Hons.)
Campus : 11th Km. Bareilly-Lucknow Road, Near Transport Nagar, Bareilly
9012937191, 9690002586

JYOTI COLLEGE
OF MANAGEMENT SCIENCE & TECHNOLOGY
E-mail : contact@blyjyoticollege.com | Web : www.jyoticollege.com
College Code : 2430244
ADMISSION OPEN
❖ M.Sc. Nursing
❖ B.Sc. Nursing
❖ Post Basic B.Sc. Nursing
❖ G.N.M. ❖ A.N.M. ❖ D. Pharma
❖ D.M.L.T. ❖ M.Ed. ❖ B.Ed.
❖ D.P.T. ❖ D.R. Optometry
Our Facilities
• R.O. Drinking Water • Free Health Check-Up • Free Facility for Preparation of Competitive Exams • Free Personality Development Classes • Free Basic Computer Course • Free Classes for Value Added Courses • Guidance & Counseling Facility • Placement Facility
Campus : Mudiya Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly UP-243122
Head Office : Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly UP-243003
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

# दूध से बनाए गए 13 उत्पादों की लगाई प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विश्व दुग्ध दिवस पर आईवीआरआई में हुई प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** विश्व दुग्ध दिवस पर भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से रविवार को दूध से बने उत्पादों की प्रदर्शनी समेत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. एआर सेन ने बताया कि यह दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि एक वैश्विक आंदोलन है, जो दूध की पोषणात्मक और सामाजिक महत्ता को रेखांकित करता है। दूध केवल भोजन नहीं, बल्कि हड्डियों के स्वास्थ्य, शरीर की प्रतिरक्षा और विकास के लिए एक संपूर्ण आहार है, जो बच्चों से लेकर वृद्धों तक सभी के लिए आवश्यक है। दुग्ध उत्पाद प्रतियोगिता में 30 प्रतिभागियों ने 13 प्रकार के पारंपरिक एवं स्वास्थ्यवर्धक दुग्ध उत्पादों का प्रदर्शन किया। छात्रों ने दुग्ध विषय से संबंधित सुंदर रंगोलियां बनाकर कला का प्रदर्शन किया। वैज्ञानिक डॉ. आई प्रिंस देवदासन, डॉ. देवेन्द्र कुमार, डॉ. सुमन तालुकदार, डॉ. सागर चंद आदि मौजूद रहे।

# गुरुवाणी का गायन कर संगत को किया निहाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गुरु अर्जन देव का शहीदी दिवस रविवार को इज्जतनगर स्थित गुरुद्वारा साहिब में पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। विशेष कीर्तन दीवान सजाया गया, जिसमें रागी जत्थों ने गुरुवाणी का गायन कर संगत को अध्यात्मिक रस से सराबोर कर दिया।

सुबह ही संगत का गुरुद्वारे में तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने गुरु साहिब को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को नमन किया। कीर्तन दीवान में गुरु अर्जन देव की शहादत और उनके द्वारा दिए गए अध्यात्मिक और सामाजिक योगदान को याद किया गया। इस मौके पर ज्ञानी लोगों ने संगत को गुरु साहिब की शिक्षाओं और बलिदान की महत्ता के बारे में बताया।

गुरुद्वारा परिसर को फूलों और रोशनी से सजाया गया था। शबद कीर्तन में तेरा किया मीठा लागे और साच कहौं सुन लीजै सबै जैसे भावपूर्ण शबदों ने संगत को भाव-विभोर कर दिया। समापन के बाद गुरु का अटूट लंगर छकाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभाग किया। सेवादारों की ओर से लंगर वितरण और शीतल जल की व्यवस्था की गई थी। जनकपुरी गुरुद्वारे से आए सतविंदर सिंह ने बताया कि गुरु अर्जन देव जी ने धर्म की रक्षा और मानवता के उत्थान के लिए बलिदान दिया। उनकी शहादत सिख इतिहास में धर्म, सहिष्णुता और बलिदान की अद्वितीय मिसाल है। इस मौके पर संगत ने गुरु साहिब की राह पर चलने और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान राजेंद्र सिंह, गुरजीत सिंह, भूपेंद्र सिंह, दिलदार सिंह, हरपाल सिंह, गलविंदर कौर आदि मौजूद रहे।




गुरुद्वारा इज्जत नगर में गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर सजा कीर्तन दीवान और मौजूद संगत। ● अमृत विचार

- श्रद्धा के साथ मना गुरु अर्जन देव का शहीदी दिवस
- इज्जतनगर स्थित गुरुद्वारे में विशेष कीर्तन दीवान सजा



गुरुवाणी का गायन करते रागी जत्थे। ● अमृत विचार

सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक

डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज।
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)

डॉ संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAPM)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज।
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा।
सम्पर्क
प्रात: 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कालोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली।
मो.9927788842
0581-2510177

## त्योहार में खुराफात पर होगी कार्रवाई

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बकरा ईद पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए दोनों वर्ग के लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कहीं पर किसी भी तरह की कोई समस्या हो तो मुझे जानकारी दें, उसका निदान कराया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कोई कानून तोड़ने या उसे हाथ में लेने की कोशिश करेगा तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में वरिष्ठ उप निरीक्षक देशराज सिंह तोमर, संजीव कुमार, पीर मोहम्मद, प्रधान अनीस अहमद, रफीक अहमद, लल्ला खान, ठाकुर विनय सिंह समेत अन्य रहे।

### शाहमतगंज, सैलानी और शहदाना में सज रहा बकरों का बाजार, आसपास के जिलों से भी बकरे बेचने पहुंच रहे लोग

# बकरीद पर सजा बाजार, 10 से 40 हजार तक में बिक रहे बकरे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बकरीद का चांद नजर आते ही उसकी तैयारी शुरू कर दी गई। शहर में कई जगह पर बकरों की बाजार सज गई है। दूसरे जिलों से लोग बकरे लेकर शहर पहुंचना शुरू हो गए हैं। बाजार में 10 हजार से लेकर 40 हजार रुपये तक के बकरे मौजूद हैं।

बकरीद 7 जून को मनाया जाएगा। मुसलमान बकरीद पर बकरे की कुर्बानी कराते हैं। बकरीद का चांद नजर आते ही शहर के शाहदाना, जगतपुर, सैलानी और शहामतगंज के साथ किला क्षेत्र में बकरों का बाजार



त्योहार पर बकरा बेचने के लिए खड़े व्यापारी। ● अमृत विचार

सज गया है। बाजार में देशी नस्ल के बकरों के अधिक दाम लगाए जा रहे हैं। शाहदाना पर बकरा बेचने वाले दुकानदार हसनैन ने बताया उनके पास 10 हजार से लेकर 40 हजार रुपये तक के बकरे हैं। बकरीद में एक सप्ताह का समय बचने पर बकरे का बाजार गर्म हो गया है। शाम होते ही शहर में शाहदाना, शहामतगंज और सैलानी के बकरा बाजार में बकरा खरीदने के लिए लोगों का आना शुरू हो जाता है।

**सुल्तान के सबसे अधिक दाम :** शाहदाना चौराहे पर लगे बकरे के बाजार में बकरों के नाम भी रख दिए गए हैं। सुलतान नाम के बकरे के अभी तक सबसे अधिक दाम लग चुके हैं। सुलतान के बेचने वाले आलम ने बताया कि पिछले दो साल से वह सुल्तान को पाल रहे थे। अब वह उसके 60 हजार रुपये मांग रहे हैं।

### ईद-उल-अजहा को लेकर तैयारियां शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा ( बकरीद) को लेकर मस्जिदों और ईदगाह में साफ सफाई का दौर शुरू हो गया है। बाकरगंज ईदगाह में मुख्य नमाज अदा की जाएगी। वहीं दरगाह आला हजरत की तरफ से ईद पर आपसी भाईचारा कायम रखने की अपील की गई है। 7 जून को बकरीद मनाई जाएगी। बाजार में ग्राहकों की भीड़ गई है। वहीं कपड़ों से लेकर अन्य पकवानों के लिए भी बाजार में लोग खरीददारी कर रहे हैं। दरगाह आला हजरत की तरफ से अपील करते हुए कहा गया है कि ईद-उल-अजहा सादगी, प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं। कुर्बानी करते वक्त इस बात का खास ख्याल रखें कि दूसरे मजहब के लोगों को किसी तरह की तकलीफ न पहुंचे।

## क्वार्टर में संदिग्ध हालात में महिला फालोवर की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर में महिला फालोवर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बीमारी से मौत होने की बात सामने आई है।

इंस्पेक्टर कोतवाली अमित पांडेय ने बताया कि बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव रसौली निवासी कृष्णा देवी (57) के पति बरेली पुलिस लाइन में फालोवर थे। वर्ष 1992 में उनके पति की मौत हो गई थी। उसके बाद से वह पुलिस लाइन में फालोवर के पद पर तैनात थीं। शनिवार रात वह खाना खाकर सोने चली गईं। सुबह जब नहीं उठीं तो परिजनों ने उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## पुलिस को जांच में 22 और संदिग्ध मिले, सत्यापन शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को लेकर चलाए जा रहे अभियान में रविवार को भी और 22 संदिग्ध मिले हैं। वह रोहिंग्या या बांग्लादेशी नहीं हैं। पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर उसका सत्यापन करा रही है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिले में अवैध रूप से निवास कर रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों समेत संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कराने और उनका सत्यापन के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अस्थायी रूप से डेरा, टेंट, झुग्गी-झोपड़ियों में निवास कर रहे लोगों की गहनता से जांच की जा रही है।

इसी क्रम में रविवार को जिले भर की पुलिस ने 91 स्थानों पर चेकिंग करके 510 लोगों से पूछताछ की गई। इस दौरान 22 संदिग्ध व्यक्ति पाए गए। इनमें सबसे ज्यादा भमोरा के गांव सरदार नगर बल्लिया में सात और नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव ईध जागीर में छह संदिग्ध मिले हैं। सभी का सत्यापन किया जा रहा है।

# संडे मार्केट हटाने में नगर निगम और पुलिस ने हार मानी

### जाम से जूझते रहे राहगीर, एक - दूसरे को बता रहे जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इसाइयों की पुलिया से शाहमतगंज के पास तक लगने वाले अवैध रूप से लगने वाले संडे मार्केट के दुकानदारों की जड़ें गहरी हैं। कई बार प्रयास करने के बाद भी अवैध मार्केट नगर निगम और पुलिस समाप्त नहीं करा पाई है। इस वजह से रविवार को संडे मार्केट लगा रहा। इसे हटाने के लेकर नगर निगम और पुलिस देखने तक नहीं आई। इसके कारण लोगों को जाम से जूझना पड़ा।

नगर निगम के अधिकारी हर रोज अतिक्रमण हटाने का दावा कर रहे है। पर हकीकत यह है कि अभियान कुछ दिनों तक ही सक्रिय रूप से चलता है। बाद में कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली जाती है। शहर में कुतुबखाना पुल के नीचे और इसाइयों की पुलिया के पास साप्ताहिक



शाहमतगंज के पास सजा संडे बाजार। ● अमृत विचार

बाजार लगती है। इन जगहों पर अतिक्रमण हटाने और सामानों को जब्त करने का अभियान कई बार चला, लेकिन अवैध मार्केट लगना बंद नहीं हुआ है। रविवार को एक बार फिर से ईसाइयों की पुलिया, मालियों की पुलिया, कटरा चांद खां की रोड पर दुकानें सजी रहीं। सुबह से लगी दुकान देर शाम तक रहीं, लेकिन नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता देखने तक नहीं पहुंचा। पांच बार हटाया, पुलिस को लिख कर दियाअतिक्रमण हटाने वाले दस्ते के राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद ने बताया कि पांच बार लगातार अभियान चलाकर बाजार को हटाया गया है। यहां पर कई बार सामानों को जब्त किया गया है और आगे भी अभियान चलेगा। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने के बाद स्थानीय पुलिस को लिखित रूप से जानकारी दी जाती है कि फिर से कोई दुकान न लगाए। संडे मार्केट को लेकर नगर निगम से पुलिस के अधिकारियों को भी पत्र भेजा जा चुका है।

## पत्नियों का कहर : एक ने मारा चाकू तो दूसरी ने की पिटाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दोनों मामलों में पतियों ने अलग-अलग थानों में तहरीर देकर दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** घरेलू विवाद में पत्नियां हिंसक होती जा रही हैं। दो अलग-अलग स्थानों पर पतियों से घरेलू विवाद होने के बाद पत्नियां हमलावर हो गईं। एक मामले में पत्नी ने भांजी के साथ मिलकर पति पर चाकू से हमला किया। वहीं, दूसरे प्रकरण में पत्नी ने पति की पिटाई कर दी और सोने की चेन छीनने की कोशिश की। दोनों पीड़ितों ने अलग-अलग थानों में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**पत्नी ने किया भांजी के साथ मिलकर चाकू से हमला:** बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला चक महमूद निवासी वारिश ने बताया कि पत्नी निशी से शनिवार रात 11 बजे विवाद हो गया था।

इससे नाराज पत्नी ने अपनी भांजी सबा के साथ मिलकर उन पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। बचाव करने पर उनके हाथ और सीने पर चाकू से कई जख्म हो गए हैं। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने निशी और सबा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### तलाक न देने पर रास्ते में पत्नी ने पीटा

अजय कुमार ने इज्जतनगर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह इज्जतनगर रोड नंबर 5 पर रहते हैं। उनका विवाह 2020 में आरती से हुआ था। वह रेलवे में कर्मचारी हैं। शादी के बाद से ही आरती विवाद करती रहती है। वह शनिवार की सुबह 9 बजे दूध लेने जा रहे थे। साथ में बेटी अमायरा भी थी। इसी दौरान पत्नी आ गई और बच्ची को छीन लिया। जब वह बच्ची को दोबारा गोद में उठाने लगे तो पत्नी ने उनके गले में पड़ी सोने की चेन छीन ली और मारपीट करने लगी। हाथ में दांतों से काट लिया, जिससे वह घायल हो गए। उन्होंने यूपी 112 पर कॉल की। आरोप है कि आरती उनसे अक्सर तलाक के दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने को कहती है। धमकी दी है कि जब तक तलाक नहीं देगा तब तक इसी तरह मारपीट करती रहेगी। शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी पत्नी आरती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरुष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरुवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559

### चिराग तले अंधेरा



नगर निगम के पिछले गेट की सड़क पर दुकानदर कब्जा करके व्यापार कर रहे हैं। पूरे शहर में नगर निगम अतिक्रमण हटा रहा है, लेकिन कार्यालय के पीछे ही अतिक्रमण नहीं हटा पा रहा है। फोटो : हरदीप सिंह टोनी

### ढाई माह में हुई 34 प्रतिशत गेहूं की खरीद

**बरेली, अमृत विचार :** मंडल में सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीद शुरू हुए ढाई माह बीत चुका है, लेकिन अब तक 34 प्रतिशत ही गेहूं की खरीद हो पाई है। अफसर इसकी वजह आढ़तों पर किसानों को निर्धारित मूल्य से ज्यादा कीमत पर गेहूं खरीदना बता रहे हैं। हालांकि प्रदेश में गेहूं खरीद में बरेली मंडल की स्थिति बेहतर है। शासन से निर्धारित लक्ष्य 4,23,500 एमटी गेहूं खरीद के लिए मंडल भर में विभिन्न एजेंसियों के 576 क्रय केंद्र खोले गए हैं। 17 मार्च को खरीद आरंभ हुई थी। सर्वाधिक खरीद शाहजहांपुर में हुई है। यहां 5582 किसानों से 48,529 एमटी गेहूं खरीदा गया है। दूसरे नंबर पर पीलीभीत में 41,819 एमटी गेहूं 4073 किसानों से, तीसरे नंबर पर बरेली में 29,578 एमटी गेहूं 5555 किसान से, चौथे नंबर पर बदायूं जिले में 2350 किसानों से 23,999 एमटी गेहूं खरीदा गया है।

## आकांक्षात्मक ब्लॉकों में योजनाओं का हाल जाना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विशेष सचिव स्तर के अफसरों ने 50 इंडीकेटर्स पर योजनाओं को परखा, शासन को देंगे रिपोर्ट

**अमृत विचार :** जिले के आकांक्षात्मक ब्लॉकों में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की विशेष सचिव स्तर के नामित किए गए तीन नोडल अफसरों की ओर से समीक्षा की गई। नोडल अधिकारियों ने तीन दिन तक बिंदुवार योजनाओं की स्थिति को जाना। अब इस रिपोर्ट शासन को सौंपेंगे।

मुख्यमंत्री के आदेश पर आकांक्षात्मक ब्लॉकों में 30 मई से 1 जून तक स्थलीय निरीक्षण कर स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पोषण, आधारभूत अवसंरचना, संबंद्ध सेवाएं, सामाजिक विकास समेत 50 इंडीकेटर्स पर समीक्षा की गई। आकांक्षात्मक ब्लॉक बहेड़ी और फतेहगंज पश्चिमी में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा वित्त विभाग के विशेष सचिव जयशंकर दुबे, दमखोदा की समीक्षा अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल, शेरगढ़ की समीक्षा विशेष सचिव व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग अभिषेक सिंह द्वितीय ने की। नोडल अधिकारियों ने रविवार को सभी बिंदुओं पर समीक्षा पूरी करने के बाद दोपहर में सर्किट हाउस में रुके। समीक्षा के संबंध में जानकारी स्थानीय स्तर पर साझा नहीं की गई है। बताया जाता है कि सभी नोडल अधिकारी अपनी-अपनी समीक्षा रिपोर्ट शासन को सौंपेंगे। इसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

B.I.U.
Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं 28 हजार महिलाएं बनीं लखपति दीदी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वित्तीय वर्ष 2024-25 में शुरू हुई थी योजना, 54 हजार महिलाओं के लिए मिला था लक्ष्य
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने पंजीकरण कराकर महिलाओं की बनवाई बैलेंस सीट

**अमृत विचार :** स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 28 हजार महिलाएं लखपति दीदी बन गईं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने महिलाओं का रजिस्ट्रेशन कराने के बाद बैलेंस सीट बनवाकर पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करा दी। 54 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए विभाग की ओर से तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं।

दरअसल, वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय लखपति दीदी योजना की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य था कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक जीवन स्तर को ऊंचा उठाया जा सके। शासन से बीते वित्तीय वर्ष में 54 हजार महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल करने का लक्ष्य विभाग को मिला था।

विभागीय पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार, अब तक 28 हजार स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लखपति दीदी में शामिल कर लिया गया है। सर्वे में करीब 20 से 22 हजार महिलाएं ऐसी पाई गईं, जो पहले से एक लाख 20 हजार रुपये तक एक वर्ष में कमा ले रहीं थी, जबकि पांच से छह हजार उन महिलाओं को चुना गया, जिनकी आय 20 से 40 और 60 से 80 हजार रुपये तक सालाना थी। इनकी वार्षिक आय को बढ़ाने के लिए विभाग की ओर से कोशिशें की गईं। भैंस पालन, मुर्गी पालन, जरी-जरदोजी, खेती-बाड़ी के काम के लिए प्रोत्साहित करते हुए वार्षिक आय एक लाख 20 हजार करते हुए तिमाही बैलेंस सीट तैयार करा दी गई है। हालांकि, 54 हजार लक्ष्य के सापेक्ष चयन 57 हजार से अधिक का कर लिया गया है। जिले में करीब 13 हजार स्वयं सहायता समूह संचालित हैं, जिसमे एक लाख 40 हजार से अधिक महिलाएं शामिल हैं।

उपायुक्त स्वतः रोजगार योगेंद्र लाल भारती के अनुसार लखपति दीदी योजना में चयनित होने वाली समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया जाता है। सालाना आय बढ़ाने और कारोबार में वृद्धि के लिए पांच लाख रुपये तक लोन भी दिलाया जाता है। लखपति दीदी बनाने के लिए कम वार्षिक आय वाली महिलाओं की कमाई एक लाख रुपये से अधिक कराने के लिए उन्हें रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## आबकारी विभाग और पुलिस की अनदेखी से परोसी जा रही शराब

**बरेली, अमृत विचार :** आबकारी विभाग और पुलिस की अनदेखी से बैरियर टू क्षेत्र में होटलों और ढाबों पर शाम होते ही जाम झलकने लगते हैं। पुलिस अधिकारियों को भेजे पत्र में गांव कटिया के विजय पाल ने आरोप लगाया है कि पीलीभीत रोड पर बैरियर टू चौकी क्षेत्र में कई होटलों और ढाबों पर शाम होते ही शराब बिकने लगती है। बताया कि क्षेत्र के एक छुटभैये नेता के ढाबा पर आए दिन शराब पिलाई जाती है। आरोप है कि कुछ होटलों और ढाबों पर शराब के बहाने बाहर से आने वाले तस्करों और गैर कानूनी कार्य करने वालों की डील होती है। छह माह पूर्व ढाबों पर आबकारी और पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की थी, तब कुछ दिनों के लिए होटल और ढाबा स्वामी शांत हो गए थे। अब दोबारा ये काम शुरू हो गया है। वहीं इज्जतनगर पुलिस का कहना है कि पुलिस प्रतिदिन चेकिंग अभियान चला रही है। यदि किसी होटल या ढाबे पर शराब पिलाई जाती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** तेज रफ्तार कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे पिता पुत्र गंभीर घायल हो गए। रविवार शाम 4:00 बजे गंगापुर निवासी रामोतार सक्सेना बेटे विजय के साथ बाइक से नवाबगंज से वापस लौट रहे थे। हाईवे पर पेट्रोल पंप के पास पीछे से तेज गति से जा रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। कार चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया।आसपास के लोगों ने घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बरेली रेफर कर दिया। घायल पिता की हालत गंभीर बनी हुई है।

### बकरीद भाईचारे और शांति से मनाएं

**मीरगंज, अमृत विचार :** बकरीद और आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने कहा बकरीद का त्योहार भाईचारे और शांति से मनाएं। बकरीद के लिए निर्धारित समय पर नमाज अदा करें और किसी भी तरह की नई परंपरा का कोई भी कार्य न करे। सीओ अंजनी कुमार तिवारी ने कहा कि बकरीद के त्यौहार पर पुलिस सुरक्षा को लेकर सभी जगह अलर्ट रहेगी। किसी भी भ्रामक खबर पर भरोसा न करें और पुलिस का सहयोग ले। प्रभारी निरीक्षक प्रयागराज सिंह ने कहा खुले में कुर्बानी न करें। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं होगी। किसी भी प्रकार के अवशेष बाहर नहीं फेंके जाएंगे। नियम अनुसार गड्ढों में दबाए जाएंगे।

### रंजिशन मजदूर को पीटा चार लोगों पर रिपोर्ट

**नवाबगंज, अमृत विचार :** रंजिशन दबंगों ने घर में घुसकर एक व्यक्ति से मारपीट की, जिससे उसका हाथ टूट गया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। गांव रघुनाथपुर निवासी वीरेंद्र कुमार ने बताया शनिवार दोपहर नारायन लाल उसे मजदूरी के पैसे देकर लौट रहा था, इसी दौरान रास्ते में मांगलीराम की भैस बंधी थी, जिसने नारायन लाल को उठाकर पटक दिया, जिसका उसने विरोध किया तो मंगली और भतीजा जसवीर ने उसे गालियां दी, बोले भैंस यही बांधेंगे। इसके बाद वह वहां चला गया। कुछ देर बाद मंगलीराम अपने भाई पप्पी, एवरन के साथ लाठी- डंडे लेकर उसके घर में घुस आए और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### पूर्व प्रधान खेत पर जबरन करना चाह रहा कब्जा

**कैंट, अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने गांव के पूर्व प्रधान पर खेत में खड़ी गन्ने की फसल को जोतकर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है विरोध करने पर उसे और उसकी बेटी के साथ दबंगों ने मारपीट की। पीड़ित ने कैंट थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कांधरपुर निवासी राजू साहू ने बताया कि उनके खेत में गन्ने की फसल लगी है। रविवार दोपहर 12 बजे पूर्व प्रधान और उसके साथ 8-10 अज्ञात लोग ट्रैक्टर लेकर आए। और उसके खेत में लगी फसल को जोत डाला। जबरन उस पर कब्जा करने की कोशिश करने लगा। विरोध करने पर उसे और उसकी बेटी से मारपीट की।

# नाला निर्माण में घटिया सामग्री लगाने पर ग्रामीणों का हंगामा

## प्रधान पर निर्माण के दौरान पक्षपात करने का आरोप

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत में चल रहे नाला निर्माण में घटिया सामग्री लगाने और कब्रिस्तान की सुरक्षा दीवार न उठाने को लेकर ग्रामीणों ने चल रहे निर्माण कार्य को रोकने के लिए बीडीओ को प्रार्थना पत्र देकर उचित और निष्पक्ष काम कराने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है बीडीओ ने प्रार्थना पत्र लेने से किया इन्कार और ग्रामीणों को झगड़ा करने का सुझाव दिया उसके बाद ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर की शिकायत।

कुआंडांडा की ग्राम पंचायत मेहतरपुर तेजा सिंह के ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में ग्राम निधि से नाला निर्माण कार्य चल रहा है, पहले तो उसमें घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, इसके साथ ही गांव में बने कब्रिस्तान की सुरक्षा दीवार न बनाकर सिर्फ नाले की दीवार बनाई जा रही है, जिससे गांव का गंदा पानी कब्रिस्तान में जाएगा वहीं नाला निर्माण में हो रही अनियमितताओं की शिकायत करने जब गांव के लोग खंड विकास अधिकारी के पास ब्लॉक कुआं डांडा पहुंचे तो ग्रामीणों का आरोप है उन्होंने प्रार्थना पत्र लेने से मना करते हुए उन लोगों को झगड़ा करने का सुझाव दिया और कहा कि गांव में झगड़ा कर लो निर्माण कार्य रुकवा दो उसके बाद ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस फरीदपुर में शिकायत करते हुए।ग्रामीणों का आरोप है प्रधान गांव में पार्टी बंदी करते हुए विपक्षी लोगों के घरों की दीवारों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से जेसीबी से खुदान कराया था। आरोप है नाला निर्माण में कुछ लोगों के मकान की दीवार तोड़ने की धमकी दी गई। कायत करने वालों में अख्तर सिराज अहमद असरफ अली मोहम्मद अली रहमतुल्ला गुड्डू आदि मौजूद थे।


गांव में चल रहा नाला निर्माण का काम। ● अमृत विचार

> गांव में किसी के साथ पक्षपात नहीं होगा सभी गांव वाले हमारे परिवार के सदस्य हैं।उनकी समस्या हमारी खुद की समस्या है। हम हर कदम गांव के लोगों के साथ हैं।
> **बेवी नाज,** प्रधान मेहतरपुर तेजा सिंह

> हमारे पास इस तरह की कोई शिकायती पत्र नहीं आया है ,अगर आती है तो उसका निस्तारण कराया जाएगा। ग्रामीणों की जो समस्या है उसका निस्तारण तुरंत कराया जाएगा।
> -**कुलदीप कुमार ,** बीडीओ भुता

# अब केसरपुर गांव में दो घरों को चोरों ने बनाया निशाना

संवाददाता, गुलड़िया

● क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी से ग्रामीणों में आक्रोश

**अमृत विचार:** सिरौली थाना क्षेत्र के गांव केसरपुर में दो घरों को चोरों ने निशाना बनाया। ताले तोड़कर रखा सामान चुरा ले गए ।ग्रामीणों ने बताया दोनों ही परिवार के लोग दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं।

गांव निवासी जाकिर खान और इलियास खान के घरों में शनिवार की रात चोरों ने घुसकर हजारों का सामान चुरा ले गए। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मंगलवार रात को गनेशपुर गांव में 6 घरों में चोरी हुई थी और उसी रात पिपरिया उपरला गांव में दो घरों में चोरी हुई थी उसके दूसरे दिन नवाबपुरा में भी पूर्व प्रधान के घर से चोरों ने लाखों का सामान चुरा ले गए शनिवार रात केसरपुरा गांव में चोरों ने दो बंद घरों को निशाना बनाया। थाना अध्यक्ष सिरौली राम रतन ने बताया दो घरों से चोरी की सूचना मिली थी दोनों घर काफी दिन से बंद पड़े हुए थे और उसमें छोटे-छोटे ताले लगे हुए थे जांच की जा रही है।

### परिवार वाले दावत में गए चोरों ने खंगाला घर

**फरीदपुर, अमृत विचार :** परिवार वाले रिश्तेदारी में आयोजित दावत में शामिल होने गए तो चोरों ने बंद मकान का ताला चटकाकर नकदी और गहने चुरा ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई। सौरव वर्मा निवासी लाइन पार मठिया ने बताया वह 30 मई की रात रिश्तेदार संदीप वर्मा के घर दावत में गए थे, 31 मई को सुबह 10 बजे घर लौटे तो देखा कि उनके कमरे का कुंडा और ताला टूटा हुआ था। कमरे में रखे डबल बेड के बक्से में लोहे के टिन के डिब्बे को तोड़कर उसमें रखी नकदी और गहने चुरा ले गए। उसने यूपी 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को दो स्थानीय संदिग्ध व्यक्तियों के नाम पुलिस को बताए है पुलिस ने एक युवक की हिरासत में लेकर पूछताछ कर ली है। घटना स्थल पर एक लोहे की सरिया भी बरामद हुई है, जिससे संदेह है कि चोरों ने ताला तोड़ने के लिए इसका इस्तेमाल किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### सच्चे जीवन का आधार है आर्य पद्धति: योगेश भारद्वाज



**नवाबगंज , अमृत विचार :** आर्य समाज के शताब्दी वर्ष पर आयोजित वार्षिकोत्सव के तीसरे दिन रविवार को वैदिक प्रवक्ता योगेश भारद्वाज ने वेदों को आदि ग्रंथ बताते हुए कहा कि वेद हमें उत्कृष्ट जीवन जीने का मार्ग बताते हैं ।इसके साथ ही आर्य पद्धति को सच्चे जीवन का आधार बताया। उन्होंने आर्य समाज के संस्थापक दयानन्द सरस्वती के जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए जीवन के कल्याण के लिए आर्य पद्धति को सर्वोत्तम बताया ।ईश्वरीय सत्ता की महत्ता पर उनके गाए गए गीत – प्रभु सारी दुनिया से ऊंची तेरी शान , पर श्रेता मगन हो गए ।आर्य विदुषी कल्याणी आर्या ने भी मनोहारी भजन गाए ।आयोजन में पूर्व पालिकाध्यक्ष रविन्द्र सिंह राठौर , केंद्रीय श्रम बोर्ड के सदस्य भुजेन्द्र प्रताप सिंह गंगवार, राकेश गंगवार, आर्य समाज के संस्थापक सदस्य विश्वामित्र कोहली, मुरारी लाल , श्याम रस्तोगी, आचार्य धर्मपाल यादव व पूर्व सभासद प्रिन्स कपूर के साथ ही बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया ।

### स्कंद षष्ठी पर राहगीरों को शरबत पिलाया



**रिठौरा, अमृत विचार :** गांव मुंडिया अहमदनगर में रविवार को स्कंद षष्ठी के पावन पर्व पर समाजसेवी सुरेंद्र ने ब्रह्मदेव स्थल पर राहगीरों को हलवा,चना के साथ शरबत पिलाया। जिससे राहगीरों ने राहत की सांस ली। इस पुनीत कार्य में पुष्पा देवी, ऋतिक, रचित, तनुज, अरूण, विपिन यादव का विशेष सहयोग रहा।

### स्कूटी और साइकिल में टक्कर , दो लोग घायल

**आंवला, अमृत विचार :** स्कूटी और साइकिल में हुई टक्कर से दो लोग घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां हालत गम्भीर होने पर डॉक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बे के मोहल्ला ताड़गंज निवासी ओमप्रकाश कश्यप ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र आंवला के कार्यालय में सेवादार हैं। रविवार की रात्रि करीब 8 :30 बजे वह कार्यालय से साइकिल से घर जा रहा था। इसी दौरान पुरैना स्टेशन रोड पर एक स्कूटी सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे ओमप्रकाश कश्यप और स्कूटी सवार शिवम शर्मा दोनों घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है।

### हाथ में रखो थैला , देश न करो मैला: अरुण कुमार



**रिठौरा, अमृत विचार :** राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में शनिवार को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से संस्थान परिसर में वृहद पर्यावरण जन- जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उन्मूलन एवं विकल्प पर पर्यावरणविदों ने विचार रखे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, लखनऊ, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी चंद्रेश कुमार, संस्थान के सचिव राकेश कुमार अग्रवाल, ट्रस्टी डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, पीयूष गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने पर्यावरण संरक्षण के उपायों से संग्रीहित पर्यावरण से परिचय पुस्तिका का विमोचन किया । उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने के लिए हाथ में रखो थैला, देश न करो मैला, का मूल मंत्र दिया। शहर उद्योग जगत से आए उद्यमियों को प्रदूषण जनित कारकों से पर्यावरण को बचाने के लिए उचित निस्तारण की शपथ दिलवायी। इस मौके पर डीन डॉ. साकेत अग्रवाल, निदेशक डॉ. पंकज शर्मा, डॉ.अनिल कुमार, रजिस्ट्रार दुष्यन्त माहेश्वरी का आयोजन में सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर स्वतंत्र गुप्ता ने किया।

### वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति ने निकाली तिरंगा यात्रा



**फरीदपुर, अमृत विचार :** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति फरीदपुर की ओर से कर्नल सोफिया कुरैशी एवं विंग कमांडर व्योमिका सिंह के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजय बहादुर गौड़ के नेतृत्व में नगर के लगभग 40 लोगों ने भाग लिया, यह यात्रा आर्य समाज मंदिर से साहूकारा होते हुए एवं बक्सरिया मोहल्ला होते हुए स्टेशन रोड से फरीदपुर थाने तक संपन्न हुई। उसके बाद फरीदपुर के एसएचओ से वरिष्ठ नागरिकों ने शिष्टाचार भेंट की इस यात्रा की अगुवाई कैप्टन आरबी सिंह तथा कैप्टन पीसी शर्मा ने की। हाजी मोहम्मद अहमद ने इस यात्रा में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के बैनर को लेकर बड़े उत्साह से भाग लिया। दीपक कुमार सक्सेना ने नेतृत्व किया।

### गर्मी से बढ़ रहे डायरिया और वायरल के मरीज

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी की वजह से क्षेत्र में वायरल एवं डायरिया का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है ।स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते लोग झोलाछापों से इलाज कराने को मजबूर हैं। आलम यह है हर गली- मोहल्ले एवं हर गांव में वायरल, डायरिया से पीड़ित देखने को मिल रहे है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उचित व्यवस्था नहीं हो होने से लोग झोलाछाप के यहां इलाज करा रहे है। ये लोग बिना जांच कराए मरीजों का इलाज करते हैं, कई बार मामला बिगड़ जाने पर बरेली रेफर कर देते है। इसके अलावा क्षेत्र में सफाई नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है ।जिससे संक्रामक रोग पैर पसार रहे हैं ।बावजूद इसके ग्राम पंचायतें एवं नगर पंचायत भी आंखें मूंदे बैठे हुए है । प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव दिवाकर ने बताया कि इस समय लोग खानपान का ध्यान रखें और खुले में रखी हुई चीजों का सेवन न करें तथा शीघ्र स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर अपना उपचार कराएं ।

# विधानसभा चुनाव लड़ने के दावेदारों से की चर्चा


सपा की बैठक में शामिल पूर्व संभल जिलाध्यक्ष फिरोज खान। ● अमृत विचार

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार:** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कस्बे के एक बरात घर में रविवार को समाजवादी पार्टी के संगठन की विशेष बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सुरेश गंगवार ने की।

बैठक में लखनऊ से अखिलेश यादव के भेजे गए विशेष दूत संभल के पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खान ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं से मुलाकात कीं। जिसमें पूर्व विधायक शराफत यार खान, जिला उपाध्यक्ष मनोहर पटेल, साधना लोधी एडवोकेट, सुरेश गंगवार, नावेद खान,राम बहादुर लोधी, भद्रसेन गंगवार, सहित करीब बारह लोगों ने मीरगंज विधान सभा से चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त कर अपने - अपने दावे पेश किए। फिरोज खान ने कहा भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी हैं। विधानसभा अध्यक्ष सुरेश गंगवार ने कहा जनता महंगाई से परेशान है, देश में विकास पर कोई सवाल न पूछे इसलिए उसे हिंदू - मुस्लिम के मुद्दों में उलझाया जा रहा है।इस दौरान जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप, विधानसभा अध्यक्ष सुरेश गंगवार, नावेद खान, भद्रसेन गंगवार, शिवम सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र यादव,जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

# अफीम और डोडा के साथ छह गिरफ्तार

संवाददाता, आंवला


डोडा चूरा के साथ पकड़े गए आरोपियों को जेल भेजती पुलिस। ● अमृत विचार

● आरोपियों से 500 ग्राम अफीम और 42 किलो डोडा चूरा बरामद

**अमृत विचार:** पुलिस ने शनिवार रात दो अलग -अलग स्थानों से आधा किलो अफीम और 42 किलो डोडा बरामद किया है। दोनों स्थानों से छह लोग पकड़े गए, जबकि एक व्यक्ति भाग गया। पुलिस ने दो बाइक और एक टैंपो सीज कर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

इंस्पेक्टर आंवला कुंवर बहादुर सिंह ने बताया शनिवार की रात रामनगर स्थित जैन मंदिर के पास से दो बाइकों पर सवार 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से पांच सौ ग्राम अफीम बरामद हुई है। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम जाबिर निवासी लाई फरीदपुर कुंवरगांव बदायूं, सोनू निवासी मोहल्ला नई बस्ती कस्बा बिनावर बदायूं, और हसीब निवासी मोहल्ला बगिया कस्बा अलीगंज बरेली बताया है। उनका एक साथी सब्लू निवासी अलीगंज बरेली हाल निवासी मोहल्ला नई बिनावर बदायूं फरार होने में कामयाब हो गया। पुलिस ने बताया कि जाबिर पर एक, सोनू पर एक और हसीब पर विभिन्न थानों में दस मुकदमे दर्ज हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि शनिवार की रात्रि में ही किशनपुर गौंटिया गांव के समीप से एक टेंपो को डोडा के साथ पकड़ा है। तीन लोग चार प्लास्टिक के कट्टो में 42 किलो डोडा लेकर जा रहे थे। जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम भूपराम, जगदीश निवासी किशनपुर गौंटिया आंवला, होराम निवासी कसूमुराह आंवला बताया है। पुलिस ने दोनों घटनाओं में शामिल दोनों बाइकें और एक टेंपो सीज कर दिया। 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पकड़े गए छह लोगों को जेल भेज दिया।

# मारपीट और पथराव के मामले में 10 पर रिपोर्ट

संवाददाता, गुलड़िया

● प्रधान और पूर्व प्रधान के बीच चल रहे विवाद में दर्ज हुए तीन मुकदमे

**अमृत विचार :** प्रधान और पूर्व प्रधान के बीच चल रहे विवाद में हुई मारपीट में अब तक दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तीन मुकमदे दर्ज हो चुके है।

सिरौली थाना क्षेत्र के केसरपुरा में रविवार को अकीलुद्दीन ने बताया शनिवार शाम 6:00 बजे गांव के ही जहांगीर बेग, फैजान बेग, नाजुक बेग, अकरम बेग,असलम बेग, मुशर्रफ बेग, नुसरत बेग, इशरत बेग, आलिम बेग और लाल एक फेसबुक स्टेटस की कहासुनी को लेकर सभी लोग लाठी डंडे लेकर घर पर आ गए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की और उसके घर पर पथराव करने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे, पथराव से उसके परिजन भी घायल हो गए। अकीलुद्दीन ने सिरौली थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है ।

### नशे में दिव्यांग से की मारपीट

**नवाबगंज, अमृत विचार :** एक शराब ने नशे में रविवार शाम एक दिव्यांग की बुनियाद उखाड़ दी, जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की ।पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया बिसन सहाय निवासी दिव्यांग भीमसेम ने बताया रविवार शाम 8 बजे गांव के ही व्यक्ति ने शराब के नशे में उसकी पांच साल पहले भरी बुनियाद को उखाड़ दिया, विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करने लगा। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने बताया दिव्यांग से तहरीर प्राप्त हुई जिसकी जांच की जा रही है।

### रामगंगा में डूबे किशोर का शव बरामद

**राजपुर कलां, अमृत विचार:** रामगंगा में नहाते समय शनिवार को डूबे किशोर का शव पुलिस ने देर रात गोताखोर की मदद से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

थाना प्रभारी निरीक्षक राजित राम ने बताया शनिवार को 4:00 बजे थाना सीबीगंज के गांव गौतारा के नेत्रपाल का पुत्र देवेंद्र (17) रामगंगा के किनारे अन्य बच्चों के साथ पशु चरा रहा था, जो गर्मी से निजात पाने के लिए रामगंगा में नहाने लगा। इसी दौरान गहरे पानी में जाने से डूब गया। जानकारी होने पर खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने उसे नदी में खोजने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली, सूचना पर गैनी चौकी इंचार्ज सुनील भारद्वाज के साथ वह फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी सीओ आंवला नितिन कुमार को दी, वह देर रात तक अलीगंज थाना पुलिस के साथ रामगंगा किनारे डटे रहे। चौबारी गांव से बुलाए गए गोताखोरों रात 11:बजे शव बरामद कर लिया।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# करणी सेना के मंडल अध्यक्ष बने डॉ. यशपाल सिंह

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष चैतन्य सिंह राणा ने रविवार को कस्बे में बैठक कर बरेली मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए नई बस्ती निवासी डॉ. यशपाल सिंह रामू को बरेली मंडल का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पवनराज मिश्रा और उमेश चंद्र शास्त्री को मंडल प्रचारक नियुक्त किया है। करणी सेना की नई कार्यकारिणी गठित होने पर प्रशांत मिश्रा, सुधीर सिंह, ऋषभ मिश्रा, पंकज ठाकुर आदि ने प्रसन्नता जाहिर की। डॉ. यशपाल सिंह ने बताया जल्द संगठन का विस्तार होगा।

# लकड़ी बीनने गई बच्ची से की छेड़खानी, रिपोर्ट

संवाददाता, गुलड़िया

● परिजनों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार:** जंगल में लकड़ी बीनने गई किशोरी से एक युवक ने छेड़खानी की, जानकारी होने पर ग्रामीणों ने पहुंचकर आरोपी को पकड़कर पुलिस को बुलाकर सौंप दिया।

सिरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया उसकी बेटी (11) जंगल में कोर्ट माजरा के पास लकड़ी बीनने छोटी बहन और अन्य बच्चों के साथ गई थी, इसी दौरान उसे एक व्यक्ति जबरी पकड़कर बाग की ओर ले गया। इस दौरान उसकी छोटी बहन रोते हुए गांव की तरफ आई, रास्ते में मौजूद लोगों को पूरा घटनाक्रम बताया। इसके बाद लोग भागकर वहां पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया, उसने अपना नाम राजू मौर्य निवासी सुजाता थाना मीरगंज बताया है।

गांव के लोगों ने पुलिस को सूचना देकर इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पिता की तहरीर पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### युवक पर किया धारदार हथियार से हमला

**भुता, अमृत विचार :** दबंगों ने एक युवक को जान से मारने के उद्देश्य से धारदार हथियार से हमला करके घायल कर दिया, पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। गांव सिंघाई मुरावान निवासी कालीचरण ने बताया रविवार सुबह कल्लू के घर से अपने घर जा रहा था, रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे एक युवक ने जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर धारदार हथियार( हंसिया ) मारकर घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए ।आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चला गया। आरोपी पीड़ित पर पहले भी जान से मारने की नीयत से हमला कर चुका है जिसकी शिकायत पीड़ित ने पूर्व में भी थाने में दर्ज कराई थी। कालीचरण ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्वाई की मांग की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
आवश्यकता है
प्राचार्य /असि. प्रो. एलएल.एम./ एलएल.बी. व बी.ए.एलएल.बी. विधि, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी व इतिहास विषयों के लिए। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अन्दर अपने सम्पूर्ण शैक्षिक अभिलेखों सहित बायोडाटा भेजे। योग्यता व वेतन UGC मानकानुसार।
ईमेल-asianvidhi@gmail.com
मोबाइल नं. 9837175862
एशियन विधि एवं न्यायिक विज्ञान महाविद्यालय, खामपुर उर्फ गंगापुर नवाबगंज (बरेली)

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अनाहूत: प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधम:॥

मूर्ख व्यक्ति बिना आज्ञा लिए किसी के भी कक्ष में प्रवेश करता है, सलाह मांगे बिना अपनी बात थोपता है तथा अविश्वसनीय व्यक्ति पर भरोसा करता है।

## संपादकीय

# शुद्ध एफडीआई में गिरावट

भारत जहां तेजी से विकास कर रहा है, वहीं चिंता की बात है कि विदेशी कंपनियां भारत में निवेश किए गए धन को वापस अपने देश ले जा रही हैं। यह प्रवृत्ति भारत में शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के स्तर को कम कर रही है। इसका मतलब है कि भारत में विदेशी निवेश की शुद्ध मात्रा कम हो रही है। एफडीआई को लेकर हाल के सरकारी आंकड़ों से स्पष्ट है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में शुद्ध एफडीआई सिर्फ 0.4 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 10.1 अरब डॉलर था। यानी इसमें करीब-करीब 96 फीसदी की गिरावट आई है। दूसरी ओर, सकल एफडीआई यानी कुल विदेशी निवेश में 13.7 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है, जो अब 81 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। नेट एफडीआई में गिरावट से साफ है कि भारत में भले ही निवेश आया हो, लेकिन उसी समय बड़ी मात्रा में पैसा बाहर भी गया है। सवाल उठता है कि क्या विदेशी कंपनियों में धन वापस भेजने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यानी कुछ कंपनियां भारतीय बाजार में अपनी हिस्सेदारी कम कर रही हैं। हालांकि एफडीआई में कमी सिर्फ भारत की समस्या नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक ट्रेंड है, लेकिन यह प्रवृत्ति भारत के लिए एक चिंता का विषय है क्योंकि यह भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है। शुद्ध एफडीआई की कमी से भारत में रोजगार सृजन, आर्थिक विकास और नवाचार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

वास्तव में, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किसी देश की अर्थव्यवस्था का एक आवश्यक चालक है क्योंकि ये नौकरी बाजार, तकनीकी ज्ञान के आधार को बढ़ावा देते हैं और गैर-लोन वित्तीय संसाधन प्रदान करते हैं। 1991 के आर्थिक संकट के बाद भारत में आर्थिक उदारीकरण शुरू हुआ और तब से भारत में एफडीआई में लगातार वृद्धि हुई है, जिसके बाद करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा हुईं। सरकार ने एफडीआई को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियां और प्रोत्साहन भी दिए हैं, जैसे ' मेक इन इंडिया' पहल। साथ ही देश में एफडीआई को आकर्षित करने के लिए कई कारकों पर ध्यान दिया जाता है जैसे कि गतिशील कारोबारी माहौल और उदार क्षेत्रीय नीतियां। निवेश में गणितीय अवधारणाओं को समझाना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह निवेश निर्णयों में मदद करता है और जोखिमों को कम करता है। निवेश नीतियों में सुधार करने से निवेशकों को बेहतर निर्णय लेने और जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। जब तक विदेशी कंपनियों के अनुकूल देश में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार नहीं करेंगे, तब तक बहुत अधिक निवेश की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

# बदलते भारत को चाहिए तेज, तकनीकी रक्षा रणनीति



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल रणनीतिक इरादों से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी कार्यवाही, ठोस निवेश, पारदर्शी तंत्र और तत्काल क्रियान्वयन की जरूरत है, क्योंकि यदि आज की रक्षा जरूरतें पूरी नहीं हुई तो आने वाला कल शायद देश के लिए और चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

भारत की वायुशक्ति और रक्षा तैयारियों को लेकर हाल के दिनों में कुछ गंभीर सवाल उठाए गए हैं और ये सवाल किसी और नहीं, बल्कि स्वयं देश के सर्वोच्च वायुसेना अधिकारी ने उठाए हैं। एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह का यह बयान कि 'एक भी रक्षा परियोजना समय पर पूरी नहीं होती' केवल एक क्षोभ नहीं, बल्कि उस हताशा और यथार्थ का प्रतिबिंब है, जिसे भारतीय सशस्त्र बल दशकों से झेल रहे हैं। घरेलू रक्षा उत्पादन को लेकर किए गए वादों, घोषणाओं और नीतियों की पोल अब खुलकर सामने आ रही है, खासकर तब, जब देश को अपने पड़ोसी देशों के साथ लगातार बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके जवाब में सात मई को भारत द्वारा पाकिस्तान के भीतर किए गए हवाई हमले के बाद उपजे हालात ने इस बात को और स्पष्ट कर दिया कि भारत को तत्काल और निर्णायक सैन्य क्षमताओं की आवश्यकता है। भारत-पाकिस्तान के बीच तीन दिनों तक चले ड्रोन हमले, मिसाइल वार और सीमाओं पर भारी गोलाबारी के बाद दोनों देशों ने भले ही 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा कर दी, लेकिन इस टकराव ने देश की सामरिक तैयारी को लेकर एक नई बहस को जन्म दे दिया है।

इस पूरे परिदृश्य में वायुसेना प्रमुख का यह कथन कि 'हम ऐसा वादा क्यों करें, जो पूरा ही नहीं हो सकता?' बहुत कुछ कहता है। भारत वर्षों से 'मेक इन इंडिया' के जरिए रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन वास्तविकता यही है कि आज भी भारत को अपने हथियारों, लड़ाकू विमानों, टैंकों और यहां तक कि इंजन तक के लिए विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता है। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह का बयान ऐसे समय आया है, जब भारत में 83 तेजस एमके-1 ए विमानों की डिलीवरी पहले ही देरी का शिकार हो चुकी है। 2021 में हुए समझौते के अनुसार हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को इन्हें डिलीवर करना था, लेकिन अभी तक एक भी विमान वायुसेना को नहीं मिला है। इसी तरह 70 एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमानों की डिलीवरी भी सितंबर 2025 तक पूरी होनी थी, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि इसमें भी देरी तय है। वायुसेना प्रमुख का कहना है कि केवल निर्माण नहीं, बल्कि 'डिजाइन इन इंडिया' की आवश्यकता है यानी भारत को सिर्फ असेंबलिंग नहीं, स्वदेशी तकनीक और नवाचार के जरिए रक्षा क्षेत्र को खड़ा करना होगा। रक्षा विशेषज्ञ राहुल बेदी का आकलन और अधिक चिंता बढ़ाने वाला है। उनके अनुसार, रक्षा मंत्रालय की व्यवस्था इतनी धीमी और जटिल है कि किसी भी रक्षा परियोजना को पूरा होने में औसतन 7-10 साल लग जाते हैं।

एयर चीफ मार्शल के बयान का अर्थ केवल यह नहीं है कि घरेलू डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी में देरी हो रही है, बल्कि यह भी है कि वर्तमान जरूरतों को देखते हुए यदि घरेलू उत्पादन सक्षम नहीं है, तो विदेशी विकल्पों को प्राथमिकता दी जाए। उनका स्पष्ट संकेत है कि आज की जरूरत आज ही पूरी होनी चाहिए, भविष्य की योजनाओं से वर्तमान की रक्षा नहीं की जा सकती।

मिसाल के तौर पर एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) की मंजूरी अभी हाल में ही दी गई है, जो भारत का पहला पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ फाइटर जेट है, अभी भी प्रोटोटाइप चरण में है। पहला प्रोटोटाइप 2029 तक तैयार होने की उम्मीद है और उत्पादन 2035 से शुरू होने की संभावना है। उसके बाद इसे वायुसेना में शामिल होने में कम से कम तीन साल और लगेंगे। इसका सीधा और स्पष्ट अर्थ है कि यदि सबकुछ ठीक रहा तो भी इस परियोजना को पूरा होने में 13 वर्ष लगेंगे। भारत और रूस के बीच 2007-08 में शुरू हुआ एफजीएफए परियोजना का करार भी नाकाम रहा। भारत ने इस परियोजना पर 11 साल तक समय और धन खर्च किया, लेकिन 2018 में इससे बाहर हो गया। वहीं रूस ने इस परियोजना को आगे बढ़ाया और आज 'सुखोई-57' के रूप में उसका स्टेल्थ फाइटर सामने है। यदि भारत इससे जुड़ा रहता तो आज उसके पास भी एक उन्नत स्टेल्थ लड़ाकू विमान होता। जब हम भारतीय वायुसेना की स्क्वाड्रन की संख्या को देखते हैं, तो यह स्थिति और गंभीर हो जाती है। 42 स्क्वाड्रन की स्वीकृति के बावजूद वर्तमान में वायुसेना के पास केवल 30 स्क्वाड्रन ही हैं, जिनमें से दो से तीन स्क्वाड्रन अगले एक-दो वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाली है यानी निकट भविष्य में वायुसेना की ताकत केवल 28 स्क्वाड्रन तक सीमित रह सकती है। यह संख्या चीन और पाकिस्तान के संयुक्त खतरे को देखते हुए बेहद अपर्याप्त है।

वायुसेना ने 2018-19 में 114 लड़ाकू विमानों की तत्काल आवश्यकता का प्रस्ताव रखा था, लेकिन छह वर्ष बाद भी उस प्रस्ताव पर कोई निर्णायक प्रगति नहीं हुई है। इसका मतलब है कि हमारी सुरक्षा जरूरतें नीति-निर्धारकों की प्राथमिकता में नहीं हैं। राफेल लड़ाकू विमान की खरीद की कहानी भी देरी और जटिलताओं का उदाहरण है। 2007-08 में इसकी प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन अनुबंध पर हस्ताक्षर 2016 में हुए और डिलीवरी 2018 से शुरू हुई। इसी तरह तेजस लड़ाकू विमान पर बातचीत 1981 में शुरू हुई थी, लेकिन इसके पहले वर्जन को आने में 40 साल लग गए और वह भी तब, जब उसका 45 प्रतिशत हार्डवेयर आज भी इंपोर्टेड है। इसका इंजन अमेरिका से आता है और सबसे अहम बात यह है कि अब तक भारत अपने किसी भी प्रमुख लड़ाकू विमान, टैंक या हेलीकॉप्टर के लिए स्वदेशी इंजन विकसित नहीं कर पाया है।

एयर चीफ मार्शल के बयान का अर्थ केवल यह नहीं है कि घरेलू डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी में देरी हो रही है, बल्कि यह भी है कि वर्तमान जरूरतों को देखते हुए यदि घरेलू उत्पादन सक्षम नहीं है, तो विदेशी विकल्पों को प्राथमिकता दी जाए। उनका स्पष्ट संकेत है कि आज की जरूरत आज ही पूरी होनी चाहिए, भविष्य की योजनाओं से वर्तमान की रक्षा नहीं की जा सकती। ग्लोबल फायर पावर की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है, जबकि पाकिस्तान 12 वें स्थान पर है। भारत के पास 22 लाख से अधिक सक्रिय सैनिक, 4,201 टैंक, लगभग डेढ़ लाख बख्तरबंद वाहन और 3,975 तोपें हैं। वायुसेना के पास 2,229 विमान हैं, जिनमें 513 लड़ाकू विमान शामिल हैं, लेकिन फिर भी स्क्वाड्रन की संख्या जरूरत से कम है। यही वह अंतर है, जो तकनीकी और रणनीतिक तैयारियों की कमी को दर्शाता है। भारत का रक्षा बजट 2025-26 के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये हैं, जिसमें से केवल 1.80 लाख करोड़ रुपये आधुनिकीकरण और नए हथियारों की खरीद के लिए निर्धारित हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह राशि चीन जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए अपर्याप्त है।

बहरहाल एयरचीफ मार्शल की यह टिप्पणी कि 'अब समय है डिजाइन इन इंडिया का' अपने आप में एक नई सोच को जन्म देती है, जब तक हम केवल 'असेंबलिंग' करते रहेंगे, आत्मनिर्भरता दूर का सपना ही बनी रहेगी। 'मेक इन इंडिया' का सपना तभी साकार होगा, जब भारत स्वदेशी रक्षा उत्पादन की संपूर्ण प्रणाली (डिजाइन, विकास, उत्पादन और परीक्षण) को सक्षम बनाएगा, लेकिन जिस तरह की देरी, नीति-निर्धारण में अनिर्णय और तकनीकी निर्भरता अब तक देखी गई है, उससे स्पष्ट है कि भारत को एक 'बोल्ड डिफेंस रिफॉर्म' की जरूरत है। स्वदेशी तकनीक और स्वदेशी रणनीतिक औद्योगिक क्षमताएं विकसित करने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र, अनुसंधान संस्थानों और सेना, सभी को मिलकर एक ठोस रोडमैप बनाना होगा।

इस पूरे विमर्श में एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि वायुसेना प्रमुख की चेतावनी को केवल बयान भर न समझा जाए, यह देश की सुरक्षा नीति के लिए एक निर्णायक क्षण है। भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल रणनीतिक इरादों से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी कार्यवाही, ठोस निवेश, पारदर्शी तंत्र और तत्काल क्रियान्वयन की जरूरत है, क्योंकि यदि आज की रक्षा जरूरतें पूरी नहीं हुई तो आने वाला कल शायद देश के लिए और चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

## प्रसंगवश

# जेठ



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

जेठ शब्द 'ज्येष्ठ' का तद्भव है, जो 'बड़े' के अर्थ में प्रयुक्त होता है। हिंदू कलेंडर में इस नाम का एक महीना होता है। साथ ही यह एक रिश्ते का भी नाम है। किसी स्त्री के पति के बड़े भाई को जेठ कहते हैं। जेठ महीना हिंदू वत्सर का तीसरा मास है और यह नामकरण इसलिए हुआ, क्योंकि इसकी पूर्णिमा को चंद्र देव ज्येष्ठा नक्षत्र पर होते हैं।

इस समय गर्मी चरम पर होती है। जायसी कवि 'पद्मावत'में कहते हैं," जेठ जरै जग चलै लुवारा। उठहिं बवंडर परहिं अंगारा"।। और उनकी वियोगिनी रानी नागमती की स्थिति यह हैः "चारिउ पवन झकोरै आगी। लंका दाहि पलंका लागी।।" इस मास में यदि खूब तपन हो, तभी सही रहता है। बारिश अच्छी होती है।

घाघ कहते हैं,"जेठ मास जब तपै निरंता। तब जानौ वरषा बलवंता", किंतु यदि इसमें पुरवाई हवा चलें, तो वर्षा क्षीण होती है,'जब जेठ चलै पुरवाई। तब सावन धूरि उड़ाई"। जेठ में जब थोड़ा पानी बरस जाता है, तो उसे 'दवंगरा' कहते हैं। पहले यातायात के साधन न के बराबर थे। पैदल या बैलगाड़ी ही थी, अतः इस महीने में यात्राएं वर्जित थीं। जहां तक जेठ के रिश्ते की बात है, तो इसकी बड़ी मर्यादा स्थापित है। छोटे भाई की पत्नी न केवल उन्हें घूंघट काढ़ती है, बल्कि वह उस पाटा पर भी नहीं बैठ सकती, जिस पर ज्येष्ठ भोजन आदि के लिए बैठे हो। इतना ही नहीं, उनका नाम लेना तो दूर, जेठ शब्द कहने पर भी दोष लग जाता है।

एक कथा के अनुसार एक महिला के जेठ का नाम 'कपूर' था। वह पंसारी की दूकान पर कपूर खरीदने गई। अब न तो वह कपूर शब्द कह सकती थी और न ही जेठ। अतः वह कुछ यों बोली,"बैसाखै ऊपर उइ लगैं, जिनकी हमैं है लाज। ऐ बनिया! हमैं वो देव, जामें आवै षास सुवास"।। दुकानदार समझ नहीं पा रहा था। संयोग से वहां एक कवि खड़े थे,तो वे समझ गए और दुकानदार से कहा,"गुप्ता जी! ये शायद कपूर मांग रही हैं, इनके जेठ का यही नाम है"। महिला बोली, हां! ऐसा ही है, तब उसे सौदा मिल पाया। अब बड़ों में भगवान विष्णु इंद्र के छोटे भाई मान्य हैं। उनकी पत्नी लक्ष्मी जी ज्येष्ठ जी से कितनी दूरी बनाकर रखतो हैं, इसकी कोई स्पष्ट कथा उपलब्ध नहीं है।

# देश में जासूसी का मायाजाल



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

डिजिटल तकनीक के माध्यम से देश को खतरे में डालने वाले इन संचार उपकरणों पर शिकंजा कसने की कठोर नीति बनाने की जरूरत है।

यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए एक के बाद एक भारतीय जासूसी करते पकड़े जा रहे हैं। यह शुरुआत पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के साथ हुई थी। हरियाणा की रहने वाली ज्योति के साथ उसके पांच साथियों को भी हिरासत में लिया है। जासूसी करने वाले ये लोग हरियाणा और पंजाब के हैं।

ज्योति का इंस्टाग्राम खाते को खंगालने पर पता चला है कि ज्योति पहलगाम में आतंकी हमला होने के एक महीने पहले श्रीनगर और पहलगाम की यात्रा पर थी। उसके तार पाकिस्तान उच्चायुक्त में काम करने वाले दानिश नाम के एक अधिकारी से भी जुड़े पाए गए हैं। इसी ने ज्योति को पाकिस्तान भेजा था। ज्योति कई महीने से भारतीय खुफिया एजेंसियों के रडार पर थी। उसकी संदिग्ध विदेशी यात्राएं और संदिग्ध विदेशी लोगों से संपर्कों ने उसे जासूसी करने के दायरे में लाकर खड़ा कर दिया। वह लगातार अपने यूट्यूब चैनल पर संवेदनशील सैन्य स्थलों के वीडियो डाल रही थी। इसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान के लिए कथित रूप से जासूसी करने को लेकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहायक उपनिरीक्षक मोतीराम जाट को भी हिरासत में लिया है। वह 2023 से राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित गोपनीय जानकारी पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों को पहुंचा रहा था। इसी तरह की जासूसी करते हुए एक निजी कंपनी में इंजीनियर रवि वर्मा को हिरासत में लिया गया है। यह कंपनी रक्षा विभाग में ठेके पर काम करती थी। रवि पर मुंबई में नौसेना के प्रतिबंधित क्षेत्र के बारे में पाकिस्तान को महत्वपूर्ण जानकारी देने के आरोप लगे हैं। उसने 14 युद्धपोतों और रक्षा जहाजों की जानकारी दी है। रवि को पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव (पीआईओ) की जिस महिला एजेंट ने अपने जाल में फंसाया था, उसका नाम पायल शर्मा और इस्प्रित बताया गया है। इन महिलाओं के साथ रवि हनीट्रैप में था।

कुछ साल पहले एटीएस ने मध्य प्रदेश में 15 लोगों को जासूसी के आरोप में हिरासत में ले लिया था। इस जासूसी का तंत्र ओडिशा और आंध्र प्रदेश तक फैला पाया गया था। जासूसी नेटवर्क में भोपाल के तीन लोग पकड़े गए थे। इनमें ध्रुव सक्सेना और मोहित अग्रवाल एक राजनैतिक दल से जुड़े थे। इस पूरे नेटवर्क का सरगना सतना का बलराम था, जो इन लोगों के साथ मिलकर समानांतर टेलीफोन ऐक्सचेंजों के मार्फत इंटरनेट कॉल को मोबाइल नेटवर्क में बदलकर चाहे गए नंबरों पर बात करवाने का अवैधानिक काम करते थे। पाकिस्तान को गोपनीय जानकारियां भेजने वाले इन लोगों में से ज्यादातर उच्च शिक्षित और सूचना तकनीक से बीई थे। हैरानी देश की गुप्तचर संस्थाओं पर इसलिए है, क्योंकि जासूसी का यह नेटवर्क तीन साल से चल रहा था और उन्हें भनक तक नहीं लग पाई थी। यदि जम्मू के थाना आरएस पुरा में सतविंदर और दादू नहीं पकड़े गए होते तो मध्य-प्रदेश में फैल चुके आईएसआई के इस जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ ही नहीं होता?

हालांकि प्रदेश एटीएस ने अपनी पड़ताल को महज तीन माह के भीतर जिस कामयाबी के साथ अंजाम तक पहुंचाकर रैकेट का पर्दाफाश जिस तत्परता से किया है, वह सराहनीय पहल थी, लेकिन बड़ा सवाल है कि खुफिया तंत्र इस जासूसी नेटवर्क के तार पकड़ने में क्यों नाकाम रहा? जबकि अब हमारे पास ध्वनि तरंगों और व्यक्ति की आवाज को बीच में ही पकड़ने के आधुनिकतम उपकरण हैं। सिम कार्डों और बैंक खातों को आधार पहचान-पत्र से जोड़ने पर नरेंद्र मोदी सरकार लगातार दबाव बनाए हुए है। बावजूद बलराम के पास से 100 सिम पाईं गईं और बैंकों में उसके 100 से भी ज्यादा खाते पाए गए। इससे पता चलता है कि डिजिटल इंडिया देशद्रोही गतिविधियों पर शिकंजा कसने के बजाय, उन्हें आसान बना रहा है।

एक तरफ देश की नीतियां ऐसी बनाई जा रही हैं कि नागरिक डिजिटल तकनीक का उपयोग करने के लिए बाध्य हो या फिर स्वेच्छा से करे। दूसरी तरफ सोशल साइट ऐसे ठिकाने हैं, जिन्हें व्यक्ति निजी जिज्ञासा पूर्ति के लिए उपयोग करता है। केंद्र व राज्य सरकारों की अनेक ऐसी कल्याणकारी योजनाएं हैं, जो सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में धन पहुंचाती हैं। नोटबंदी और जीएसटी इस मकसद से अमल में लाए गए थे कि सरकारी, व्यावसायिक और निजी लेनदेन में अधिकतम पारदर्शिता आए और देश भ्रष्ट व्यवस्था से मुक्त हो? इन लक्ष्यों को हम कितना हासिल कर पाए हैं, यह तो फिलहाल साफ नहीं है, लेकिन इन प्लेटफार्मों के जरिए खाताधारकों का धन उड़ाने और जरूरतमंदों की लड़ाई लड़ने वाले कार्यकताओं की जासूसी करने का कुचक्र जरूर सामने आता रहा है। अतएव डिजिटल तकनीक के माध्यम से देश को खतरे में डालने वाले इन संचार उपकरणों पर शिकंजा कसने की कठोर नीति बनाने की जरूरत है।

## सोशल फोरम

# मानव संस्कृति का विकास



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मानव संस्कृति की विकास धारा दो किनारों के बीच में बहती रही है और बह रही है। एक किनारा मनुष्य जैसा है अर्थात् यथार्थ और दूसरा किनारा है- मनुष्य जैसा होना चाहिए अर्थात् आदर्श। इसमें तो कोई संदेह ही नहीं कि इस द्वंद्व के बीच ही मानव संस्कृति का विकास हुआ है और हो रहा है। जैसा होना चाहिए वाला पक्ष अर्थात् आदर्शवाद एक तो है नहीं, उसमें बहुत मतभेद और संघर्ष हैं।

इस संघर्ष का कारण सत्ता है, वह सत्ता धर्म के तंत्र की हो अथवा धन के तंत्र की हो या राज्य के तंत्र की। कितने धर्म हैं? धर्म नहीं, वे वास्तव में धर्म के तंत्र की सत्ताएं हैं। सभी धर्मसत्ताएं यह कहती हैं कि यदि दुनिया के सभी लोग हमारे धर्मतंत्र में आ जाएं, तो बस मानव-कल्याण हो जाए, स्वर्ग धरती पर उतर आवे। धर्मतंत्र की सत्ता वाले इतने खूंखार हो जाते हैं कि वे अभी भी कल्पना कर रहे हैं कि दुनिया हम जैसी हो जाएगी। इन लोगों ने ईश्वर की परिकल्पना को भी उससे जोड़ लिया है, उस परिकल्पना को हम गॉड कहें या खुदा कहें अथवा अन्य कोई नाम दे लें। आतंकवादी भी उसी लाइन के लोग हैं। "जैसा होना चाहिए।" वाले पक्ष में तथाकथित राष्ट्रवादी भी हैं, जो बचपन से ही बालक को मन में कुछ अवधारणाओं की प्रतिष्ठा करते हैं और साम्यवादी भी हैं, जिन्होंने सोवियत-संघ के जमाने में ब्रेनवाश करने के बहुत से प्रयोग किए थे। "जैसा होना चाहिए।" आइडियोलॉजी वाला यह पक्ष सत्तावादी होता है। यह समझता है कि सत्ता हमारे हाथ में रहेगी तो हम जैसा चाहते हैं, मनुष्य वैसा ही बन जाएगा। इस पक्ष के लोग अंततः व्यष्टि स्वार्थ के संगठन को जन्म देते हैं। स्वार्थों की गांठें लगती चली जाती हैं और संगठन विकसित होता चला जाता है।

धन की सत्ता वाला समूह भी इसकी ही छत्ती के नीचे अपना स्वार्थ साधन करता है, इसलिए राजसत्ताएं और धनसत्ताएं इस पक्ष को साधन प्रदान करती हैं। आतंकवाद को प्रश्रय कौन दे रहा है? ये ही शक्तियां हैं। ध्यान देने की बात यह है कि "जैसा होना चाहिए।" वाले पक्ष में एक समष्टि पक्ष भी होता है। सच तो यह है कि व्यष्टिस्वार्थों के संगठन वाला पक्ष भी समष्टि पक्ष को ही सिद्धांत आइडियोलॉजी के रूप में प्रचारित करता है।

-फेसबुक वॉल से

# पूर्वोत्तर भारत: देश की राजस्व वृद्धि का नया इंजन



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत अब तक 1,200 से अधिक स्टार्टअप इस क्षेत्र से पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से कई कृषि, पर्यटन, बायोटेक और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में नवाचार कर रहे हैं।

पूर्वोत्तर भारत, जिसे कभी देश के विकास मानचित्र पर हाशिए पर रखा गया क्षेत्र माना जाता था। आज राष्ट्रीय आर्थिक विकास की एक नई उम्मीद बनकर उभर रहा है। आठ राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम का यह क्षेत्र न केवल अपनी जैविक खेती, प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक विविधता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि अब कृषि, पर्यटन, सीमा व्यापार, हैंडलूम और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर भारत की राजस्व संरचना को मजबूत कर रहा है। यह परिवर्तन आकंड़ों और तथ्यों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

नीति आयोग की 2023 की रिपोर्ट बताती है कि पूर्वोत्तर के आठों राज्यों की कुल सम्मिलित जीएसडीपी 6.8 लाख करोड़ के पार पहुंच चुकी है। इसमें असम सबसे आगे है, जिसकी अकेले की जीएसडीपी 2.7 लाख करोड़ है। वहीं, सिक्किम और मिजोरम जैसे छोटे पहाड़ी राज्य भी 8 प्रतिशत से 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज कर रहे हैं, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इसका मुख्य कारण यह है कि इन राज्यों में पारंपरिक संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग, पर्यटन को बढ़ावा और केंद्र सरकार की विशेष योजनाएं अब प्रत्यक्ष राजस्व में बदल रही हैं। पूर्वोत्तर भारत को जैविक खेती के लिए आदर्श क्षेत्र माना जाता है। सिक्किम पहले ही 100 प्रतिशत जैविक राज्य घोषित किया जा चुका है। इसके अलावा मेघालय, मणिपुर और नागालैंड जैसे राज्य भी तेजी से जैविक उत्पादों की खेती की ओर बढ़ रहे हैं। वर्ष 2023-24 में इन राज्यों ने लगभग 2.5 लाख मीट्रिक टन जैविक उत्पादों का उत्पादन किया, जिसमें जैविक चाय, हल्दी, अदरक और बांस जैसे उत्पाद प्रमुख हैं। इन उत्पादों की देश और विदेशों में जबरदस्त मांग है। अकेले जैविक उत्पादों से क्षेत्र को 1,350 करोड़ की निर्यात आय हुआ, जिससे न केवल किसानों की आय बढ़ी, बल्कि क्षेत्र के राजस्व में भी इजाफा हुआ। पर्यटन भी अब पूर्वोत्तर की आर्थिकी का अहम स्तंभ बनता जा रहा है। साल 2022-23 में पूर्वोत्तर राज्यों में लगभग 1.15 करोड़ घरेलू और 1.2 लाख विदेशी पर्यटक पहुंचे। इसमें 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी', 'देखो अपना देश' और 'होमस्टे पर्यटन' जैसी योजनाओं का योगदान रहा है। पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, पर्यटन से संबंधित सेवाओं से पूर्वोत्तर ने 4800 करोड़ से अधिक की आय अर्जित की। यह न केवल स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करता है, बल्कि होटल, परिवहन और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में भी आर्थिक गति लाता है। पूर्वोत्तर की भौगोलिक स्थिति इसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ व्यापार करने के लिए एक रणनीतिक केंद्र बनाती है। भारत-म्यांमार, भारत-बांग्लादेश और अब प्रस्तावित त्रिकोणीय मार्ग (भारत-चीन-भूटान) से सीमा व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है। असम और मणिपुर जैसे राज्य सीमा व्यापार के जरिए 1,100 करोड़ से अधिक का वार्षिक राजस्व उत्पन्न कर रहे हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत 1.76 लाख करोड़ की इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं पूर्वोत्तर में चल रही हैं, जिनमें सड़क, रेलवे, जलमार्ग और हवाई संपर्क शामिल हैं। इससे लॉजिस्टिक लागत में गिरावट आई है और क्षेत्रीय उत्पादों की देश व विदेशों तक आसान पहुंच संभव हुई है। पूर्वोत्तर के हैंडलूम और हथकरघा उद्योग की बात करें तो यह न केवल सांस्कृतिक धरोहर है, बल्कि अब एक सशक्त आर्थिक गतिविधि भी बन चुका है। त्रिपुरा, मिजोरम और नागालैंड जैसे राज्यों के हथकरघा उत्पाद अब ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहुंच रहे हैं। 2023-24 में इन उत्पादों का कुल निर्यात 620 करोड़ के पार पहुंचा। इससे जुड़े लाखों कारीगरों को न केवल रोजगार मिला, बल्कि यह क्षेत्र के लिए आय का एक स्थायी स्रोत बन गया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार की " पूर्वोत्तर औद्योगिक विकास योजना" (एनईआईडीएस) के तहत अब तक 3,800 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति मिल चुकी है। शिक्षा और डिजिटल साक्षरता में वृद्धि ने पूर्वोत्तर के युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित किया है।

स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत अब तक 1,200 से अधिक स्टार्टअप इस क्षेत्र से पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से कई कृषि, पर्यटन, बायोटेक और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में नवाचार कर रहे हैं। इन स्टार्टअप्स ने अब तक 500 करोड़ से अधिक का निजी निवेश आकर्षित किया है, जो यह दिखाता है कि पूर्वोत्तर अब सिर्फ संसाधनों पर आधारित अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि नवाचार आधारित विकास की दिशा में भी अग्रसर है। अंततः, यह स्पष्ट है कि पूर्वोत्तर भारत अब देश की आर्थिक धारा में एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभर चुका है। आने वाले वर्षों में यदि यही गति बनी रही, तो पूर्वोत्तर भारत न केवल देश की जीडीपी में 8 प्रतिशत से अधिक योगदान देगा, बल्कि क्षेत्रीय असमानताओं को भी दूर करेगा। यह 'सबका साथ, सबका विकास' के सपने को हकीकत में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

# खत्म होता दिख रहा लाल आतंक



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूमि और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है। पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दबाव में नहीं आएगी, जो बंदूक उठाने वाले माओवादी उग्रवादियों का समर्थन करते हैं। पिछले एक दशक से सरकार ने माओवाद के खिलाफ एक मजबूत और बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जो अब काफी असरदार साबित हो रही है। ध्यान इस बात का रखना होगा क्नि नक्सलवाद फिर सिर न उठा पाए, इसके लिए प्रभावित इलाकों में अगला चरण लोकोन्मुखी सरकार, भूमि अधिकार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आर्थिक उत्थान पर फोकस होना चाहिए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

## सार-संक्षेप

### होनहार छात्रों को किया गया सम्मानित



**कैंट, अमृत विचार :** ढिरिया निजावत खां स्थित एक शादी हाल में रविवार को एक दिवसीय एजुकेशन सेमिनार का एहतमाम नूरी खिदमात कमेटी और सदर गौहर अली खान की जानिब से आयोजित किया गया। जिसमें मौजू ( उन्वान) "दौर ए हाजिर में तालीम की जरूरत" कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके साथ ही उन बच्चों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड में अच्छे नंबरों से परीक्षा पास की। इस सेमिनार में बच्चों को मोटिवेट करने के लिए शहर के प्रतिष्ठित स्कूलों के शिक्षक, डॉक्टर और वकील पहुंचे। जिन्होंने बच्चों को तालीम की जरूरत के बारे में बताया। इस मौके पर इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य चमन जाह, आला हजरत हॉस्पिटल के डॉ. फाजिल, प्रधानाचार्य सतीश, पूर्व सुप्रीडेंट अकरम, कलीमुद्दीन, कमेटी के सदस्य मुनब्बर, मंसूर, तुफैल, मोहम्मद शमी, नासिर कुरैशी, आले नबी, आसिफ, तस्लीम आदि मौजूद रहे।

### स्टेशन परिसर में प्रेमी की जमकर पिटाई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में प्रेमी और प्रेमिका आपस में बात कर रहे थे। इस दौरान युवती के घर वाले आ गए और प्रेमी को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। इससे रिजर्वेशन टिकट घर के पास अफरा-तफरी मच गयी। प्रेमी मौका पाकर भाग गया। रेलवे स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया में रिजर्वेशन टिकट घर के निकट रविवार को दिन में पौने 11 बजे प्रेमी युगल खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी बीच अचानक युवती के परिवार वाले वहां पहुंच गये और उन्होंने उसे युवक के साथ बातचीत करते देख लिया। इसी के बाद परिवार वालों ने प्रेमी की जमकर पिटाई शुरू कर दी। इससे टिकट घर के पास अफरा-तफरी मच गयी।

### खुराफातियों पर होगी सख्त कार्रवाई

**शेरगढ़, अमृत विचार :** बकरीद को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को थाना प्रांगण में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं इमामों की बैठक हुई। जिसमें थानाध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी ने सौहार्द का पाठ पढ़ाते हुए सांप्रदायिक सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी, खुराफात करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में वरिष्ठ उप निरीक्षक आदित्य गौरव श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक मुरारी लाल सैनी, ग्राम प्रधान शमशुल खां आदि समेत क्षेत्रवासी मौजूद है।

### लेखाकार ओमप्रकाश को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**शेरगढ़, अमृत विचार :** लेखाकार ओमप्रकाश को सेवानिवृत होने पर साथी कर्मचारियों ने उन्हें विदाई दी। विदाई समारोह में ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी ने लेखाकार ओमप्रकाश के कार्यकाल एवं निष्ठा पूर्ण कार्य की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बीडीओ सुखपाल सिंह ने ओमप्रकाश की सादगी और व्यवहारिकता पूर्ण शैली की प्रशंसा की। विदाई समारोह में ओमप्रकाश की पत्नी, बेटा तथा बेटी समेत परिजन भी शामिल हुए। इस अवसर पर एडीओ कृषि हरिनंदन प्रसाद, सरताज अहमद, डॉ केपी सिंह, एडीओ एसटी अरुण कुमार वार्ष्णेय, हाजी आफताब अहमद समेत अन्य मौजूद रहे।

### सार्वजनिक स्थानों पर न की जाएं कुर्बानी: एसडीएम

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आगामी त्योहारों के मद्देनजर हुई। जिसमें एसडीएम सदर मुस्लिम समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी न की जाएं। कांवड़ यात्रा सावन माह की भी शुरुआत होगी इसलिए प्रशासन ने अपनी तैयारी अभी से शुरू कर दी। बैठक में पहुंचे उपजिला अधिकारी सदर प्रमोद कुमार ने कहा सार्वजनिक स्थानों पर खून न बहाया जाए सभी की भावनाओं का ख्याल रखना आप सबकी जिम्मेदारी है। नमाज तय स्थान पर अदा करें, कोई भी प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी न करें। सांप्रदायिक सद्भाव के साथ खिलवाड़ किया गया तो प्रशासन अपना काम करेगा। बैठक में प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा प्रवीण कुमार सोलंकी, चौकी प्रभारी धौंराटांडा संजय कुमार, जनप्रतिनिधियों के साथ ही अन्य लोग मौजूद रहे।

### पूर्व सभासद सहित तीन को जेल भेजा



**हाफिजगंज, अमृत विचार :** पुलिस ने वारंटी पूर्व सभासद अब्दुल हलीम उर्फ गरीब अहमद, तौफीक अहमद, रामसिंह सदरपुर को चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता, दीपक वर्मा, कान्स्टेबल सतेंद्र कुमार, शिवशंकर की टीम ने गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया आलाधिकारियों के आदेश पर वारंटियों को पकड़ा गया है।

### प्रधान ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**मीरगंज, अमृत विचार :** युवा मंगल दल मैदान संत आश्रम गांव सिंधौली में प्रधान सुनीता कश्यप ने चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नमेंट का फीता काटकर आरंभ कराया। आयोजन कर्ता संजीव रस्तोगी, और समीर पाठक ने बताया कि क्रिकेट टूर्नमेंट होने से युवाओं की रुचि उभरकर आती है। प्रधान सुनीता कश्यप ने कहा गांव के लोग भी अब क्रिकेट में योगदान दे रहे हैं। बड़े खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर गांव का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान प्रधान पति मुकेश कश्यप, हारून, उमा शंकर, अवनीश आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने छह जुआरी पकड़े, नकदी बरामद

**नवाबगंज, अमृत विचार :** पुलिस ने शनिवार रात जुएं के फड़ पर छापा मारकर छह जुआरियों को पकड़ने के साथ ही इनके पास से 62 हजार पांच सौ रुपये की नकदी, छह मोबाइल और तीन बाइक भी जब्त कर ली। कोतवाल राहुल सिंह ने बताया मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने छापा मारकर नगर के एसएसटी कॉलेज के पास मैदान में जुआं खेल रहे छह लोगों को पकड़ा, इनके पास से 62500 रुपये, छह मोबाइल व तीन बाइकों के अलावा ताश की गड्डी भी बरामद की है।

### 490 लीटर शराब को नष्ट कराया

**बरेली, अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन के तहत इज्जतनगर पुलिस ने वर्ष 2021 से 2024 तक के 15 आबकारी अधिनियम के मुकदमों में बरामद 490 लीटर अवैध शराब को नष्ट किया। पुलिस ने यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की है। प्रभारी बिजेंद्र कुमार ने बताया कि थाना परिसर में गड्ढा खुदवाकर अवैध शराब नष्ट कराई गई।

# सिद्धबाबा जा रहे बहेड़ी के 20 लोग हादसे में घायल

## एंबुलेंस नहीं पहुंचने पर डीएम ने सरकारी गाड़ी से भिजवाया अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरेली से ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर सिद्धबाबा मेले जा रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद एंबुलेंस देरी से पहुंची। मार्ग से गुजर रहे डीएम खुद मौके पर रुक गए और घायलों को एसडीएम सदर की गाड़ी से घायलों को अस्पताल भिजवाया। हादसे में करीब 20 लोग घायल हो गए।

माधोटांडा रोड पर गजरौला थाना क्षेत्र में जंगल के बीच स्थित सिद्धबाबा स्थल पर मेला चल रहा है। रविवार सुबह बहेड़ी थाना क्षेत्र के खुटरायां गांव के करीब 50 श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर मेला जा रहे थे। सुबह करीब 10:00 बजे माधोटांडा रोड पर ग्राम कैप के पास पहुंचते ही ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। आसपास के तमाम लोग और राहगीर जमा हो गए। एंबुलेंस के पहुंचने से पहले ही डीएम ज्ञानेंद्र सिंह अधिकारियों के साथ मौके पर आ गए। उन्होंने अपनी मौजूदगी में राहत कार्य शुरू कराया। इसके बाद एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता की सरकारी गाड़ी से ही घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया।

हादसे में हरप्यारी, पूरन देवी्र लक्ष्मी, भाग्यश्री, सत्यपाल, निर्वान, मुकेश, शकुंतला, कांति देवी, प्रेमवती, गेंदादेवी, गुड्डी, नारायन देवी, हंसमुखी, सीता देवी, लक्ष्मी, कुसुम, राजपाल, डॉली, तरुन समेत 20 लोग घायल हो गए। अन्य को मामूली चोट आई। इस हादसे के बाद मेले को देखते हुए अब अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। एंबुलेंस के देर से पहुंचने पर डीएम ने नाराजगी जताई। जिसके बाद सीएमओ डॉ.आलोक कुमार ने 108 एंबुलेंस के नोडल अधिकारी का जवाब तलब किया है। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने हादसे का संज्ञान लेते हुए मेले को लेकर अब व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने पर जोर दिया है। इसके बाद एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

## पुलिस चौकी के पास दो घरों से लाखों की चोरी

**खुटार, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव चांदपुर में पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर चोरों ने दो मकानों में सेंध लगाकर नगदी समेत लाखों के जेवर चोरी कर लिए। चोरी का पता रात में अचानक नींद खुलने पर चला। पीड़ितों ने मामले की तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

क्षेत्र के गांव चांदपुर में चौराहे पर स्थित पुलिस चौकी से खुटार रोड पर 100 मीटर की दूरी पर आकाश कुमार और उनके चचेरे भाई विपिन कुमार के मकान है। शनिवार रात आकाश और विपिन खाना खाने के बाद अपने मकान में बने कमरों के आगे बने बरामदे और आंगन में परिवार के साथ आकर सो गए थे। रात करीब तीन बजे विपिन कुमार को हल्की ठंड लगी, तो वह उठे और कमरे से चादर लेने के लिए पहुंचे, तो देखा कि कमरा अंदर से बंद था और घर के सभी सदस्य बाहर आंगन में लेटे सोए हुए थे। जिस पर उन्हें कुछ शक हुआ और उन्होंने परिवार के लोगों को जगाया। इसके बाद कमरे की कुंडी किसी तरह से खोलकर देखी, तो देखा कि उनके कमरे में पीछे की दीवार में सेंध लगी हुई थी और कमरे में रखी अलमारी बक्सा में रखा सारा सामान बिखरा पड़ा था।

# जांच में सौ करोड़ के घोटाले की पुष्टि, फिर भी कार्रवाई लटकी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● पूर्व सीएमओ सहित 4 अधिकारियों को बताया है घोटाले का दोषी



**अमृत विचार:** योगी सरकार की भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की मंशा पर भ्रष्ट अफसरों की मुख्यालय में गहरी पैठ भारी पड़ रही है। हालत यह है कि सौ करोड़ के घोटाले की पुष्टि होने और जांच रिपोर्ट में अफसरों की संलिप्तता सामने आने के बाद भी सचिवालय में बैठे अफसर फाइल को दबाए हैं और दो महीने से डंप जांच रिपोर्ट में दोषी चार अफसरों को निलंबित करना तो दूर प्रकरण से जुड़े किसी कर्मचारी के विरूद्ध कोई कार्यवाही तक नहीं की गई है।

घोटाले से जुड़े अफसरों की सत्ता के गलियारों में गहरी पैठ का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप के सामने पत्रकारों ने जब यह मामला उठाया तो वह भी बयान देते बचते नजर आए। एक अप्रैल को यह घोटाला पहली बार उस समय सामने आया था जब डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने इस ओर इशारा किया था। इसके बाद दो अप्रैल को उन्होंने रिपोर्ट प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को भेजी। इसके बाद डीएम ने स्वास्थ्य विभाग में उपकरणों और अन्य सामग्रियों की खरीद में सौ करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले का अंदेशा जताया। पूर्व सीएमओ डॉ. आरके गौतम के कार्यकाल में हुई खरीद की जांच में यह भी खुलासा हुआ था कि जिस स्टेथोस्कोप का अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) तीन सौ रुपये है, उसे 15 सौ में खरीदा गया था।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने उस समय कहा था कि दोषी पूर्व सीएमओ समेत सात अफसर व कर्मचारियों से इसकी रिकवरी की जाएगी। हालांकि, घोटाले की पूरी तस्वीर पूर्व सीएमओ के तीन साल के कार्यकाल की शासन स्तर से जांच के बाद साफ होगी। जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने स्वास्थ्य विभाग में सामान खरीद में गड़बड़ी की शिकायत डीएम से की थी। डीएम ने सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की थी।

# सपा जिलाध्यक्ष ने पंचायत में दिया विवादित बयान

संवाददाता, दातागंज

● पीडीए पंचायत में बोले- नेता बनने का शौक तो बनवारी सिंह की चौखट को करना होगा सलाम

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष आशीष यादव का पीडीए पंचायत को संबोधित करने के दौरान अजीब बयान सामने आया है। इसमें वह बोल रहे हैं कि अगर बदायूं में नेता बनने का शौक है तो बनवारी सिंह की चौखट पर सलाम करना पड़ेगा। अगर नहीं करेगा तो वह मजबूर कर देंगे। जिलाध्यक्ष का यह वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हुआ है। बयान को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। वीडियो दातागंज क्षेत्र की पीडीए पंचायत का बताया जा रहा है।

सपा सरकार में कद्दावर नेता और मंत्री रहे स्व. बनवारी सिंह यादव सपा मुखिया नेताजी मुलायम सिंह के खास रहे थे। इसके चलते बनवारी सिंह यादव को मिनी मुख्यमंत्री तक कहा जाता था। बनवारी सिंह यादव के बेटे पूर्व विधायक आशीष यादव समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हैं। वह पीडीए की एक पंचायत को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं तो मंचों पर कह देता हूं। कोई कितना बड़ा नेता ले आओ। बदायूं में अगर उसे नेता बनने का शौक है तो बनवारी सिंह की चौखट को सलाम जरूर करेगा। नहीं करेगा तो मैं मजबूर करुंगा कि वो करेगा। उसे करना पड़ेगा। क्योंकि मेरी ताकत है।

## कोर्ट के आदेश पर लोडर चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**कैंट, अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर कैंट पुलिस ने लोडर वाहन चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली। भोजीपुरा क्षेत्र के जादौंपुर निवासी जिलानी ने बताया वह अपना लोडर भाड़े पर चलाता है। 6 अप्रैल 2025 को वह माल की तलाश में बरेली से बदायूं के उझानी जा रहा था। रात करीब 11:30 बजे थाना कैंट के सेंट मारिया स्कूल के पास इंजन गर्म पड़ने लगा। वाहन को सड़क किनारे खड़ा करके चेक किया। लेकिन कुछ समझ में नहीं आया। मिस्त्री की तलाश में थाना बारादरी स्थित मालियों की पुलिया के पास गया। मिस्त्री न मिलने पर वह थाना बिथरी चैनपुर के ट्रांसपोर्ट नगर गया। वहां भी कोई मिस्त्री नहीं मिला। करीब 2 घंटे के बाद जब वह लौटातो उसका लोडर वाहन वहां नहीं था। आसपास काफी तलाश किया। लेकिन वाहन का कुछ पता नहीं चल सका। 7 अप्रैल को सुबह करीब 10 बजे कैंट थाने में वाहन चोरी होने की तहरीर दी गई। रिपोर्ट दर्ज न होने पर पुलिस उच्चाधिकारियों से शिकायत की। इसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 6056 / 142सी0(ई0टेण्डर)–3 / 25 दिनांकः 28.05.2025

ऑन–लाइन अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना तृतीय आमंत्रण

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ब इरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन–लाइन ई–निविदा दिनांक 04.06.2025 से दिनांक 10.06.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 10.06.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया हैः–

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लागत: सिविल कार्य की लागत (रू0 लाख में) | लागत: 05 वर्ष अनुरक्षण की लागत (रू0 लाख म) | लागत: कुल लागत (4+5) (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी (मार्ग कार्य हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बरेली शाहजहॉपुर मार्ग से बिलहरी सम्पर्क मार्ग की पुर्ननिर्माण का कार्य। | निर्माण खण्ड–1 लो0नि0वि0 शाहजहॉपुर | 37.73 | 2.37 | 40.10 | 4.01 | 2725.00 | 02 माह | 'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(रथिन सिन्हा)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, शाहजहॉपुर

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली

UP – 234408 दिनांक: 30/05/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# बारिश से शारदा नदी पर बना पैंटून पुल बहा

संवाददाता, बिजुआ



शारदा नदी पर बना रामनगर गांव के पास बहा पैंटून पुल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पहाड़ों पर भारी बारिश होने के बाद शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से गांव रामनगर के पास बना पैंटून पुल बह गया। इससे करीब 24 गांवों का आवागमन ठप हो गया। मझगईं जाने वाले लोगों को अब करीब 70 किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ेगी। वहीं नदी के पार खेती करने वाले किसानों की भी मुश्किलें बढ़ गई हैं।

विकास खंड बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर के पास शारदा नदी पर पैंटून पुल हर साल बरसात समाप्त होने के बाद बनाया जाता है। तमाम किसानों के नदी के उस पार खेत हैं। लोग पुल से आवागमन कर खेती-किसानी करते हैं। इसके अलावा पलिया के मझगईं जाने के लिए यह रास्ता क्षेत्र के लोगों के लिए काफी मुफीद है। इधर कई दिनों से पहाड़ों में हो रही बारिश के बाद नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। नदी की तेज धार की चपेट में आकर पैंटून पुल शनिवार रात बह गया। उसके पीपे (कछुए) नदी में दूर तक बह गए। जिससे गांवों का संपर्क एक-दूसरे से कट गया है। करीब 24 से अधिक गांव प्रभावित हैं।

● पहाड़ों पर हुई भारी बारिश से बढ़ा नदी का जलस्तर

पैंटून पुल से सैकड़ों लोगों का आना-जाना रहता है। पुल के बह जाने से सैकड़ों गांवों के लोगों को आने-जाने के लिए अब 70 किलोमीटर का चक्कर लगा कर अपने रिश्तेदारों तक पहुंचना पड़ेगा। पीडब्ल्यूडी के जेई रामचंद्र वर्मा ने बताया उत्तराखंड के पहाड़ों पर बारिश होने के कारम अचानक नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। समय से पहले बाढ़ आने से पुल क्षतिग्रस्त हो गया। अब सरकार ने पुल हटाने का भी आदेश जारी कर दिया है। पैंटून पुल के बहने से गांव रामनगर, पकरिया, तिगड़ा, सल्लिया, मुड़िया समेत करीब 24 गांवों के लोगों का आवागमन प्रभावित होगा। इन गांवों के लोग इसी पैंटून पुल से आते-जाते हैं।


## हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015,
ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com,
शाखाः प्रथम तल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स, करम चारी नगर, बरेली-243001

आरएलएम–ब्रजेश अवस्थी–9918301885, आरआरएम– हरिश चंद यादव, 7060411785
सीएलएम – शान्तनु प्रताप सिंह–9918837339, सीआरएम–दीपक कुमार शर्मा – 9359650607

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी एक्ट) 2002 के अंतर्गत प्रतिभूतिहित नियम 2002 के नियम 13(2) के अन्तर्गत यह सूचना जारी की जाती है।**

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड से प्राप्त किये गये ऋण जो कि एनपीए हो चुके हैं व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्नवर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को वित्तीय आस्तियों के प्रतिभुतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित दिनांकों को पंजीकृत डाक पावती सहित /स्पीड पोस्ट/कोरियर द्वारा आप सभी को भेजी गयी थी, जिसकी पावती प्राप्त नही हुई/जो बिना तामील वापस प्राप्त हो गयी है। मांग सूचना निम्नांकित दिनांकों में हमने आशय को स्पष्ट कर दिया था, कि आपके द्वारा सूचना में दर्शायी राशि 60 दिनों के अन्दर जमा नही करायी गयी तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में बंधक सम्पत्तियाँ जो कि निम्नलिखित ऋणियों/जमानतदारो के नाम है, उनका आधिपत्य ले लिया जायेगा और कब्जा सूचना/ई-नीलामी सूचना में कर्जदार व गारंटरों की फोटो प्रकाशित की जायेगी। बकाया राशि का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर के नाम और एनपीए की तारीख | मांग सूचना की तिथि / बकाया राशि | सिक्योर्ड आस्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | UP/LKN/BRLY/A000001358, श्री अनिल गुप्ता और श्रीमती रिकमणि देवी गुप्ता, दोनोंः काली मंदिर के पास जगतपुर सेमीअर्बन बरेली, यू.पी.- 243006 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 06-05-2024 ₹ 4661940/- दिनांक 04.06.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | काली मंदिर के पास जगतपुर सेमीअर्बन बरेली, यूपी-243006 |
| 2 | UP/LKN/BRLY/A000001004 श्री अनिल कुमार श्रीमती कविता, दोनोंःकुरी बांगर, स्योहारा बिजनोर, सेमीअर्बन, बरेली, यू.पी.- 246746 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 28-03-2024 ₹ 4700112 दिनांक 03.10.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | खसरा नंबर 163 बांके ग्राम करगैना, सेमनगर, बरेली, यूपी- 243001 |
| 3 | UP/LKN/BRLY/A000000569, श्री अरुण कुमार, चौधरी, तालाब गुलाब नगर सेमीअर्बन बरेली यूपी- 243003 और श्रीमती सीमा कश्यप, 62/40 चौधरी तालाब गुलाब नगर सेमीअर्बन बरेली यूपी- 243003 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 06-05-2024 ₹ 1060153 दिनांक 04.06.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | काधरपुर सेमीअर्बन बरेली यूपी-243001 |
| 4 | UP/BLY/BDAN/A000000094, श्री चेतन्य प्रकाश सिंह एवं श्रीमती मंजू जी, दोनों : ग्राम कंधापुर रेवती आँवला सेमीअर्बन बरेली उप- 243301 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 24-06-2024 ₹ 3500000 दिनांक 06.10.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | द्वारिकापुरम कॉलोनी, रामनगर रोड, आँवला सेमिरबन, बरेली यूपी- 243301 |
| 5 | UP/LKN/BRLY/A000001392, श्री फहीम खान और श्रीमती सकीला बेगम, दोनोंः 56 काजी टोला पुराना शहर शहरी बरेली यू.पी.- 243005 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 24-06-2024 ₹ 900000 दिनांक 06.10.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | 661.66 वर्ग फीट काजी टोला और जिला बरेली यूपी-243005 |
| 6 | UP/LKN/BRLY/A000001697, श्री जतिन कुमार अरोड़ा और श्रीमती गुरप्रीत कौर, दोनोंः चौधरी तालाब गुलाब नगर सेमीअर्बन बरेली यू.पी.- 243003 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 06-05-2024 ₹ 3544873 दिनांक 04.06.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | प्लॉट नं. 9 विहार मन नगला सेमीअर्बन बरेली, यूपी- 243001 |
| 7 | UP/LKN/BRLY/A000001151 श्री कपिल सक्सैना, श्रीमती सुचित्रा सक्सैना एवं श्रीमती तनु सक्सैना, दोनोंः 140 मुहल्ला श्री नारायणगंज नगर पालिका परिषद उझानी ग्रामीण बदायूँ यूपी- 243639 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 06-05-2024 ₹ 1067015 दिनांक 04.06.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | मुहल्ला श्री नारायणगंज नगर पालिका परिषद उझानी ग्रामीण बदायूँ उप-243639 |
| 8 | UP/LKN/BRLY/A000001308, श्री महरूम और श्रीमती शबनम, दोनों, भगवानपुर नयामतुल्ला सेमीअर्बन बरेली यू.पी.- 243503 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 06-05-2024 ₹ 705731 दिनांक 04.06.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | ग्राम ब्रह्मपुरा मो हुसैन जिला बरेली सेमीअर्बन यूपी-243001 |
| 9 | UP/LKN/BRLY/A000001560, श्री सौरभ वर्मा और श्रीमती अनुराधा वर्मा, दोनोंः 7 रामायण विहार डेलापीर आशापुरम विहार शहरी बरेली यू.पी.- 243122 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 06-05-2024 ₹ 2532136 दिनांक 04.06.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | बिटौरा थाना फतेहगंज वेस्ट अर्बन बरेली यूपी-243001 |
| 10 | UP/LKN/BRLY/A000001357, श्री विनोद कुमार श्रीमती अर्चना देवी, दोनोंः गांव हसनपुर तारखास फरीदपुर सेमीअर्बन बरेली यूपी-243503 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2024 | 06-05-2024 ₹ 3287561 दिनांक 04.06.2024 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | खसरा नंबर 339 बिहार नगला सेमीअर्बन बरेली यूपी- 243001 |

उक्त वर्णित ऋणियों / जमानतदारों को सलाह है कि (1) अधिक एवं विस्तृत जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी से मूल नोटिस प्राप्त कर लें (2) मांग सूचना में दर्शायी गयी बकाया राशि ब्याज एवं खर्चे आदि सहित मांग सूचना की दिनांक के 60 दिनों के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही से बच सकें।

दिनांक : 31.05.2025, स्थान : बरेली — प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड


# तेजी से बढ़ रहा किसानों के मित्र रेट स्नैक का कुनबा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● पेड़ पर चढ़ने के साथ पानी में भी तैरने की रखता है क्षमता

● टाइगर रिजर्व में कई दुर्लभ प्रजातियों के सांपों की है मौजदूगी



विशेष खासियत वाला रेट स्नैक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी विशिष्ट जैवविविधता के दम पर देश-दुनिया में ख्याति बटोर रहा है।

विशेष खासियत वाले जीवों से भरा पड़ा है। यहां वन्यजीवों से भरी दुनिया में सांपों का अद्भुत संसार भी अपना एक अलग मुकाम रखता है। सांपों के इस संसार में कई ऐसे सांप भी है, जो बेहद दुर्लभ है या फिर कोई न कोई विशेष खासियत के लिए जाने जाते हैं। खासियत भी कुछ ऐसी है, जिसे सुनकर एकबारगी तो हर कोई हैरत में पड़ जाएगा। इन विशेष खासियत वाले सांपों में एक रेट स्नैक भी शामिल है। जंगल से जुड़े जानकारों के मुताबिक रेट स्नैक जमींन पर तेजी से रेंगने के साथ पेड़ों पर चढ़ने या पानी में तैरने में भी माहिर होता है। इन दिनों सांपों के प्रजनन काल के चलते रेट स्नैक का कुनबा तेजी से बढ़ रहा है।

तराई की गोद में फैले इस पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं इसके आसपास क्षेत्र में वन्यजीवों के साथ रेप्टाइल्स की भी एक अपनी दुनिया बसती जा रही है। इसमें शेड्यूल वन में शामिल अजगर से लेकर देश में बेहद कम दिखने वाला दुर्लभ प्रजाति का रेड कोरल कुकरी सांप भी शामिल है। जंगल से जुड़े जानकारों के मुताबिक देश में पहला रेड कोरल कुकरी सांप नॉर्थ खीरी के जंगल में देखा गया था, जोकि पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटा है। वन्यजीव एवं पक्षी संरक्षण की दिशा में कार्य करने वाली संस्था टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी द्वारा वर्ष 2003 से लेकर अब तक किए गए अध्ययन में 18-20 प्रजातियां चिन्हित की गई है।

इसी में रेट स्नैक जिसे स्थानीय भाषा में घोड़ा पछाड़ या पगहैया सांप भी कहा जाता है। टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के अध्यक्ष मोहम्मद अख्तर मियां के मुताबिक रेट स्नैक लगभग पूरे देश मे ही देखा जा सकता है। करीब तीन मीटर तक लंबा रेट स्नैक सांपों के सबसे बड़े परिवार कोलूब्रीडी से ताल्लुक रखता है। रेट स्नैक टाइगर रिजर्व के अलावा अन्य मैदानी इलाकों विशेषकर खेतों में पाया जाता है।

## दहेज में नहीं मिली कार तो सिपाही ने किया प्रताड़ित

**पीलीभीत, अमृत विचार :** दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर सिपाही पति ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर उसे मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना देना शुरू कर दिया। प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता मायके चली गई। जहां से इसकी शिकायत पुलिस से की। मामला सुलह समझौता केंद्र भेजा गया, तो आरोपी पक्ष वहां भी पेश नहीं हुआ। इस पर पुलिस ने एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के मिश्रन टोला निवासी प्रतिभा शर्मा पुत्री अनिल शर्मा ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी 11 नवंबर 2024 को विवेक शर्मा निवासी सुभाष विहार थाना भजनपुरा दिल्ली के साथ हुई थी। शादी में परिवार वालों ने करीब 15 लाख रुपये खर्च किए थे। इस दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। पति विवेक शर्मा, सास शारदा देवी, ससुर संजीव शर्मा, जेठ ललित शर्मा, चचिया ससुरा राजीव शर्मा, राजकुमार शर्मा व हरप्रकाश शर्मा, हरप्रकाश की पत्नी बेबी शर्मा, उनके पुत्र अचल और विनोद शर्मा दहेज में चार पहिया गाड़ी की मांग करने लगे। दहेज न देने पर उसका शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया जाने लगा। पति विवेक शर्मा ट्रैफिक कांस्टेबल है। 15 दिसंबर 2024 को ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर वह अपने पिता के साथ मायके में आ गई।

# शामली में रेल पटरी पर मिला लोहे का पाइप, हादसा टला

मुजफ्फरनगर,एजेंसी

मुजफ्फरनगर से सटे शामली जिले में बलवा गांव के पास दिल्ली-सहारनपुर रलवे लाइन पर अराजक तत्वों ने 10 फुट लंबा लोहे का पाइप रख दिया। सहारनपुर-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन के चालक की मुस्तैदी की वजह से हादसा टल गया।

राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के प्रभारी चंद्रवीर सिंह ने रविवार को बताया कि शनिवार देर रात सहारनपुर-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन के चालक ने पटरी पर लोहे का पाइप रखा देखकर आपातकालीन ब्रेक लगा दिया जिससे ट्रेन समय रहते रुक गई और हादसा टल गया। सिंह ने बताया कि कुछ अज्ञात बदमाशों ने रेलवे ट्रैक पर भारी लोहे का पाइप रख दिया था। ट्रेन चालक की सतर्कता से दुर्घटना टल गई।

शामली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामसेवक ने घटनास्थल का दौरा किया। औपचारिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं और दोषियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस घटना की वजह से रेलगाड़ियों की आवाजाही कुछ समय के लिए बाधित हुई। हालांकि पटरी से पाइप हटाने और सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण के बाद रेल यातायात फिर से शुरू कर दिया गया।

## उत्तर भारत का पहला स्वर्णिम राम मंदिर बनकर तैयार: चंपत राय

# स्वर्णिम हुआ राम मंदिर का भव्य शिखर

अयोध्या कार्यालय

- 108 कलश में सरयू जल लेकर महिलाएं आज निकालेंगी यात्रा
- कल से शुरू होगा द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा उत्सव

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में माता जानकी संग श्रीराम, भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न के आगमन से पूर्व मंदिर बनकर तैयार हो गया है। मंगलवार से शुरू तीन दिवसीय दूसरे प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के पूर्व मंदिर के शिखर को स्वर्ण जड़ित कर दिया गया है। सूर्य की रोशनी में जगमगाता स्वर्ण शिखर इसकी आभा पर चार चांद लगा रहा है।

भूतल से 161 फीट ऊंचा शिखर मंदिर की भव्यता को अलौकिक व अद्भुत स्वरूप प्रदान कर रहा है। मंदिर में भूतल पर भगवान श्रीरामलला विराजमान हैं तो प्रथम तल पर वह मां जानकी व चारों भाइयों व परम भक्त हनुमानजी के साथ विराजमान होंगे। इसमें माता सीता व प्रभु श्रीराम सिंहासन पर विराजमान हैं, भक्त हनुमान व भाई लक्ष्मण प्रभु के चरणों में हाथ जोड़कर बैठे हैं, जबकि



श्री राममंदिर का स्वर्णजड़ित शिखर।

भरत व शत्रुघ्न सिंहासन के दोनों दिशाओं में खड़े हैं। पांच जून को विधि पूर्वक वैदिक आचार्य द्वारा राम दरबार समेत अन्य मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई जाएगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर उत्तर भारत का सबसे अलौकिक व स्वार्णिम मंदिर है।

दो जून को कलश यात्रा के द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरुआत होगी। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर परिसर में चल रहे सभी कार्य पूर्ण रूप से समाप्त हो गए हैं, अब मंदिर निर्माण संबंधी सभी उपकरण हटाने का कार्य किया जा रहा है।

# योगी के लिए इस बार खास होगा जन्मदिन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य अतिथि होंगे योगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए विश्व पर्यावरण दिवस हर वर्ष खास रहा है, लेकिन इसबार इसी दिन योगी अयोध्या स्थित राम मंदिर के राम दरबार सहित पूरक मंदिरों में अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। यही नहीं, मुहूर्त इसे और खास बना रहे हैं। मसलन यह कृष्ण के द्वापर युग की आरंभ तिथि है।

योगी के जन्मदिन 5 जून को ज्येष्ठ शुक्ल दशमी की तिथि है। यह मोक्षदायिनी, जीवनदायिनी, दुनिया के सबसे पुरानी सभ्यताओं का पालना रही भारतीय परंपरा में सबसे पवित्र एवं पूज्यनीय गंगा नदी के धरा पर अवतरण की भी तिथि है। उनका अवतरण सतयुग में हुआ था।

इस तिथि पर गंगा दशहरा का आयोजन होता है। त्रेता में भगवान श्रीराम ने लंका पर चढ़ाई करने के पूरे रामेश्वरम की स्थापना भी इसी तिथि पर की थी। इस तरह इस तिथि का विस्तार सभी युगों तक है। योगी ने राम मंदिर के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद अयोध्या के कायाकल्प के लिए खजाने का मुंह खोल दिया था।

# किशोरी से बलात्कार के आरोप में मदरसा शिक्षक गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर,एजेंसी:** जिले के नयी मंडी थाना क्षेत्र में एक मदरसा शिक्षक को 15 वर्षीया एक किशोरी के साथ बलात्कार करने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) रूपाली राव ने संवाददाताओं को बताया कि पुलिस ने आरोपी सद्दाम हुसैन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

किशोरी ने घरवालों को इस बारे में बताया तो पीड़िता के परिवार द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि किशोरी को कथित तौर पर पढ़ाने के बहाने मदरसे में ले जाया गया था, जहां आरोपी ने उसके साथ बलात्कार किया।

# गांव बनेंगे समृद्ध, क्लस्टर मॉडल बदलेगा तकदीर

## पहले साल 7.16 लाख तो दूसरे साल 6.83 लाख मिलेगा अनुदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उनके जीवन को समृद्ध बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। अब प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग को व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा।

इसके तहत एक ग्राम पंचायत एक क्लस्टर अभियान चलाया जाएगा, जिससे किसानों की आमदनी ही नहीं, बल्कि उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में भी बड़ा परिवर्तन आएगा।

हर क्लस्टर 50 हेक्टेयर भूमि में फैला होगा, जिसमें कम से कम 125 किसानों को शामिल किया जाएगा। पहले साल 7.16 लाख रुपए और दूसरे साल 6.83 लाख रुपए का अनुदान दिया जाएगा,



- एक ग्राम पंचायत-एक क्लस्टर से किसानों का होगा सामाजिक-आर्थिक विकास

जो प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में मददगार होगा। किसान फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) से भी जुड़ेंगे, जिससे उन्हें फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर, वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज और मार्केटिंग की अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

प्रदेश सरकार की योजना है कि वर्ष 2025-26 तक बड़ी संख्या में क्लस्टर विकसित कर लाखों किसानों को इससे जोड़ दिया जाए। जिससे न केवल खेती की लागत घटेगी, बल्कि उत्पादकता और आय दोनों में वृद्धि होगी।

### नेचुरल फार्मिंग से ग्राम पंचायतें बनेंगी कृषि नवाचार का केंद्र

प्राकृतिक खेती से जुड़कर किसान न केवल जैविक उत्पाद उगाएंगे, बल्कि उन्हें बाजार में अच्छे दाम भी मिलेंगे। इससे ग्राम पंचायतें आर्थिक रूप से सक्षम होंगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। यह अभियान किसानों के लिए वरदान साबित होगा। क्लस्टर आधारित नेचुरल फार्मिंग मॉडल से जहां खेती लाभकारी बनेगी, वहीं ग्राम पंचायतें कृषि नवाचार का केंद्र बनेंगी। यह योजना न केवल खेतों की सेहत सुधारेगी, बल्कि किसानों के चेहरों पर भी मुस्कान लाएगी।

# ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत

**बहराइच,एजेंसी:** जिले में बहराइच-गोंडा रेल प्रखंड पर ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत हो गयी। पुलिस क्षेत्राधिकारी पहुप सिंह ने रविवार को बताया कि शनिवार शाम रोशनी गुप्ता (25) अपने बेटे दिव्यांश (चार) के साथ बाजार गयी थी। लौटते वक्त वह बहराइच-गोंडा रेल प्रखंड के रेलवे पिलर संख्या 59/21 के निकट रेलवे लाइन पार करने के लिए खड़ी थी। उन्होंने बताया कि इसी बीच, बहराइच से गोंडा की ओर जा रही डेमो ट्रेन को देखकर बच्चा अपनी मां से हाथ छुड़ाकर रेलवे लाइन की तरफ भागा। बच्चे को बचाने के लिए उसकी मां भी पीछे-पीछे दौड़ी तभी ट्रेन आ गयी। उसकी चपेट में आने से दोनों की मौत हो गयी।

इस संबंध में बख्शीपुरा निवासी समाजसेवी अरूण कुमार मिश्र ने बताया कि रेलवे लाइन के उस पार मोहल्लों व बस्तियों में पांच हजार से अधिक बने पक्के मकानों में करीब 30-35 हजार लोग रहते हैं। लोगों के आने-जाने के लिए कोई अंडर पास नहीं है, वहीं ओवर ब्रिज के निर्माण के नाम पर तीन साल पहले रेलवे क्रासिंग को बंद कर दिया गया था।

# केदारनाथ यात्रा: नए कीर्तिमान बने, 200 करोड़ का कारोबार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** श्री केदारनाथ धाम यात्रा हर वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। जहां बाबा केदार के दर्शन को देश-विदेश से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा नए रिकॉर्ड कायम कर रहा है।

वहीं, स्थानीय लोगों के रोजगार को भी बढ़ती हुई यात्रा से लगातार लाभ मिल रहा है। शासन-प्रशासन द्वारा यात्रा पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं से सरकार को भी भारी राजस्व प्राप्त हो रहा है।

बाबा के कपाट खुले एक महीने का समय पूर्ण हो चुका है और इसी एक महीने में सरकारी सुविधाओं से लेकर स्थानीय व्यापारियों ने दो अरब से अधिक का कारोबार कर लिया है। वहीं, जून का महीना शुरू होने के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा भी होने लगा है, जिसका स्थानीय व्यापारियों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों को पूरा लाभ मिलेगा। वर्ष 2025 की यात्रा के लिए 2 मई को बाबा केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुल गए थे। बाबा के कपाट खुले एक महीने का समय पूर्ण हो चुका है। रविवार 1 जून को बाबा के दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या 7 लाख पार हो चुकी है। पिछले एक महीने का औसत निकला जाए तो प्रतिदिन 24 हजार श्रद्धालु बाबा के दर्शनों को केदारपुरी पहुंचे हैं और यह संख्या और सिलसिला रोजाना बढ़ता ही जा रहा है।



बाबा के दर्शन करने पहुंचे भक्तगण।

### यहां इतना हुआ कारोबार

हेली सेवाओं ने 35 करोड़ रुपयों का कारोबार किया तो डंडी - कंडी से एक करोड़ से अधिक की आय हुई है। वहीं, टैक्सी संचालन से करीब 7 करोड़ रुपए अर्जित किए गए हैं। इसके अलावा, होटल प्रतिष्ठानों ने 100 करोड़ से अधिक का कारोबार किया है।

# छात्रा को अश्लील संदेश भेजने का आरोपी शिक्षक निलंबित

अलीगढ़,एजेंसी

जिले में एक छात्रा को अश्लील संदेश भेजने के आरोप में एक डिग्री कॉलेज के शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि जिले के गांधी पार्क थाने में शजरुद्दीन नामक एक शिक्षक के खिलाफ शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया। उसने बताया कि शजरुद्दीन पर अपनी एक छात्रा को मोबाइल फोन पर अश्लील संदेश भेजने का आरोप है। यह मामला पिछले दो दिनों से गरमाया हुआ था।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) युवा मोर्चा और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों के नेतृत्व में छात्रों ने आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी की मांग की। शिक्षक को आंतरिक जांच लंबित रहने तक वार्ष्णेय महाविद्यालय से दो महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि छात्रा ने पुलिस से शिकायत की थी। कॉलेज परिसर में विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने पुलिस पर शिकायत पर कार्रवाई करने में आधिकारिक लापरवाही और देरी करने का आरोप लगाया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) युवा मोर्चा के नेता अमित गोस्वामी ने चेतावनी दी कि अगर आरोपी शिक्षक को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार नहीं किया गया तो उनका संगठन आंदोलन शुरू करेगा।

प्रदर्शन के बाद कॉलेज प्रशासन ने घोषणा की कि आंतरिक जांच लंबित रहने तक शजरुद्दीन को दो महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। पर पुलिस अधीक्षक (नगर) एम.एस. पाठक ने बताया कि आरोपी शिक्षक का मोबाइल फोन जांच के लिये जब्त कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन के रिकॉर्ड सहित सभी साक्ष्यों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ममता कुलकर्णी ने कल्कि धाम में लगाया ध्यान, किया शिलादान

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** अभिनेत्री से साध्वी बनीं किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ममता कुलकर्णी रविवार को संभल के ऐंचोड़ा कंबोह कल्कि धाम पहुंचीं। उन्होंने शिला दान किया वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूजित शिलाओं के सामने ध्यान लगाया।

महामंडलेश्वर ममता कुलकर्णी ने कहा कि मैं खुद को गौरवान्वित समझती हूं कि मुझे कल्कि धाम में शिलादान का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। कहा कि मैं ऋषि जनमेजय के गोत्र से हूं। भगवान परशुराम भी उसी गोत्र के हैं और वही कलयुग में अवतरित होने वाले भगवान कल्कि के गुरु होंगे। उन्होंने कहा कि जब वह कल्कि धाम में ध्यान में बैठी थीं तब उन्हें भगवान कल्कि ने साक्षात दर्शन दिये। कहा कि धर्म की वजह से ही कलियुग का अभी उतना प्रभाव नहीं है। अभी घोर कलयुग आने वाला है। जैसे कि समुद्र मंथन असुर और देवताओं के बीच में था ठीक वैसे ही कलियुग भी इस कगार पर खड़ा है और यह भी धर्म और अधर्म के बीच का द्वंद है।

### डेढ़ करोड़ की गाड़ी से धाम पहुंचीं ममता कुलकर्णी

रविवार दोपहर ममता कुलकर्णी जिस लक्जरी कार में कल्कि धाम में आईं चर्चा रही कि उस कार की कीमत डेढ़ करोड़ के आसपास है। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम का कहना है कि कार ममता कुलकर्णी की नहीं थी बल्कि उनके एक अनुयाई की थी। ममता कुलकर्णी फ्लाइट से दिल्ली पहुंची थीं जहां से धाम व उनसे जुड़ा भक्त उन्हें अपनी कार में लेकर कल्कि धाम आया था।



इसी कार से आईं ममता कुलकर्णी।



एकांत ध्यान करतीं ममता कुलकर्णी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर साक्षात महाकाल की कृपा है। भगवान महाकाल ही उनको टिका कर रखेंगे। 24 नवंबर के बाद संभल में कूप और तीर्थों के निकलने पर महामंडलेश्वर ममता कुलकर्णी ने कहा कि काफी लंबे समय तक मुगलों का राज रहा है और यह स्वाभाविक है जब मुगल आएंगे तो अपने धर्म को ही स्थापित करेंगे और उनके धर्म में साफ-साफ लिखा है कि मूर्ति पूजा निषिद्ध है। मैंने हमेशा एक ही संदेश दिया है कि जो सभी में एक देखेगा वही सनातन धर्म है।

# वसुंधरा ग्रुप के एमडी समेत दो पर 23 लाख ठगी की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मल्टीनेशनल कंपनी के कर्मचारी ने आठ वर्ष पूर्व किया था निवेश

**अमृत विचार :** मऊ के रहने वाले सुरेंद्र प्रसाद चौहान मल्टीनेशनल कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने वसुंधरा ग्रुप के एमडी सुधीर सिंह और एजेंट अखिलेश वर्मा पर 23 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है। पीड़ित के मुताबिक, उसने 2017 में वसुंधरा ग्रुप के आर्चिड वैली नाम के प्रोजेक्ट में 13.10 लाख रुपये जमीन के लिए निवेश किया था। आठ वर्ष बाद भी उनको भूखंड नहीं मिला। सुरेंद्र के मुताबिक, आठ वर्ष का ब्याज लेकर कुल 23.10 लाख रुपये कंपनी वापस नहीं कर रही है। विभूतिखंड पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

मऊ के सराय लखंसी स्थित डुमरांव गांव निवासी सुरेंद्र प्रसाद चौहान ने बताया कि मई 2017 में एजेंट अखिलेश वर्मा के जरिये लखनऊ पहुंचे। अखिलेश ने सुल्तानपुर रोड स्थित काजीखेड़ा गांव में आर्चिड वैली प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी। इसके लिए कंपनी के एमडी सुधीर सिंह से मुलाकात कराई। अपनी पत्नी प्रमिला के साथ सुधीर से मिले। उनके कहने पर आर्चिड वैली योजना में भूखंड बुक किया। जिसके लिए 13.10 लाख रुपये खाते में जमा करा दिये। तीन वर्ष में भूखंड ड्वलप कर देने की बात कही गई। करीब डेढ़ वर्ष बाद प्रोजेक्ट स्थल पर गया तो वहां कोई ड्वलपमेंट का काम ही नहीं हुआ था। इस पर पूछताछ की तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। सुरेंद्र के मुताबिक, कंपनी के एमडी बार-बार टालमटोल करते रहे। उन्होंने बताया कि जो रुपया निवेश किया था, शर्तों के अनुसार दस प्रतिशत ब्याज जोड़कर 23.58 लाख रुपये हुए। इन रुपये की मांग की तो कंपनी के एमडी सुधीर सिंह और उनके कर्मचारियों ने बदसलूकी की। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह के मुताबिक, एमडी सुधीर सिंह, एजेंट अखिलेश वर्मा समेत कई अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# हादसे में लोनिवि के दो अधिकारियों समेत 3 की मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क हादसों में लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी और अपर सहायक अभियंता समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक हल्द्वानी निवासी श्रवण कुमार लोनिवि में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी थे। वह बाइक से रानीखेत से हल्द्वानी जा रहे थे।

बरेली रोड पर बाइक डिवाइडर से टकरा गई और उनकी मौत हो गई। वहीं, रानीखेत निवासी खजान रावत लोनिवि में अपर सहायक अभियंता थे। वह तीन कर्मियों व परिवार संग देहरादून से हल्द्वानी लौट रहे थे। बरहेनी में उनकी कार पेड़ से टकरा गई, जिसमें उनकी मौत हो गई। वहीं, किला छावनी बरेली उत्तर प्रदेश निवासी प्रभात कुमार शनिवार को दोस्त के साथ हल्द्वानी आया था। देर रात उत्तराखंड मुक्त विवि के पास नहर में उनकी बाइक गिर गई। हादसे में प्रभात की मौत हो गई।

# पर्यटकों के लिए खुली फूलों की घाटी, खिली नैसर्गिक छटा

## चमोली में बद्रीनाथ धाम के पास स्थित यह विश्व प्रसिद्ध घाटी जन्नत से कम नहीं

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के चमोली जिले में भगवान बद्रीनाथ धाम के पास स्थित फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान रविवार से पर्यटकों के लिए खोल दिया गया।

नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क की रेंज अधिकारी चेतना कांडपाल ने बताया कि इस राष्ट्रीय उद्यान के लिए घांघरिया से 83 पर्यटकों के पहले दल को परमिट जारी कर विधिवत अनुमति दी गई जिनमें से चार पर्यटकों ने ऑनलाइन और 79 पर्यटकों ने सामान्य तरीके से अनुमति ली थी।

फूलों की घाटी के लिए गोविंदघाट कस्बे से पुष्पावती नदी के किनारे भ्यूंडार के रास्ते घांघरिया से जाया जाता है। हर साल देश-विदेश से हजारों की संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं। घाटी में विभिन्न प्रजातियों की वनस्पतियां और रंग-बिरंगे फूल उगते हैं जिनकी निराली छटा देखते ही बनती है।

वानस्पतिक विविधता को देखते हुए यूनेस्को ने वर्ष 2005 में इसे विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल किया था। पर्यटकों के लिए यह घाटी हर साल जून में खुलती है जो अक्टूबर में हिमपात शुरू होने के बाद बंद कर दी जाती है। मानसून आगमन के करीब घाटी में फूलों की बहार आने लगती है जो सितंबर तक चरम पर होती है।

इस दौरान यहां ब्रह्म कमल, ब्लू पॉपी, कोबरा लिली जैसे सैकड़ों प्रजातियों के फूल खिलते हैं, जिससे पूरी घाटी एक रंगीन कालीन के रूप में नजर आने लगती है।

### यहां पहुंचना एक रोमांचक अनुभव

प्रकृति प्रेमियों और ट्रैकर्स के लिए यह घाटी किसी जन्नत से कम नहीं है, जहां उन्हें हजारों प्रकार के रंग-बिरंगे फूल एक साथ देखने को मिलते हैं। फूलों की घाटी तक पहुंचना अपने आप में एक रोमांचक अनुभव है। गोविंदघाट से लगभग 13 किलोमीटर की पैदल चढ़ाई करके बेस कैंप घांघरिया तक पहुंचते हैं और फिर घांघरिया से फूलों की घाटी का प्रवेश द्वार लगभग 3 किलोमीटर दूर है। घाटी के अंदर केवल दिन के समय ही रहने की अनुमति होती है और सूर्यास्त से पहले वापस आना होता है। इस घाटी के खुलने से स्थानीय पर्यटन व्यवसाय को भी नई ऊर्जा मिलती है।

- अक्टूबर तक यहां खिलेंगे सैकड़ों प्रजातियों के फूल



फूलों की घाटी में खिले रंग-बिरंगे फूल।

# बिजली कर्मी 4 को किसानों के साथ विरोध करेंगे प्रदर्शन

**लखनऊ,अमृत विचार:** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी 4 जून को किसानों के साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। आंदोलनरत बिजली कर्मियों को 16 किसान संगठनों का समर्थन मिला है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश व किसान संगठनों के बीच रविवार को हुई वर्चुअल बैठक में समर्थन की घोषणा की गई।

बैठक में क्रांतिकारी किसान यूनियन, किसान संग्राम समिति, किसान मजदूर परिषद, आल इंडिया किसान फेडरेशन, अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा, किसान एकता केन्द्र, किसान विकास मंच, क्रांतिकारी किसान मंच, भारतीय किसान संगठन, भाकियू श्रमिक जनशक्ति यूनियन, सोशलिस्ट किसान सभा, कृषि भूमि बचाओ मोर्चा, खेत मजदूर किसान संग्राम समिति व इंकलाबी मजदूर केन्द्र के करीब 30 किसान नेताओं ने भाग लिया।

# 32 लाख की ठगी की आरोपी महिला हरियाणा से गिरफ्तार

संवाददाता, सितारगंज

- ई-स्कूटी की एजेंसी दिलाने के नाम पर ठगी का आरोप
- बाकी आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**अमृत विचार:** कोतवाली सितारगंज पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रही शातिर महिला ठग गीता ढूल को गिरफ्तार कर एक बड़े ठगी के मामले का खुलासा किया है।

गीता ढूल पत्नी संजीत चंद, मूल निवासी हरसौला कैथल, हाल निवासी जींद हरियाणा पर सितारगंज निवासी अवतार सिंह से ई-स्कूटी एजेंसी दिलवाने के नाम पर 32 लाख रुपये की ठगी करने का गंभीर आरोप हैं। वादी द्वारा दर्ज कराई गई तहरीर में बताया गया कि गीता ढूल समेत अन्य आरोपी राजपाल, सतीश बेनीवाल, डॉ. सतीश कुमार रनावत व सुभाष चंद्र पाल ने मिलकर उसे स्कूटी एजेंसी दिलवाने का झांसा दिया। आरोपियों ने उससे 32 लाख रुपये वसूल लिए, लेकिन स्कूटी नहीं भेजी। आरोपियों ने बाद में उसका फोन भी उठाना बंद कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ऊधमसिंह नगर ने पुलिस टीम को दोषियों की गिरफ्तारी के विशेष प्रयास करने को कहा। पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में गठित टीम ने मैनुअल सर्विलांस व स्थानीय मुखबिर की मदद से बीते शनिवार को आरोपी महिला गीता ढूल को उसके जींद (हरियाणा) स्थित आवास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गीता ने स्वीकार किया कि वह सीधे-साधे लोगों को झांसे में लेकर उनसे ठगी करती थी। पुलिस अब गीता ढूल के आपराधिक इतिहास की जांच कर उसे न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। अन्य आरोपियों की तलाश में प्रयास जारी हैं।

# मुस्लिम तुष्टिकरण को ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं ममता

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह बोले- ऐसा करके माताओं-बहनों का अपमान कर रहीं कर दीदी

कोलकाता, एजेंसी

गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला करते हुए उन पर मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर और वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध करने का आरोप लगाया। शाह ने यह भी आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हाल में हुए दंगे राज्य प्रायोजित थे।

शाह ने यहां पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में तृणमूल सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया और कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में बनर्जी का कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा। उन्होंने कहा, मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ममता दीदी ने ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया। ऐसा करके वह इस देश की माताओं और बहनों का अपमान कर रही हैं। आपने (ममता बनर्जी) सैन्य अभियान का विरोध नहीं किया, आपने करोड़ों माताओं-बहनों की जिंदगी से खेला है। मैं बंगाल की महिलाओं से अपील करने आया हूं कि वे आने वाले विधानसभा चुनाव में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध करने वालों को सिंदूर की कीमत समझाएं। शाह ने कहा, 2026 (विधानसभा चुनाव) में राज्य की माताएं और बहनें ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना करने के लिए मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस को सबक सिखाएंगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने हाल में प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। अप्रैल में मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर शाह ने दावा किया कि दंगों में टीएमसी के कई नेता शामिल थे। भाजपा नेता ने दावा किया, जिस तरह से टीएमसी के एक मंत्री ने हिंसा भड़काई, उससे यह कहा जा सकता है कि मुर्शिदाबाद दंगे राज्य प्रायोजित थे।

**साधु-संतों ने शाह से मुलाकात की:** विभिन्न संगठनों के शाह से मुलाकात की और पश्चिम बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद जिलों में हिंदुओं पर कथित अत्याचार तथा बांग्लादेश से होने वाली घुसपैठ को लेकर चिंता जताई। स्वामी विवेकानंद के पैतृक आवास पर हुई बैठक के दौरान, साधु-संतों ने दावा किया कि शाह ने हिंदू धार्मिक नेताओं से एकजुट होने और मानवता से संबंधित व्यापक मुद्दों को हल करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया।



कोलकाता में रैली के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अमित शाह।

## बारिश प्रभावित पूर्वोत्तर के मुख्यमंत्रियों को हरसंभव मदद का आश्वासन

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम, अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर बात की और उन्हें स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के लोगों के समर्थन में चट्टान की तरह खड़ी है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, असम, सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में जारी भारी बारिश के मद्देनजर बात की। साथ ही उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर राज्यों के कई हिस्से बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। बाढ़ के कारण असम के 15 से अधिक जिलों में 78,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में राज्य भर में भारी बारिश से आई बाढ़ के कारण सड़क परिवहन, ट्रेन और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों में अरुणाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश से हुए भूस्खलन के कारण मुख्य सड़क अवरुद्ध हुई हैं और शनिवार को उत्तरी सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में लगभग 1,500 पर्यटक फंस गए। सिक्किम के मंगन जिले में तीस्ता नदी में गुरुवार रात एक वाहन के गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, दो लोग घायल हो गए।

# सेना के तीनों अंगों ने किया संयुक्त सुरक्षा अभ्यास

मुंबई, एजेंसी

- फोर्स वन और मुंबई पुलिस ने भी लिया हिस्सा, रक्षा मंत्रालय ने दी जानकारी
- गैर-परंपरागत खतरों की उभरती प्रकृति और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर किया अभ्यास

गैर-परंपरागत खतरों की उभरती प्रकृति और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर भारतीय सेना के तीनों अंगों ने यहां एक उच्चस्तरीय संयुक्त सुरक्षा अभ्यास किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। एक बयान में कहा गया कि दो दिवसीय अभ्यास 30 और 31 मई को सेना प्रशिक्षण क्षेत्र, कोलाबा और फोर्स वन प्रशिक्षण क्षेत्र मुंबई में आयोजित किया गया और इसका समापन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर हुआ।

बयान के मुताबिक, दो दिवसीय व्यापक अभ्यास में थल सेना, नौसेना, वायु सेना, भारतीय तटरक्षक बल, फोर्स वन (महाराष्ट्र) और मुंबई पुलिस की समन्वित भागीदारी देखी गई। बयान में कहा गया, इसका प्राथमिक उद्देश्य अंतर-एजेंसी सहयोग को मजबूत करना, परिचालन तत्परता का आकलन करना और बहुआयामी सुरक्षा परिदृश्यों के लिए एकीकृत प्रतिक्रिया तंत्र को जांचना था।

सभी संबंधित सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने अभ्यास का निरीक्षण किया तथा यह सुनिश्चित किया कि मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का कठोरता से पालन किया जाए।

## एक नजर

### हिमाचल प्रदेश: सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में रविवार को एक पिकअप वाहन के पुल की रेलिंग से टकरा जाने से उसमें सवार पांच श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वाहन पंजाब के लुधियाना से मंडी के कामंद में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जा रहा था, उस दौरान ही यह दुर्घटना घटी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और वाहन पुल की रेलिंग से टकरा गया था।

### सोशल मीडिया पोस्ट के लिए व्यक्ति को हिरासत में लिया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सोशल मीडिया मंचों का गलत इस्तेमाल कर शांति भंग करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सालियान-सुरनकोट गांव निवासी एजाज अहमद के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा, यह कदम पुलिस की सांप्रदायिक सौहार्द, सार्वजनिक व्यवस्था और सभी नागरिकों की सुरक्षा बनाए रखने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# मुठभेड़ में बब्बर खालसा से जुड़े दो सदस्य गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी

- आतंकवाद-वसूली माड्यूल का भंडाफोड़, मुठभेड़ में एक घायल

पंजाब पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार करके आतंकवाद और जबरन वसूली के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यूल प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के एक सदस्य से जुड़ा था। पुलिस की गोली से एक सदस्य घायल भी हुआ है जिसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि बीकेआई सदस्य जीवन फौजी पंजाब में एक जबरन वसूली गिरोह चला रहा था। फौजी के दो साथियों करजप्रीत सिंह और गुरलाल सिंह उर्फ हरमन को गिरफ्तार कर लिया गया है। फौजी ने दोनों को एक पिस्तौल मुहैया कराई और अमृतसर क्षेत्र में फर्नीचर की दुकान पर गोली चलाने का निर्देश दिया। जीवन फौजी ने दुकान मालिक के कनाडा स्थित एक रिश्तेदार से फिरौती की मांग की थी। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम गुरलाल को पिस्तौल की बरामदगी के लिए ले गई।

## गद्दारों ने तेजस्वी व मेरे बीच फूट डालने की कोशिश की: तेजप्रताप

**पटना।** पार्टी से निकाले जाने पर चुप्पी तोड़ते हुए तेजप्रताप यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि उनके और छोटे भाई तेजस्वी यादव के बीच दरार डालने की साजिश रची जा रही है। राजद पार्टी से निष्कासित किये जाने के एक हफ्ते बाद बिहार के पूर्व मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

तेजप्रताप ने रविवार को दावा किया कि पार्टी में 'जयचंद' जैसे कुछ लालची लोग उनके खिलाफ राजनीति कर रहे हैं। महाभारत के प्रतीकात्मक चित्रण का सहारा लेते हुए यादव ने लिखा, मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नही हो सकोगे, कृष्ण की सेना तो तुम ले सकते हो लेकिन खुद कृष्ण को नहीं। हर साजिश को जल्द बेनकाब करूंगा।

# नासिक-त्र्यंबकेश्वर में अगले साल 31 अक्टूबर से शुरू होगा सिंहस्थ कुंभ मेला

नासिक/मुंबई, एजेंसी

- नासिक में साधुओं और महंतों ने की बहुप्रतीक्षित तिथियों की घोषणा

नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 को दो प्रमुख तीर्थ नगरी में पारंपरिक ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा, जबकि गोदावरी नदी में पहला अमृत स्नान' दो अगस्त 2027 को होगा। नासिक में साधुओं और महंतों की एक बैठक में बहुप्रतीक्षित तिथियों की घोषणा की गई।

बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने की। उन्होंने कहा कि इस भव्य समागम के लिए किए जाने वाले प्रबंध के पैमाने को देखकर दुनिया दंग रह जाएगी। सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 को त्र्यंबकेश्वर के साथ-साथ रामकुंड और पंचवटी में ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा। नासिक में 29 जुलाई 2027 को 'नगर प्रदक्षिणा' होगी, जबकि पहला 'अमृत स्नान' दो अगस्त 2027 को होगा। दूसरा अमृत स्नान 31 अगस्त 2027 को तथा तीसरा और अंतिम 11 सितंबर 2027 को नासिक में और 12 सितंबर 2027 को त्र्यंबकेश्वर में होगा। ध्वज को 24 जुलाई 2028 को उतार लिया जाएगा, जो सिंहस्थ कुंभ मेले के समापन का प्रतीक होगा। यह 12 वर्षों में एक बार आयोजित होता है। पिछला सिंहस्थ कुंभ मेला वर्ष 2015-16 में नासिक और त्र्यंबकेश्वर में आयोजित किया गया था। कुंभ पारंपरिक रूप से नासिक-त्र्यंबकेश्वर, प्रयाग, हरिद्वार और उज्जैन में आयोजित किया जाता है।

# असम: बाढ़ से चार लाख से अधिक लोग प्रभावित, 10 लोगों की मौत

गुवाहाटी/रंगिया/जोरहाट/तिनसुकिया, एजेंसी

असम में बाढ़ और भूस्खलन से दो और लोगों की मौत के साथ ही मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है जबकि रविवार को 20 से अधिक जिलों में चार लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। राज्य की सात प्रमुख नदियां उफान पर हैं।

राज्य के अधिकांश इलाकों में पिछले कुछ दिन से लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क परिवहन, रेल यातायात और नौका सेवाएं प्रभावित हुई हैं। राज्य सरकार ने पिछले कुछ दिन में गुवाहाटी में भूस्खलन में मारे गए पांच लोगों के परिजनों के लिए चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। एएसडीएमए ने कहा गया कि पिछले 24 घंटों में कछार और श्रीभूमि जिले में एक-एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली है।

## खराब मौसम के कारण 14 उड़ानों का मार्ग बदला गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रविवार शाम खराब मौसम की वजह से हवाई अड्डे पर कुल 14 उड़ानों का मार्ग बदल दिया गया और सैकड़ों उड़ानों के परिचालन में देरी हुई। सूत्र ने बताया कि सात उड़ानों को जयपुर, दो-दो उड़ानों को चंडीगढ़ और अमृतसर, एक-एक उड़ान को अहमदाबाद, देहरादून और लखनऊ की ओर भेज दिया गया। रविवार को 350 से अधिक उड़ानों में देरी हुई।

## बचाव अभियान



त्रिपुरा के अगरतला के बाहरी इलाके में बारिश के बीच बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बचाव कर्मी नाव के माध्यम से स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने में सहायता करते हुए। एजेंसी

## चिराग पासवान को विधानसभा चुनाव लड़वाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) जल्द ही अपने कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक बुला सकती है, जिसमें पार्टी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से आगामी बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने का आग्रह करने वाले प्रस्ताव को औपचारिक रूप दिया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि पार्टी के नेताओं ने 30 मई को बिहार के बिक्रमगंज में इस बारे में विचार करने के लिए बैठक की थी, जहां कुछ घंटों बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक जनसभा को संबोधित किया था।

हालांकि चिराग पासवान खुद इस बैठक में नहीं थे। लोजपा (रामविलास) के सांसद अरुण भारती ने कहा है कि पार्टी नेता चाहते हैं कि पासवान यदि विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला करते हैं तो वह अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किसी सीट के बजाय सामान्य सीट से किस्मत आजमाएं। इसका उद्देश्य उनके क्षेत्र से बाहर उनकी स्वीकार्यता का संदेश देना और उन्हें व्यापक जनाधार वाले नेता के रूप में प्रस्तुत करना है।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### रिकॉर्ड मुनाफे वाला शीर्ष पीएसयू बना एलआईसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में सबसे अधिक लाभ कमाने वाली कंपनी बन गई है। एलआईसी का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 38 प्रतिशत वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 19,013 करोड़ रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 13,763 करोड़ रहा था।

### केनरा बैंक का बचत खातों में न्यूनतम शेष पर जुर्माना खत्म

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने सभी प्रकार के बचत खातों में औसत मासिक राशि (एएमबी) की जरूरत को पूरी तरह से खत्म करने की घोषणा की है। इसके तहत बैंक खाते में न्यूनतम राशि से कम जमा होने पर खाताधारक पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा।

# भारत को गति देने के लिए काम कर रही सरकार

## प्रधानमंत्री मोदी ने एडीबी अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की और कहा कि उनकी सरकार पिछले दशक में भारत के तेजी से हो रहे बदलाव को और गति देने के लिए काम कर रही है।

कांडा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उनका संगठन भारत की 2047 तक विकसित भारत की महत्वाकांक्षा का समर्थन कर रहा है और इसे एक साहसिक दृष्टिकोण बताया। उन्होंने कहा, हम अगले पांच वर्षों में नगर निगम के बुनियादी ढांचे के विकास, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, नए क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के निर्माण और शहरी सेवाओं के आधुनिकीकरण में तीसरे पक्ष की पूंजी सहित 10 अरब डॉलर का निवेश करेंगे। कांडा ने कहा कि 1966 से एडीबी का संस्थापक सदस्य भारत इसका मजबूत साझेदार है।

उन्होंने कहा, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के वित्त को बढ़ाकर, ज्ञान सहयोग को गहरा करके और पूंजी जुटाकर, हम 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अभियान का समर्थन करने और इसके 1.4 अरब लोगों के लिए समावेशी, लचीला और पर्यावरण अनुकूल विकास प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

मोदी ने कहा, मसातो कांडा के साथ एक शानदार बैठक हुई, जिसमें हमने कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। पिछले दशक में भारत के तेजी से हुए परिवर्तन ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है। हम इस यात्रा को और गति देने के लिए काम कर रहे हैं।



## एडीबी ने भारत के शहरी बदलाव के लिए 10 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता जताई

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अगले पांच साल में मेट्रो विस्तार सहित भारत के शहरी बदलाव के लिए 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक की प्रतिबद्धता जताई है। एडीबी के अध्यक्ष मासातो कांडा ने यह जानकारी दी। उन्होंने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा, शहर वृद्धि के इंजन हैं। एडीबी पूंजी जुटाएगा, वितरण में तेजी लाएगा और ऐसे समाधान को बढ़ावा देगा, जो भारत की शहरी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएंगे और 2047 तक विकसित भारत की दिशा में बढ़ने के लिए लोगों की मदद करेंगे। एडीबी ने बयान में कहा कि परिवर्तन योजना में सॉवरेन ऋण, निजी क्षेत्र का वित्तपोषण और तीसरे पक्ष की पूंजी शामिल है। इस पहल में शहरी चुनौती कोष (यूसीएफ) अग्रणी है, जिसे एडीबी शहरी बुनियादी ढांचे के लिए निजी निवेश आकर्षित करने के लिए समर्थन दे रहा है। भारत के 100 शहरों में विकास केंद्रों, रचनात्मक शहरी पुनर्विकास और पानी तथा स्वच्छता उन्नयन पर विश्लेषणात्मक कार्य यूसीएफ के लिए आधार तैयार कर रहे हैं। एडीबी ने कहा कि उसने पात्र परियोजनाओं को तैयार करने और राज्यों तथा शहरी स्थानीय निकायों की क्षमता को मजबूत करने के लिए तकनीकी सहायता में 30 लाख डॉलर की प्रतिबद्धता जताई है। कांडा ने एडीबी समर्थित दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस गलियारे का दौरा किया और उन महिलाओं से बात की जिनकी आजीविका परियोजना से जुड़े प्रशिक्षण के माध्यम से बेहतर हुई है।

# बीते वित्त वर्ष में विनियमित इकाइयों पर आरबीआई ने 353 जुर्माने लगाए

मुंबई, एजेंसी

- सहकारी बैंकों पर 15.63 करोड़ की राशि के 264 जुर्माने लगाए गए

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बीते वित्त वर्ष (2024-25) में विनियमित इकाइयों (आरई) के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और क़ानून के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए कुल 353 जुर्माने लगाए। इन जुर्मानों के तहत राशि 54.78 करोड़ रुपये बैठती है।

ये उल्लंघन/गैर-अनुपालन, बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे, जोखिम मानदंड और आईआरएसी मानदंड, अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) निर्देश, धोखाधड़ी वर्गीकरण और रिपोर्टिंग निर्देश, सीआरआईएलसी पर सूचना की रिपोर्टिंग, और क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को कर्ज जानकारी देने से संबंधित थे। आरबीआई की वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, विभाग ने विनियमित इकाइयों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और समय-समय पर रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए कुछ निर्देशों और कानूनों के प्रावधानों के उल्लंघन/गैर-अनुपालन के लिए कुल 54.78 करोड़ रुपये के 353 जुर्माने लगाए। आरबीआई के आंकड़ों से पता चला है कि सहकारी बैंकों पर 15.63 करोड़ रुपये की राशि के 264 जुर्माने लगाए गए। इसके अलावा, आरबीआई ने 37 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)/परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों पर कुल 7.29 करोड़ रुपये और 13 आवास वित्त कंपनियों पर 83 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

पिछले वित्त वर्ष के दौरान आठ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) पर 11.11 करोड़ रुपये और 15 निजी बैंकों पर 14.8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया। छह विदेशी बैंकों पर भी जुर्माना लगाया गया।

# इस्पात शुल्क चुनौतियों से भारत को सतर्क रहने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- वैश्विक शुल्क में बदलाव के कारण उद्योग जगत की आई प्रतिक्रिया

अमेरिका द्वारा शुल्क संबंधी घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस्पात उद्योग के शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि वैश्विक शुल्क में बदलाव के कारण भारत को व्यापार के बढ़ते जोखिम के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है।

प्रमुख इस्पात कंपनियों जेएसडब्ल्यू स्टील और एएमएनएस इंडिया ने कहा कि आवश्यक व्यापार उपायों को सक्रिय रूप से लागू करने की आवश्यकता है, क्योंकि हर देश अपने उद्योग की रक्षा कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को पेंसिल्वेनिया के इस्पातकर्मियों से कहा कि वह उनके उद्योग की रक्षा के लिए इस्पात आयात पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर देंगे। इससे आवास, वाहन और अन्य सामान बनाने में इस्तेमाल होने वाली धातु की कीमतें और बढ़ सकती हैं। शुल्क बढ़ोतरी बुधवार से लागू होंगी। जेएसडब्ल्यू स्टील के संयुक्त प्रबंध निदेशक और सीईओ जयंत आचार्य ने कहा, हमें आवश्यक व्यापार उपायों को सक्रिय रूप से और समय पर लागू करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक शुल्क में बदलाव के कारण भारत में व्यापार का जोखिम बढ़ने की संभावना है।

## इंडिगो ने 30 ए350 विमानों का दिया ऑर्डर

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने रविवार को एयरबस को 30 और चौड़े आकार के ए350 विमानों के लिए निश्चित ऑर्डर देने की घोषणा की, जिससे ऐसे विमानों की कुल संख्या 60 हो गई। एयरलाइन ने पिछले साल अप्रैल में 30 ए350 विमानों के लिए निश्चित ऑर्डर दिया था।

उसके पास ऐसे 70 और विमानों का ऑर्डर देने का विकल्प भी था। इंडिगो के सीईओ ने कहा कि 70 विमानों के विकल्प में अब एयरलाइन 30 विमानों का निश्चित ऑर्डर दे रही है। एयरलाइन ने 900 से अधिक विमानों का ऑर्डर दिया है, जो अगले साल से मिलने शुरू होंगे।

# सरकार ने पड़ोसी देशों से एफडीआई मंजूरी तेज की

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने चीन सहित पड़ोसी देशों के एफडीआई आवेदनों को मंजूरी देने की प्रक्रियाओं को काफी सुव्यवस्थित किया है। एक अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में तेजी से निर्णय लिये जा रहे हैं और नियमित रूप से अंतर-मंत्रालयी समिति की बैठकें हो रही हैं।


उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मंजूरी तय समयसीमा के भीतर मिले। सरकार ने 2020 के प्रेस नोट तीन के तहत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से विदेशी निवेश के लिए पूर्व मंजूरी को अनिवार्य कर दिया था। ये देश हैं चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान हैं। इन देशों से लंबित एफडीआई प्रस्तावों की संख्या काफी कम है।

## सिंगापुर फिर बना भारत का सबसे बड़ा एफडीआई स्रोत

**नई दिल्ली।** सिंगापुर पिछले सात साल से एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है। 2024-25 में सिंगापुर से लगभग 15 अरब अमेरिकी डॉलर का सबसे अधिक विदेशी निवेश मिला है।

# ब्याज दर में लगातार तीसरी बार 0.25% की कटौती कर सकता है आरबीआई

मुंबई, एजेंसी



- मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहना मुख्य कारण

मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहने के कारण, आरबीआई ब्याज दर में शुक्रवार को लगातार तीसरी बार 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। इससे अमेरिका के आयात शुल्क बढ़ाने से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के बीच वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

रिजर्व बैंक की दर-निर्धारण समिति मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चार जून को अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी और छह जून (शुक्रवार) को निर्णय की घोषणा करेगी। फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रेपो) में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की, जिससे यह छह प्रतिशत पर आ गई। आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी ने भी अपनी अप्रैल की नीति में रुख को 'तटस्थ' से बदलकर 'उदार' करने का फैसला किया। फरवरी, 2025 से नीतिगत रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती के जवाब में, अधिकांश बैंकों ने अपनी रेपो से संबद्ध बाहरी बेंचमार्क आधारित उधार दरों (ईबीएलआर) और कोष-आधारित उधार दर की सीमांत लागत (एमसीएलआर) को कम कर दिया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, हमारा मानना है कि मुद्रास्फीति की अपेक्षाकृत सौम्य स्थितियों और आरबीआई के उपायों के माध्यम से तरलता की स्थिति को बहुत सहज बनाए जाने के कारण, एमपीसी छह जून को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगी।



**औरेंज कैप**
साई सुदर्शन
(गुजरात)



**759 रन**

**पर्पल कैप**
प्रसिद्ध कृष्णा
(गुजरात)



**25 विकेट**

### उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 717 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

### सर्वाधिक विकेट

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 4. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

### एक पारी में उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 1. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 141 रन |
| 2. रिषभ पंत (लखनऊ) | 118* रन |
| 3. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 117 रन |
| 4. केएल राहुल (दिल्ली) | 112* रन |
| 5. साई सुदर्शन (गुजरात) | 108* रन |

### सर्वाधिक छक्के

| | |
|---|---|
| 1. निकोलस पूरन (लखनऊ) | 40 छक्के |
| 2. श्रेयस अय्यर (पंजाब) | 39 छक्के |
| 3. सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 38 छक्के |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 37 छक्के |
| 5. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 28 छक्के |

# श्रेयस अय्यर ने तोड़ा मुंबई का सपना

## पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर आईपीएल फाइनल में जगह बनाई

**अहमदाबाद, एजेंसी**

श्रेयस अय्यर के 41 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से पंजाब किंग्स ने दूसरे क्वालीफायर में रविवार को मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया और इसके साथ ही यह भी तय हो गया कि इंडियन प्रीमियर लीग को इस सत्र में एक नया चैम्पियन मिलेगा। अब तीन जून को फाइनल में पंजाब का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से होगा और दोनों टीमों ने 18 साल में एक बार भी खिताब नहीं जीता है।

पिछले साल अपनी कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले श्रेयस ने दबाव के क्षणों में परिपक्व पारी खेलते हुए 11 साल में पहली बार पंजाब को फाइनल में पहुंचाया । मुंबई के खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण के सामने जीत के लिये 204 रन का लक्ष्य आसान नहीं था लेकिन श्रेयस ने आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढी । उन्होंने आठ छक्कों और पांच चौकों की मदद से नाबाद 87 रन बनाये जिसकी मदद से पंजाब किंग्स ने पांच विकेट पर 207 रन बनाये। श्रेयस ने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर टीम को जीत तक पहुंचाया।
इससे पहले बारिश के कारण मैच सवा दो घंटे विलंब से शुरू हुआ । मुंबई के लिये आज जसप्रीत बुमराह का खराब फॉर्म भारी पड़ा जिन्होंने चार ओवर में 40 रन दे डाले और एक भी विकेट नहीं ले सके । इसके अलावा मुंबई की फील्डिंग भी काफी लचर थी और नेहाल वढेरा (48) को दो जीवनदान देना भारी पड़ गया।

नमन धीर ने मिचेर सेंटनेर का आसान कैच टपकाया जबकि ट्रेंट बोल्ट ने हार्दिक पंड्या के ओवर में वढेरा का कैच फाइन लेग पर उस समय छोड़ा जब वह 13 रन पर खेल रहे थे । वढेरा ने इसका फायदा उठाते हुए 29 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 48 रन बनाये। उन्होंने कप्तान श्रेयस के साथ चौथे विकेट के लिये 84 रन भी जोड़े। बोल्ट ने प्रभसिमरन सिंह (छह) को जल्दी आउट कर दिया जबकि प्रियांश आर्य (20) अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाये । इसके बाद जोश इंगलिस (21 गेंद में 38 रन) ने पंजाब पर से शुरूआती दबाव हटाया । इंगलिस ने बुमराह को छठे ओवर में दो छक्के और दो चौके जड़कर 20 रन लिये। पंजाब के तीन विकेट 72 रन पर गिरने के बाद श्रेयस और वढेरा ने कमान संभाली। श्रेयस ने 13वें ओवर में रीसे टॉपली को तीन छक्के लगाकर जीत की राह आसान की । इससे पहले सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की अगुवाई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन के दम पर मुंबई इंडियंस ने छह विकेट पर 203 रन बनाये । करीब सवा दो घंटे विलंब से शुरू हुए मुकाबले में एक भी ओवर कम नहीं किया गया । मुंबई के लिये जॉनी बेयरस्टो (38), तिलक वर्मा (44) और सूर्यकुमार (44) ने बड़े स्कोर की नींव रखी। नमन धीर ने भी 18 गेंद में 33 रन बनाकर टीम को 200 रन के पार पहुंचाया। रोहित शर्मा (आठ) पिछले मैच की तरह मिले जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके। तीसरे ओवर में काइल जैमीसन की गेंद पर अजमतुल्लाह उमरजइ ने उनका कठिन कैच टपकाया। हालांकि रोहित अपना पसंदीदा पूल शॉट खेलने के प्रयास में मार्कस स्टोइनिस की गेंद पर डीप स्क्वेयर लेग में विशाख विजयकुमार को कैच दे बैठे। शुरुआती झटके से अविचलित मुंबई ने दस रन प्रति ओवर की दर से रन बनाना जारी रखा। तिलक ने दूसरी ही गेंद पर छक्का लगाया, दूसरे छोर से बेयरस्टो भी आक्रामक खेल रहे थे।


बारिश के कारण देर से शुरू हुआ मुकाबला।

### मुंबई इंडियंस

**203/6 (20 ओवर)**

| | |
|---|---|
| रोहित शर्मा का विशाख बो स्टोइनिस | 08 |
| जॉनी बेयरस्टो का इंगलिस बो विशाख | 38 |
| तिलक वर्मा का आर्य बो जैमीसन | 44 |
| सूर्यकुमार यादव का वढेरा बो चहल | 44 |
| हार्दिक पंड्या का इंगलिस बो उमरजइ | 15 |
| नमन धीर का स्टोइनिस बो उमरजइ | 37 |
| राज बावा नाबाद | 08 |
| मिचेल सेंटनेर नाबाद | 00 |


**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-44-0, स्टोइनिस 1-0-14-1, उमरजइ 4-0-43-2, विशाख 3-0-30-1, चहल 4-0-39-1, जैमीसन 4-0-30-1

### पंजाब किंग्स

**207/5 (19 ओवर)**

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का पंड्या बो अश्वनी | 20 |
| प्रभसिमरन सिंह का टॉपली बो बोल्ट | 06 |
| जोश इंगलिस का बेयरस्टो बो पंड्या | 38 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 87 |
| नेहाल वढेरा का सेंटनेर बो अश्वनी | 48 |
| शशांक सिंह रन आउट | 02 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 02 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-38-1, टॉपली 3-0-40-0, बुमराह 4-0-40-0, अश्वनी 4-0-55-2, सेंटनेर 2-0-15-0, पंड्या 2-0-19-1



पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर शॉट लगाते हुए। • एजेंसी

# गिल के लिए कड़ी परीक्षा होगा इंग्लैंड का दौरा : सबा करीम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व भारतीय चयनकर्ता सबा करीम का मानना है कि आगामी इंग्लैंड दौरा नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए कड़ी परीक्षा जैसा होगा और कप्तान के रूप में उनकी सफलता उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को कप्तान नियुक्त करके भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की। करीम ने रविवार को फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम से इतर पीटीआई वीडियो से कहा यह उनके लिए एक परीक्षा है। मुझे यकीन है कि वह इसके लिए तैयार हैं।

उन्हें बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अगर वह ऐसा करने में सफल रहते हैं तो इससे उनकी कप्तानी पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज़ को पूरा विश्वास है कि भारत की युवा टीम इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करके अनुकूल परिणाम हासिल करेगी। उन्होंने कहा मुझे इस युवा भारतीय टीम से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। मैच वास्तव में प्रतिस्पर्धी होंगे और भारतीय खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं।


सबा करीम व शुभमन गिल।

### मुकेश के तीन विकेट से भारत ए की मैच में वापसी

**कैंटरबरी :** तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के तीन विकेट की मदद से भारत ए ने मैक्स होल्डेन के आठवें प्रथम श्रेणी शतक के बावजूद अनधिकृट चार दिवसीय टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को मैच में वापसी की जब इंग्लैंड लायंस के पांच विकेट 333 रन पर निकल गए। टॉम हैंस 208 गेंद में 142 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि डैन मूसली ने दो रन बनाये हैं। लायंस अभी भी 224 रन पीछे हैं। मुकेश ने होल्डन (101 गेंद में 101 रन), लायंस के कप्तान जेम्स रियू (आठ) और रेहान अहमद (तीन) के विकेट चटकाए। होल्डन ने विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल को कैच थमाया जबकि रियू पगबाधा आउट हुए।

## भारत ए की खराब गेंदबाजी, लायंस ने बनाए 527 रन

**कैंटरबरी :** भारतीय टेस्ट टीम में तेज गेंदबाज हरफनमौला की एकमात्र जगह पाने की कोशिश में जुटे शार्दुल ठाकुर और नीतिश कुमार रेड्डी के निराशाजनक प्रदर्शन से इंग्लैंड लायंस ने भारत ए के खिलाफ चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को सात विकेट पर 527 रन बना लिए।

भारत के लिये एकमात्र राहत की बात पहले सत्र में तेज गेंदबाज मुकेश कुमार का प्रदर्शन रही जिन्होंने 21 ओवर में 75 रन देकर तीन विकेट लिए। शार्दुल ने 21 ओवर में 90 रन दिये और उन्हें एक ही विकेट मिला जबकि रेड्डी ने 11 ओवर में 57 रन दे डाले और कोई विकेट नहीं मिला। इंग्लैंड लायंस के लिये टॉम हैंस ने 171 रन और डैन मूसली ने 113 रन बनाए। भारत ए ने पहली पारी में 557 रन बनाये थे। मूसली तथा जमां अख्तर ने 108 रन की साझेदारी की।

# रिंकू सिंह की आठ जून को सांसद प्रिया सरोज से होगी सगाई

**जौनपुर, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह की शादी जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद प्रिया सरोज से तय हो गई है और दोनों की रिंग सेरेमनी (सगाई की रस्म) आठ जून को लखनऊ में होगी। प्रिया सरोज के पिता और जौनपुर के केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने रविवार को इस रिश्ते की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रिंग सेरेमनी में परिवार के सदस्य करीबी मित्र और रिश्तेदार शामिल होंगे। शादी परंपरागत तरीके से इसी साल 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज में होगी। इस शादी समारोह में क्रिकेट जगत के सितारे, बॉलीवुड हस्तियां, उद्योगपति और प्रमुख राजनेताओं को आमंत्रित करने की तैयारी चल रही है।

उन्होंने बताया कि अलीगढ़ में रिंकू सिंह के परिजनों से मुलाकात के बाद दोनों परिवारों की सहमति से यह रिश्ता तय हुआ। तूफानी सरोज ने कहा रिंकू और प्रिया एक-दूसरे को पहले से जानते हैं। प्रिया की सहेली के पिता (जो एक क्रिकेटर हैं) के माध्यम से दोनों की



मुलाकात हुई थी। दोनों ने परिजनों की रजामंदी से शादी का फैसला लिया। पेशे से अधिवक्ता 26 साल की प्रिया सरोज पहली बार सांसद बनी हैं। 27 साल के रिंकू सिंह ने भारत के लिए दो एकदिवसीय और 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले है।

आक्रामक बल्लेबाजी से पहचान बनाने वाले रिंकू इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हैं। सपा विधायक के करीबियों के अनुसार, शादी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होगी। दोनों ने एक-दूसरे को समझने के लिए पर्याप्त समय लिया और अब एक नयी शुरुआत के लिए तैयार हैं।



**जयपुर :** पहली तिब्बती पेशेवर मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर तेनजिन पेमा जयपुर में एक वर्कआउट करती हुईं। • एजेंसी

## खेल डायरी

### भाटिया आठ ओवर के कार्ड के बाद 23वें स्थान पर खिसके

**डबलिन :** भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया शुरुआती दो दौर के शानदार प्रदर्शन को तीसरे दौर में जारी नहीं रख सके और आठ ओवर 80 के निराशाजनक कार्ड के बाद 'मेमोरियल गोल्फ टूर्नामेंट' में संयुक्त रूप से 23वें स्थान पर खिसक गए। भाटिया शुरुआती दो दौर में क्रमश: 70 और 69 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान के साथ खिताब की दौड़ में बने हुए थे लेकिन तीसरे दौर में चार बोगी और दो डबल बोगी कर तालिका में काफी नीचे खिसक गए। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज स्कॉटी शेफलर चार अंडर का कार्ड खेलकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। शेफलर का कुल स्कोर आठ अंडर है। उनके पास दूसरे स्थान पर काबिज बेन ग्रिफिन (65-72-72) पर बढ़त है।

### ओलंपिक पदक विजेता लवलीना मुक्केबाजी अकादमी शुरू करेंगी

**नई दिल्ली :** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की अकादमी का उद्घाटन मंगलवार को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा करेंगे। लवलीना ने कहा यह अकादमी सिर्फ प्रशिक्षण सुविधा से कहीं बढ़कर है। यह एक सपना है जो मैंने खुद और असम के उन अनगिनत युवा लड़कों और लड़कियों के लिए देखा है जो रिंग में उतरना चाहते हैं। उन्होंने कहा 'लवलीना मुक्केबाजी अकादमी' के साथ मैं ऐसा माहौल बनाना चाहती हूं जहां महत्वाकांक्षी खिलाड़ी न केवल मुक्केबाजी की कला सीखें बल्कि सफल होने के लिए जरूरी जज्बा, अनुशासन और मजबूत आत्मविश्वास भी हासिल करें।

### गुकेश का उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी

**स्टावेंजर :** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी रहा और यह भारतीय खिलाड़ी चीन के वेई यी से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारकर संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हराकर अपना चौथा स्थान बरकरार रखा। गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने शनिवार को भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए फैबियानो कारूआना के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल कर अपने अंकों की संख्या 9.5 पर पहुंचा दी। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी ने चीन की लेई टिंगजी के खिलाफ टाई-ब्रेक जीत के बाद 8.5 अंकों के साथ बढ़त हासिल की।


फ्रेंच ओपन में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना इटली की जैस्मीन पाओलिनी को गेंद लौटाती हुई। • एजेंसी

# स्वितोलिना क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**पेरिस, एजेंसी**

एलिना स्वितोलिना ने तीन मैच प्वाइंट का बचाव कर 2024 की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को रविवार को यहां 4-6, 7-6, 6-1 से हराकर पांचवीं बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

यूक्रेन की 13वीं वरीयता प्राप्त स्वितोलिना तीन बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल खेल चुकी हैं। फ्रेंच ओपन में आने से पहले पाओलिनी ने क्ले कोर्ट पर इटालियन ओपन का खिताब जीता था। वह इस मुकाबले में लगातार नौ जीत के साथ पहुंची थी लेकिन बेहद मजबूत स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने स्वितोलिना को वापसी का मौका दे दिया। स्वितोलिना के सामने अंतिम आठ मुकाबले में तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक की चुनौती होगी जिन्होंने 2022 विम्बलडन चैम्पियन एलिना रिबाकिना को 1-6, 6-3, 7-5 से हराया। पाओलिनी ने पहला सेट जीतने के बाद दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन स्वितोलिना उनकी सर्विस को तोड़ने में सफल रही। यूक्रेन की खिलाड़ी ने तीसरे सेट में दबदबा कायम करते हुए 6-1 की जीत के साथ मुकाबला अपना नाम कर लिया।

**जोकोविच चौथे दौर में पहुंचे :** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर के मुकाबले में क्वालीफायर फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं।

### बोपन्ना-पावलासेक की जोड़ी फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस :** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार एडम पाव लासेक दूसरी वरीयता प्राप्त हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन की जोड़ी को कड़ी टक्कर देने के बावजूद रविवार को यहां हारकर फ्रेंच ओपन से बाहर हो गए। भारत और चेक गणराज्य के खिलाड़ी की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी को प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में फिनलैंड और ब्रिटेन के खिलाड़ी की जोड़ी ने 6-2, 7-6 से शिकस्त दी। हेलियोवारा और पैटन की जोड़ी शुरुआती सेट में दो बार सर्विस ब्रेक करते हुए 5-1 की बढ़त बनाने में सफल रही।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी :** भारत ने अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में उरुग्वे पर शूटआउट में 3-1 से जीत दर्ज की। इससे पहले निर्धारित समय में यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा था। भारत के लिए उप-कप्तान हिना (10वें मिनट) और लालरिनपुई (24वें मिनट) ने मैच के निर्धारित समय में गोल किए जबकि जबकि गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में अपने मौकों को भुनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

भारत ने मैच की आक्रामक शुरुआत के साथ दबदबा कायम किया। हिना ने 10वें मिनट में खाता खोला जबकि लालरिनपुई के गोल से मध्यांतर तक भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली। उरुग्वे ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की। टीम ने तीन मिनट के अंदर दो गोल कर स्कोर बराबर कर लिया। इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट जबकि मिलाग्रोस सेगल ने 57वें मिनट गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत ने अपना संयम बनाए रखा और गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने लगातार तीन गोल किए, जबकि उरुग्वे को केवल एक ही गोल करने का मौका मिला। भारत अब सोमवार को मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगा।

# पीएसजी पहली बार बना चैंपियंस लीग का चैंपियन

**म्यूनिख, एजेंसी**

पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने डिजायर डोए के दो गोल की मदद से शनिवार को यहां खेले गए एकतरफा फाइनल में इंटर मिलान को 5-0 से करारी शिकस्त देकर पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता चैंपियंस लीग का खिताब जीता। पीएसजी ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और इंटर के समर्थकों को आखिरी सिटी बजने से पहले ही स्टेडियम छोड़ने के लिए मजबूर किया।

पीएसजी की तरफ से डोए ने 20वें और 63वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा अचरफ हकीमी (12वें), ख्विचा क्वारात्सखेलिया (73वें) और स्थानापन्न सेनी मायुलु (86वें) ने एक एक गोल करके पीएसजी की रिकॉर्ड जीत सुनिश्चित की। यह पिछले 70 वर्षों में चैंपियंस लीग के फाइनल में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है।

पीएसजी के कोच लुई एनरिक ने कहा अब हमारे पास चैंपियंस लीग की ट्रॉफी है। जब मैं पीएसजी से जुड़ा था तो मैंने पहले दिन ही कहा था कि हमारा लक्ष्य चैंपियंस लीग का खिताब जीतना है। यह एकमात्र ट्रॉफी थी जिसे हम अभी तक नहीं जीत पाए थे। यह वह ट्रॉफी थी जो लियोनेल मेस्सी, नेमार या किलियन एमबाप्पे भी फ्रांस के इस क्लब को नहीं दिला पाए थे। इससे पहले पीएसजी 2020 में चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब वह बायर्न म्यूनिख से हार गया था, जिसके बाद नेमार लिस्बन के खाली स्टेडियम में रो पड़े थे। कोरोना महामारी के कारण तब यह मैच खाली स्टेडियम में खेला गया था। लेकिन इस बार माहौल पूरी तरह से भिन्न था। पीएसजी के हजारों समर्थक स्टेडियम में मौजूद थे। वे झंडे लहरा रहे थे, पटाखे जला रहे थे और अपने प्रतिद्वंद्वियों इंटर के समर्थकों का शोरगुल दबा रहे थे, जिनमें से कई समर्थक अंतिम सीटी बजने से काफी पहले ही स्टेडियम से चले गए थे। पीएसजी के समर्थक पूरे दिन म्यूनिख की सड़कों पर पार्टी करते रहे, लेकिन वह उस खुशी के दृश्य की तुलना में कुछ भी नहीं था, जब कप्तान मार्क्विनहोस ने ट्रॉफी को अपने हाथों में उठाया और उनके पीछे आतिशबाजी और सुनहरे कंफेद्दी हवा में उड़ रहे थे।


चैंपियंस लीग जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते पीएसजी के खिलाड़ी। • एजेंसी

## फ्रांस में चैंपियंस लीग के जश्न में दो प्रशंसकों की मौत

**पेरिस :** पेरिस सेंट जर्मेन की चैंपियंस लीग फुटबॉल में ऐतिहासिक जीत के बाद देश भर में जश्न में दो प्रशंसकों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी कोमा में चला गया है। फ्रेंच अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

म्युनिख में शनिवार की रात हुए मैच के बाद पीएसजी की स्ट्रीट पार्टी में डैक्स में एक 17 वर्ष के युवक की चाकू घोपकर हत्या कर दी गई। वहीं पेरिस में पीएसजी की जीत के जश्न के दौरान स्कूटर कार से टकराने में एक युवक की मौत हो गई। फ्रांस में आतिशबाजी में एक पटाख एक पुलिस अधिकारी को लगा जिससे वह कोमा में चला गया है। पेरिस में 201 लोग घायल हुए हैं।

# नेपाल में राजशाही समर्थकों का प्रदर्शन पूर्व उप प्रधानमंत्री और अन्य गिरफ्तार

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री कमल थापा और आधा दर्जन अन्य लोगों को रविवार को काठमांडू में राजशाही समर्थक प्रदर्शन के दौरान प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।

राजशाही को बहाल करने और नेपाल को हिंदू देश के रूप में स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) और आरपीपी सहित राजशाही समर्थक समूहों ने आंदोलन के चौथे दिन नारायण चौर में विरोध प्रदर्शन किया। काठमांडू घाटी पुलिस के प्रवक्ता अपिल बोहोरा ने बताया कि आरपीपी अध्यक्ष और राजशाही के कट्टर समर्थक राजेंद्र लिंगडेन प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे और जब लोगों ने सुरक्षा घेरा तोड़कर प्रधानमंत्री आवास बलुवाटर की ओर बढ़ने की




कोशिश की तब उनका पुलिस के साथ झड़प हो गई। बोहरा ने कहा कि थापा और अन्य को नारायणहिती महल संग्रहालय क्षेत्र के आसपास प्रतिबंधित क्षेत्र का उल्लंघन करने के लिए गिरफ्तार किया गया। 1,200 लोगों ने गणतंत्र प्रणाली के खिलाफ और राजशाही के पक्ष में नारे लगाते हुए प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

### काठमांडू में प्रदर्शनों पर लगी रोक

नेपाल सरकार ने राजशाही समर्थकों के आंदोलन के मद्देनजर रविवार को काठमांडू के अधिकांश हिस्सों में विरोध प्रदर्शनों पर रोक लगाने की घोषणा की। काठमांडू जिला प्रशासन कार्यालय ने बताया कि काठमांडू रिंग रोड क्षेत्र के तीन स्थानों– कोटेश्वर, बल्खू और सिफाल मैदान को छोड़कर अन्य स्थानों पर धरना, अनशन, विरोध, सार्वजनिक समारोह और प्रदर्शन प्रतिबंधित होगा। अधिसूचना के मुताबिक यह पाबंदी दो जून से दो महीने तक प्रभावी रहेगी। यह प्रतिबंध प्रदर्शनकारियों द्वारा व्यापारिक गतिविधियों और परिवहन सेवाओं में संभावित व्यवधान से बचने को लगाया गया है। यह अधिसूचना जिला प्रशासन के कार्यक्रमों पर प्रभावी नहीं होगी।

# विधायकी पर भारी अपराध

भारतीय लोकतंत्र में राज्य सरकारों के लिए विधायकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन ऐसे विधायकों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिनको संविधान के प्रावधानों के कारण सदस्यता गंवानी पड़ी है। इनमें ज्यादातर की सदस्यता आपराधिक मामलों की वजह से गई है। सदस्यता समाप्ति का उद्देश्य लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखना और जनप्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाना है। यह प्रक्रिया राजनीतिक शुचिता, नैतिक आचरण, और संवैधानिक मर्यादाओं की रक्षा के लिए बेहद आवश्यक मानी जाती है। संविधान के अनुच्छेद 190 और 191, दसवीं अनुसूची (दलबदल कानून) और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में इनका उल्लेख है। किसी विधायक की सदस्यता समाप्त करने का निर्णय विधानसभा अध्यक्ष या संसद के स्पीकर द्वारा लिया जाता है, लेकिन यह निर्णय न्यायिक जांच के दायरे में भी आता है।



### इन कारणों से समाप्त होती है सदस्यता

- **इस्तीफा देने की स्थिति :** कोई विधायक स्वेच्छा से इस्तीफा देता है, तो विधानसभा अध्यक्ष उस इस्तीफे की स्वीकृति के बाद उसकी सदस्यता समाप्त कर सकते हैं।
- **अयोग्यता :** संविधान का अनुच्छेद 191 बताता है कि कोई व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त, लाभ के पद पर हो या कानूनन अयोग्य हो।
- **दलबदल कानून :** यदि कोई विधायक अपने दल के विरुद्ध मतदान करता है या स्वेच्छा से पार्टी छोड़ देता है, तो विस अध्यक्ष उसकी सदस्यता समाप्त कर सकता है।
- **आपराधिक दोषसिद्धि :** जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अनुसार किसी अपराध में दो साल या उससे अधिक की सजा होती है, तो सदस्यता स्वतः समाप्त हो जाती है।
- **लगातार अनुपस्थिति :** यदि कोई विधायक बिना अनुमति के 60 दिनों तक विधानसभा की बैठकों में अनुपस्थित रहता है, तो भी उसकी सदस्यता समाप्त की जा सकती है।

### 45% विधायकों पर आपराधिक मामले

- एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 4,092 विधायकों में से 1,861 (लगभग 45%) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जिनमें से 1,205 पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं। सदस्यता समाप्ति के ज्यादातर मामले में आपराधिक मामलों में दोषसिद्धि के कारण ही हुए हैं। कई और विधायकों पर संगीन आपराधिक मामले हैं, हालांकि न्यायिक प्रक्रिया की धीमी गति की वजह से उनकी सदस्यता बनी हुई है।

### 18वीं विधानसभा में गई 6 की विधायकी

- उत्तर प्रदेश विधानसभा की वेबसाइट के अनुसार 18वीं विधानसभा में राज्य के अन्य अयोग्य विधायक समाजवादी पार्टी के आजम खान, इसी पार्टी के उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान और हाजी इरफान सोलंकी और भाजपा के विक्रम सिंह और रामदुलार हैं। सदस्यता गंवाने वाले सुभासपा के अब्बास अंसारी इनमें छठे विधायक हैं।

### 17वीं विधानसभा में तीन हुए थे अयोग्य

- 17वीं विधानसभा में उन्नाव के बांगरमऊ से भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को बलात्कार के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद अयोग्य घोषित किया गया था। अयोध्या के गोसाईगंज से भाजपा विधायक इंद्र प्रताप तिवारी भी आपराधिक मामले के चलते अयोग्य घोषित हुए थे। हमीरपुर के भाजपा विधायक अशोक चंदेल की विधायकी हत्या के एक मामले में उम्रकैद होने के बाद चली गई थी।

## एक नजर

### धूल भरी आंधी में फंसा इंडिगो का विमान

**नई दिल्ली।** रायपुर से दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट को उस समय बड़ी परेशानी हुई, जब वह दिल्ली एयरपोर्ट के पास पहुंचते ही तेज धूल भरी आंधी में फंस गई। इस खराब मौसम और 80 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज हवाओं के कारण विमान को लैंडिंग से ठीक पहले वापस उड़ान भरना पड़ा। दिल्ली में धूल भरी तेज आंधी से रनवे पर विजिबिलिटी काफी कम हो गई। पायलट ने ऐसे में वापस उड़ान भरने का फैसला किया। पायलट ने कई बार हवाई अड्डे के आस-पास चक्कर लगाए। वहीं मौसम सामान्य होने पर पायलट ने विमान को सुरक्षित दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारा।

### जर्मनी: अस्पताल में लगी आग, 3 की मौत, 50 झुलसे

**बर्लिन।** उत्तरी जर्मन शहर हैम्बर्ग के होहेनफेल्ड जिले में अस्पताल में शनिवार रात आग लगने से तीन मरीजों की मौत हो गई और 50 से अधिक अन्य झुलस गये। स्थानीय अधिकारियों ने आज इस घटना की पुष्टि की। हैम्बर्ग अग्निशमन विभाग के अनुसार इस हादसे में दो मरीजों की मौत हो गयी जबकि दो की हालत गंभीर है।

### फ्रांस: जीतने की खुशी मनाने के दौरान दो की मौत

**पेरिस।** यूरोप का सबसे बड़ी पुरस्कार राशि वाली फुटबॉल प्रतियोगिता चैंपियंस लीग में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के दौरान फ्रांस में दो प्रशंसकों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी कोमा में चला गया। राष्ट्रीय पुलिस सेवा ने बताया कि शनिवार रात म्यूनिख में हुए फाइनल के बाद पीएसजी स्ट्रीट पार्टी के दौरान डैक्स शहर में 17 वर्षीय एक लड़के की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई।

### तुर्की-पाकिस्तान सीमा पर आईएस सरगना हिरासत में

**अंकारा।** कुख्यात आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट( आईएस-रूस में प्रतिबंधित) के सरगना को गुप्त खुफिया अभियान के दौरान पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर हिरासत में लिया गया। तुर्की की सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। तुर्की और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के अभियान में ओजगुर अल्तुन को पकड़ा गया, जो आईएस मीडिया और रसद का प्रभारी है। तुर्की राष्ट्रीय खुफिया संगठन (एमआईटी) ने तुर्की के खिलाफ आईएस की साजिशों तथा आतंकवादी अभियानों को विफल किया है।

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद को बर्दाश्त न करने की लक्ष्मण रेखा

## शांगरी-ला डायलॉग के दौरान सीडीएस जनरल चौहान ने रखा भारत का पक्ष

सिंगापुर, एजेंसी

भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष से बढ़े तनाव के बीच दोनों देशों के शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने सिंगापुर में 'शांगरी-ला डायलॉग' के दौरान अपने-अपने विचार साझा किए। 'शांगरी-ला डायलॉग' को एशिया के प्रमुख रक्षा मंच के रूप में जाना जाता है।

चैनल न्यूज एशिया ने रविवार को बताया कि शुक्रवार से रविवार तक आयोजित शीर्ष वैश्विक रक्षा मंच की बैठक में दोनों पड़ोसियों के बीच लंबे समय से जारी तनाव ने ध्यान आकृष्ट किया। भारत ने अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए घातक हमले के लिए पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों पर आरोप लगाया, जबकि पाकिस्तान ने इसमें किसी भी संलिप्तता से इन्कार किया। दोनों देशो के कुछ शीर्ष जनरल शनिवार दोपहर शांगरी-ला डॉयलाग के दौरान पड़ोसी सम्मेलन कक्षों में बैठे और रक्षा नवाचार समाधानों से लेकर क्षेत्रीय संकट-प्रबंधन तंत्रों तक के विषयों पर एक साथ चलने वाले



सत्रों में हिस्सा लिया।

भारतीय सशस्त्र बलों के रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने राजनीतिक रूप से जो किया है, उसने आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करने को लेकर एक नई लक्ष्मण रेखा खींच दी है। मुझे उम्मीद है कि यह विशेष ऑपरेशन, जो सैन्य क्षेत्र के अंतर्गत आता है, हमारे विरोधियों के लिए भी सबक है। वे सबक लेंगे कि यह भारत की सहनशीलता की सीमा है। हम दो दशकों से इस छद्म युद्ध का सामना कर रहे हैं और हमने बहुत से लोगों को खो दिया है, हम इसे समाप्त करना चाहते हैं। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ढांचों को नष्ट करने के लिए सात मई की सुबह ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। पाकिस्तानी हमलों के बाद की सभी जवाबी कार्रवाई इसी ऑपरेशन के तहत की गईं। भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिवसीय सैन्य संघर्ष 10 मई को समाप्त हुआ।

हाल की शत्रुता के तहत दोनों पक्ष हथियारों से शब्दों की ओर बढ़ गए हैं, भारत ने 30 से अधिक राजधानियों का दौरा करने के लिए कई प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं। पाकिस्तान द्वारा इसी तरह का प्रयास दो जून से किया जाना है। चैनल में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भी थे, जिसने सिंगापुर में रुकने के दौरान पूर्वी और दक्षिण पूर्व एशिया का दौरा किया था। पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद इस विचार से सहमत थे कि यह प्रयास अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा, यह एक तरह से नवाचार है। और तथ्य यह है कि सुरक्षा परिषद के सभी सदस्यों और सुरक्षा परिषद के संभावित सदस्यों के लिए दुनिया भर में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल हैं।

### संघर्ष का समाधान न निकाले जाने पर यह विनाशकारी हो सकता है : पाकिस्तानी जनरल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य जनरल ने संघर्ष पर काबू पाने के बजाय इसका समाधान निकालने की आवश्यकता पर जोर दिया और आगाह किया कि ऐसा न करने पर संघर्ष विनाशकारी हो सकता है। रविवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। डॉन समाचार पत्र के अनुसार, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (सीजेसीएससी) के प्रमुख जनरल साहिर शमशाद मिर्जा ने शनिवार शाम सिंगापुर में एशिया के प्रमुख रक्षा मंच शांगरी-ला डायलॉग में यह टिप्पणी की। रीजनल क्राइसिस-मैनेजमेंट मैकेनिज्म्स विषय पर परिचर्चा के दौरान मिर्जा ने कहा, संघर्ष पर काबू पाने से आगे बढ़कर संघर्ष के समाधान की ओर बढ़ना अनिवार्य हो गया है। इससे स्थायी शांति सुनिश्चित होगी। दक्षिण एशिया में स्थायी शांति के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप कश्मीर (मुद्दे) का शीघ्र समाधान आवश्यक है।

### सऊदी ने बिना अनुमति हज को पहुंचे मुसलमानों को रोका

**मक्का।** सऊदी अरब ने वार्षिक हज यात्रा के लिए बिना अनुमति वाले 2,69लाख से अधिक लोगों को मक्का में प्रवेश करने से रोक दिया है। सरकार हज में भीड़भाड़ के लिए अनधिकृत यात्रियों को दोषी ठहराती है। सरकार ने कहा है कि पिछले साल की भीषण गर्मी में मरने वालों में बड़ी संख्या अनधिकृत रूप से आने वाले लोगों की थी। आधिकारिक तौर पर मक्का में वर्तमान में 14 लाख मुसलमान पहुंच चुके हैं, और आने वाले दिनों में और भी अधिक लोगों के आने की उम्मीद है। बिना अनुमति हज करने वाले किसी भी व्यक्ति को 5,000 डॉलर तक का जुर्माना और निर्वासन जैसे अन्य दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बिना अनुमति वाले 2,69,678 मुसलमानों को शहर में प्रवेश करने से रोक दिया है।

### झूम उठा शिमला



शिमला ग्रीष्मोत्सव 2025 की धूमधाम भरी शुरुआत रविवार को हुई, जब शहर के ऐतिहासिक रिज मैदान पर पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी महिलाओं ने रंग-बिरंगे लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी। हिमाचली संस्कृति की जीवंत झलक पेश करते इन नृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एजेंसी

# हसीना पर कई अपराधों के लगे आरोप

ढाका, एजेंसी



- पूर्व प्रधानमंत्री पर उनकी अनुपस्थिति में शुरू किया जाएगा मुकदमा

बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और दो अन्य व्यक्तियों को पिछले वर्ष छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को हिंसक रूप से दबाने में उनकी कथित भूमिका के लिए सामूहिक हत्या सहित कई अन्य आरोपों को लेकर अभ्यारोपित किया। रविवार की कार्यवाही का मतलब है कि हसीना के खिलाफ उनकी अनुपस्थिति में मुकदमा शुरू किया जाएगा। यह कार्यवाही विरोध प्रदर्शनों के बाद हसीना सरकार के सत्ता से हटने के 10 महीने बाद शुरू हुई।

न्यायमूर्ति गुलाम मुर्तुजा मजूमदार की अध्यक्षता में आईसीटी की तीन सदस्यीय पीठ कहा, हम आरोपों को संज्ञान में लेते हैं। पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब अभियोजन पक्ष की टीम द्वारा औपचारिक रूप से आरोपियों पर क्रूर बल का प्रयोग करके प्रदर्शनों को नियंत्रित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। न्यायाधिकरण ने अभ्यारोपित करने की कार्यवाही 145 पृष्ठों के अभियोग पत्र पर सुनवाई करने के बाद शुरू की और हसीना तथा तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल के खिलाफ एक नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

### जमात ए-इस्लामी पार्टी को किया बहाल

बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को चुनाव आयोग को दक्षिणपंथी जमात-ए-इस्लामी पार्टी का पंजीकरण बहाल करने का आदेश दिया। अंतरिम सरकार द्वारा इस पर प्रतिबंध हटाने के आठ महीने बाद, न्यायालय ने चुनावों में इसकी भागीदारी का रास्ता साफ कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश सैयद रफात अहमद की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायालय की अपीलीय शाखा ने आयोग को पार्टी का पंजीकरण बहाल करने का निर्देश दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यह चुनाव आयोग को तय करना है कि जमात अपने पारंपरिक तराजू चुनाव चिह्न का उपयोग करके चुनाव लड़ सकती है या नहीं।

### भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री बनेंगे शुभांशु

**नई दिल्ली।** भारत के शुभांशु शुक्ला एक्सिओम स्पेस के चौथे वाणिज्यिक मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अपनी पहली अंतरिक्ष उड़ान के लिए तैयार हैं। एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) आठ जून को फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जाना है।

ड्रैगन अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण फ्लोरिडा स्थित नासा के अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय समयानुसार शाम 6:41 बजे से पहले नहीं होगा। इस प्रक्षेपण के साथ ही शुक्ला चार दशक बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बन जाएंगे। राकेश शर्मा ने 1984 में रूस के सोयूज अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष की यात्रा की थी।

# पाकिस्तान आतंकवाद को दे रहा बढ़ावा, ग्रे लिस्ट में डालें : ओवैसी

## बोले- पाकिस्तानी जेल में बंद आतंकी लखवी पिता बन गया, इतनी ढील



अल्जीयर्स, एजेंसी

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम ) के प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को समर्थन देने का आरोप लगाया। वह अल्जीरिया के दौरे पर हैं, जहां वह भारत के आतंकवाद-विरोधी सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं।

ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान की जेल में बंद कुख्यात आतंकी जकीउर रहमान लखवी कैद के दौरान पिता बन गया, जो यह दर्शाता है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को कितनी ढील देता है। किसी भी जिम्मेदार देश में आतंक के आरोपों में बंद व्यक्ति को ऐसी छूट नहीं दी जाती। ओवैसी ने कहा कि जब पाकिस्तान फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में आया, तभी लखवी के खिलाफ मुकदमा बढ़ा। उन्होंने एफएटीएफ और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान को दोबारा ग्रे लिस्ट में डालने की मांग की ताकि आतंकवाद पर लगाम लगाई जा सके।

उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्दोष लोगों की हत्या इस्लाम की शिक्षा के खिलाफ है और पाकिस्तान अब 'तकफीरवाद' का अड्डा बन चुका है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों की विचारधारा आईएसआईएस और अल-कायदा जैसी संगठनों से मेल खाती है, जो धर्म के नाम पर हिंसा को सही ठहराती है, जबकि इस्लाम इसकी इजाजत नहीं देता। प्रतिनिधिमंडल में बैजयंत पांडा, निशिकांत दुबे, फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला हैं। यह दल सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया का दौरा कर रहा है।

### सांसदों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा ब्रिटेन और स्पेन

**लंदन/मैड्रिड।** भारतीय सांसदों का प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का संदेश लेकर रविवार को लंदन और स्पेन पहुंचा। लंदन पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रविशंकर प्रसाद कर रहे हैं और स्पेन पहुचे प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व द्रमुक सांसद कनिमोई करुणानिधि कर रही हैं। लंदन गया प्रतिनिधिमंडल ब्रिटेन की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान 'हाउस ऑफ कॉमन्स' के अध्यक्ष लिंडसे होयले, हिंद-प्रशांत के लिए ब्रिटेन के विदेश कार्यालय मंत्री कैथरीन वेस्ट, सांसदों, थिंक टैंक और भारतीय समुदाय से बातचीत करेगा। वहीं स्पेन गया प्रतिनिधिमंडल वहां के नेताओं, अधिकारियों, भारतीय प्रवासियों से मुलाकात करेगा तथा आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने को लेकर भारत के नजरिए से उन्हें अवगत कराएगा।

# संघर्ष समाप्त करने का अंतिम निर्णय रूस और यूक्रेन को लेना है: अमेरिका



- अमेरिकी प्रवक्ता ब्रूस बोलीं- दोनों पक्षों के बीच बातचीत की दी सुविधा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा है कि अमेरिका ने रूस और यूक्रेन को बातचीत की मेज पर बैठाने के लिए काम किया है, लेकिन संघर्ष को कैसे समाप्त किया जाए, इसका फैसला उन पर निर्भर है।

ब्रूस ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वार्ता पर अपने विचारों के बारे में सार्वजनिक रूप से कहा है, जिस पर वह टिप्पणी नहीं कर सकती हैं, लेकिन समझौते की शर्तें अंततः यूक्रेन और रूस के बीच निर्धारित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने दोनों पक्षों के बीच बातचीत की सुविधा दी है, जो अमेरिकी जरूरतों से अवगत थे, लेकिन परिणाम उन पर निर्भर करेगा। अमेरिका नहीं चाहता कि रूस-यूक्रेन वार्ता महीनों और सालों तक खिंचे, क्योंकि हर दिन मायने रखता है।

### पुतिन युद्ध को आगे बढ़ाने की कर रहे तैयारी

**पेरिस।** अमेरिका के दो वरिष्ठ सांसदों ने रविवार को आगाह करते हुए कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शांति वार्ता को रोक कर यूक्रेन पर एक नए आक्रमण की तैयारी कर रहे हैं। दो सप्ताह इस युद्ध के भविष्य को आकार दे सकते हैं, जिससे पहले से ही कई शहर तबाह हो चुके हैं, लाखों लोग विस्थापित हुए हैं। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद लिंडसे ग्राम और डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद रिचमंड ब्लूमेंथल ने पेरिस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात के बाद यह बात कही।

### रूस का यूक्रेन के सैन्य केंद्र पर हमला, 12 की मौत

**कीव।** रूस द्वारा यूक्रेन के सैन्य प्रशिक्षण केंद्र पर रविवार को मिसाइल से किये गए हमले में कम से 12 यूक्रेनियाई सैनिक मारे गए जबकि 60 से अधिक घायल हुए हैं। यूक्रेन की थलसेना ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। हमला अपराह्न 12 :50 बजे हुआ। उसने दावा किया कि हमले के समय कोई सैन्य तैयारी नहीं हो रही थी। यूक्रेन की थलसेना ने बताया कि हमले की परिस्थितियों का पता लगाने के लिए एक जांच आयोग का गठन किया गया है, जिसमें इतने कर्मी हताहत हुए हैं। यूक्रेन का यह प्रशिक्षण केंद्र अग्रिम मोर्चे से 1,000 किलोमीटर दूर है। इस स्थान को रूस के टोही और हमलावर ड्रोन निशाना बनाने में सक्षम हैं।

### इजराइली गोलीबारी से गाजा में 31 की मौत, 69 घायल

**गाजा।** खाद्य सामग्री लेने के लिए सहायता केंद्र जाते समय 31 लोगों की मौत हो गई और 69 से अधिक घायल हो गए। स्वास्थ्य अधिकारियों और कई प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजराइली बलों ने इजराइल समर्थित संस्था द्वारा संचालित सहायता स्थल से एक किलोमीटर दूर भीड़ पर गोलीबारी की। सेना ने कहा कि उसे मानवीय सहायता वितरण स्थल के भीतर इजराइली सेना की गोलीबारी से हुई हानि के बारे में जानकारी नहीं है। मामले की अभी समीक्षा की जा रही है। गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा सहायता आपूर्ति का वितरण किए जाने के दौरान अराजकता की स्थिति रही है। इजराइली सैनिकों ने वितरण स्थलों के पास भीड़ पर गोलीबारी की।

चिंताजनक | उपयोगकर्ताओं को अभूतपूर्व रफ्तार से उच्च जोखिम वाले जुए में खींच रहे

# लालच देकर नाबालिगों को लक्ष्य बनातीं अवैध साइट

- रिपोर्ट के अनुसार, ये मंच, 28% जीएसटी व टीडीएस से मुक्त हैं
- अवैध मंचों में वार्षिक जमा राशि 100 अरब डॉलर के करीब

नई दिल्ली, एजेंसी

अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच पर आने वाले आक्रामक वित्तीय प्रोत्साहन और रैपिड-फायर (तत्काल सवाल-जवाब आधारित) सट्टेबाजी उत्पाद, नाबालिगों और कमजोर उपयोगकर्ताओं को अभूतपूर्व रफ्तार से उच्च जोखिम वाले जुए में खींच रहे हैं। इससे ये लोग इन सट्टेबाजी के आदी बन रहे हैं।

एक रिपोर्ट से पता चलता है कि ये मंच, वैध संचालकों द्वारा लगाए जाने वाले 28 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) से मुक्त हैं, जो



उपयोगकर्ताओं को अधिक आकर्षक भुगतान और विनियमित साइट पर प्रतिबंधित तत्काल हार-जीत वाले गेम के साथ लुभाते हैं। रिपोर्ट का अनुमान है कि इन अवैध मंचों में वार्षिक जमा राशि 100 अरब डॉलर के करीब है।

सीयूटीएस इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट 'फिक्सिंग द ऑड्सः ए पॉलिसी ब्लूप्रिंट फॉर कर्बिंग इलिगल ऑनलाइन गैंबलिंग इन इंडिया' से पता चला है कि अवैध जुआ संचालक युवा वयस्कों, उच्च खर्च करने वालों और विशेष रूप से जुए के नुकसान के प्रति संवेदनशील व्यक्तियों को लक्षित करने के लिए नियामकीय खामियों का फायदा उठा रहे हैं। सीयूटीएस इंटरनेशनल के विश्लेषण के अनुसार, केवल एक वर्ष में शीर्ष 15 अवैध जुआ मंच और उनकी 'मिरर' (वैसी ही दिखने वाली) साइट पर 5.4 अरब से अधिक लॉग-इन हुए, जो समस्या के पैमाने को रेखांकित करता है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च, 2025 के लिए परीमैच की ट्रैफिक हिस्सेदारी अमेजन.इन, विकीपीडिया.ओआरजी, गूगल.को.इन, एक्स.कॉम, हॉटस्टार.कॉम, फ्लिपकार्ट.कॉम, लिंक्डइन.कॉम, कोरा.कॉम और रेडिट.कॉम जैसे व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले मंच से भी आगे निकल गई।

### जांच के बाद 357 साइट की गईं ब्लॉक

रिपोर्ट कहती है, अप्रैल, 2024 और मार्च, 2025 के बीच कुल ट्रैफ़िक का 66 प्रतिशत से अधिक (3 .5 अरब से अधिक विज़िट) प्रत्यक्ष ट्रैफ़िक के माध्यम से है। इसका अर्थ है कि उपयोगकर्ता मैन्युअल रूप से यूआरएल दर्ज कर रहे हैं, बुकमार्क का उपयोग कर रहे हैं, या निजी चैनल से लिंक कॉपी कर रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने 22 मार्च, 2025 को विदेशी ऑनलाइन इकाइयों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई की घोषणा की थी, जिसमें 700 की जांच की जा रही है। अबतक, 357 अवैध या गैर-अनुपालन वाली वेबसाइट/यूआरएल को ब्लॉक किया गया है और अन्य मजबूत पहल के अलावा 2,000 बैंक खातों पर भी रोक लगाई गई है।